जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश प्रत्युष रावत व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। पीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान इस याचिका पर आदेश दिया था कि पुष्टाहार की आपूर्ति के सम्बंध में यदि किसी टेंडर को अंतिम रूप दे दिया गया है, तो उस पर कोर्ट की अनुमति के बिना अमल नहीं किया जाएगा। पीठ ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 व सक्षम आंगनबाड़ी पोषण नियम, 2022 के अनुपालन की जानकारी मांगी थी। पूछा था कि गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं तथा छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को जो पुष्टाहार दिया जा रहा है, वह प्राविधानों के अनुरूप है अथवा नहीं। 11 नवंबर को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से बताया गया था कि प्राविधानों का बगैर सख्ती से पालन किए राज्य सरकार के अधिकारियों ने पुष्टाहार आपूर्ति का टेंडर जारी करने के सम्बंध में प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीठ ने इस पर आदेश दिया कि यदि टेंडर को अंतिम रूप दे दिया गया है, तो उस पर कोर्ट की अनुमति के बिना अमल नहीं किया जाएगा।

# समाज को नदी की तरह निरंतरता बनाये रखने के लिए सदैव बहते रहना चाहिए: न्यायमूर्ति राजीव सिंह

●यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ में 75 वें संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का समापन समारोह सम्पन्न हुआ । समापन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजीव सिंह, इलाहाबाद हाइकोर्ट, लखनऊ-बेन्च, लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरूण एवं मुख्य सूचना आयुक्त आरके विश्वकर्मा थे ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने कहा कि समाज को नदी की तरह बहते रहना चाहिए यदि उसमें निरन्तरता बनी रहेगी तो दो किनारे समानांतर चलते रहेंगे, समस्या आने अथवा नदी के जैसे सूख जाने पर किनारे समाप्त हो जाते हैं और किनारों का अस्तित्व समाप्त हो जाता है । इस तरह जब समाज में अपराध की स्थिति बढ़ती है तब समाज की दशा खराब हो जाती है । उन्होंने छात्रों एवं सभागार में उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के गणमान्यों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के अनुभव एवं कुछ केस स्टडी को भी साझा किया

इस अवसर पर मंत्री समाज कल्याण असीम अरुण ने संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन की बधाई दी एवं कहा कि इस संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने स्वयं को एक ग्लोबल एक्सपर्ट के रूप में तैयार किया है । डॉ. गोस्वामी मात्र उत्तर प्रदेश अथवा भारत के विषय विशेषज्ञों के रूप में नहीं जाने जाते हैं बल्कि इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है ।

अरूण ने यह भी कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प भारत को विकसित करने का है, हम भारत को 'विकसित भारत' कैसे बना सकते हैं, इस पर हमें लगातार विचार करना होगा । जब तक हम अपनी विशेषज्ञता नहीं बढ़ाएंगे, तब तक हम विकसित कैसे हो सकते हैं । यह संस्थान प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान हैं । उन्होंने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि मंच पर आज पूर्व डीजीपी आरके विश्वकर्मा उपस्थित है, जिन्होंने कभी इस संस्थान का बीज बोया था, जिसे डॉ. गोस्वामी संस्थापक निदेशक के रूप में सींच रहे हैं । हमें अपराधियों से आगे तकनीकी का उपयोग करने की विशेषज्ञता हासिल करनी होगी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आरके विश्वकर्मा, मुख्य सूचना आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में फॉरेन्सिक से सम्बन्धित कमियों को यह संस्थान निश्चित रूप से दूर करेगा । हमें याद है कि जब मैं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ ने मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों की संस्तुति पर हमें न्यूयार्क पुलिस के फारेन्सिक लैब के देखने के लिए भेजा था, जिसे देखकर उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु भी इस तरह के फॉरेन्सिक लैब की परिकल्पना की गयी थी, जिसे आज मैं पूर्ण होते देख रहा हूँ । उन्होंने कहा कि हमारे विवेचकों को और अधिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जो साइबर सिक्योरिटी एवं साइबर अपराध के प्रकरणों को गहनता से समझ कर उनका निराकरण कर सकें । मेरा विश्वास है कि यह संस्थान शीघ्र ही विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित होगा । उन्होंने अपने मीरजापुर और बदायूँ में साइबर फ्रॉड के दो घटनाओं का भी जिक्र किया। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक, डॉ जीके गोस्वामी ने समस्त मंचासीन अतिथिगणों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कहा कि यह संस्थान शीघ्र ही भारत वर्ष को

एफएएएस के रूप में स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा । निश्चित रूप से आने वाला समय एफएएएस का ही है, जिसके लिए हमें सतत् रूप से तैयार रहना होगा।

कार्यक्रम के अन्त में जनसम्पर्क अधिकारी संतोष तिवारी द्वारा लिखित नाटक 'बड़े धोखें हैं, इस राह में' का छात्र-छात्राओं ने मंचन किया। नाटक के माध्यम से छात्र एवं छात्राओं ने साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों पर जागरूकता प्रदान किया ।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन राजीव मल्होत्रा, अपर निदेशक ने किया । कार्यक्रम में चिरंजीव मुखर्जी, उपनिदेशक. अतुल कुमार यादव, प्रशासनिक अधिकारी, बृजेश सिंह, डॉ रोशन सिंह, डॉ सौरभ यादव. डा. श्रुति दासगुप्ता, चन्द्र मोहन सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## सिंधी पंचायत ने 110 सिनियर सिटीजन के आयुष्मान कार्ड बनवाए



**लखनऊ।** सिंधी पंचायत इंदिरा नगर द्वारा वैष्णवी कम्युनिकेशन प्रवीण के सौजन्य से एक शिविर लगाया गया। सिंधी भवन इंदिरानगर में लगाए गए कैंप में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक इंदिरानगर व आस पास के सिंधी समाज के लोगों ने जिनकी उम्र 70 के ऊपर रही, काफी संख्या में पहुंचे। हंस राज राजपाल और राजकुमार जसवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि आज 110 सीनियर सिटीजन ने केंद्र सरकार की आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की योजना का लाभ उठाया और सरकार के प्रति खुशी जाहिर की है। इस कैंप में हंसराज राजपाल, राजकुमार जसवानी, सतीश लखमानी, मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन मेघानी, बिरजलाल सावलानी, श्याम लाल मंध्यान, वाशदेव जसवानी, बिरजलाल सहता, श्यामदेव, सहित अन्य मौजूद रहे।

# द्वितीय परिसर में दौड़ प्रतियोगिता से हुई संस्कृति सुरभि की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चल रहे खेलों के महाकुम्भ संस्कृति सुरभि के दूसरे दिन बुधवार को भी छात्रों में काफी चहल-पहल रही। सुबह सात बजे दौड़ प्रतियोगिता के साथ ही प्रतिस्पर्धाओं के दंगल संस्कृति-सुरभि की शुरूआत हुई। जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर के खेल-परिसर में सुबह से ही प्रतियोगी एकत्रित हो रहे थे।

प्रतियोगिताओ के दंगल में आज हिंदी और अंग्रेजी भाषा में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे 120 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं जमकर अपनी वाक-कौशल का पर्दशन किया। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक विधि संकाय के प्रोफेसर डा कौशलेन्द्र सिंह और प्रो. शशिप्रभा ने किया। वही प्रोफेसर कुलवंत सिंह और प्रो. रुपम लाल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। प्रोफेसर कौशलेन्द्र सिंह प्रतिभागियों के प्रयास से काफी प्रसन्न दिखे एवं अपने सम्बोधन में कहा कि जीवन में वाक कौशल का एक अलग महत्व है, जो हमें धैर्य और संतुलन सिखाती है। साथ ही कहा की ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के मेधा एवं तर्क-शक्ति कों और सुदृढ़ करती है।

वही ज्यूरिश हाल में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे पचास से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक प्रोज़्ललित श्रीवास्तव रहे। कमेटी के सयोजक देवेश यादव ने बताया कि संस्कृति सुरभि के द्वितीय दिवस में वाद विवाद, सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता,युगल नृत्य, फुटबाल, वालीबाल, दौड़ जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 300 से अधिक छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

आज शिया पीजी कॉलेज, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सिटी लॉ कॉलेज, अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध पीजी कॉलेज सहित लखनऊ के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षणसंस्थानों के बच्चे अपनी अपनी जीत के लिए संघर्षरत दिखे। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के निदेशक प्रो सतीश चंद्र, अध्यक्ष प्रो उग्रसेन वर्मा विधि संकाय अधिष्ठिता प्रो बीडी सिंह, कुलानुशासक प्रो मोहम्मद अहमद,स्पोर्ट्स इंचार्ज अनुराग श्रीवास्तव एवं अन्य प्रोफेसर समय समय पर आयोजन के संबंध में अनुशासन एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गश्त करते रहे। रिपोर्ट लिखे जाने तक खेल मैदान में स्पर्धा जारी थी, जीत-हार का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कमेटी के निदेशक प्रो सतीश चंद्र ने बतया क़ल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कविता पाठ युगल गायन , युगल नृत्य फुटबाल, सहित 8 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन होना निर्धारित है।

# लविवि ने अनाधिकृत कब्जे से मुक्त कराई 1,35,000 वर्ग फिट जमीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर बुधवार को विवि प्रशासन ने अनाधिकृत कब्जे से 1,35,000 वर्ग फिट जमीन मुक्त कराने में सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय द्वारा मुक्त करायी गयी भूमि के सदुपयोग की योजना बनायी जा रही है।

104 वर्ष पुराने एवं लगभग 147 एकड़ जमीन पर लखनऊ शहर के बीच में बने लखनऊ विश्वविद्यालय का नाम देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से है। प्रारम्भ में विश्वविद्यालय में सीमित विषयों का अध्यापन कराया जाता था। परन्तु वर्तमान में विभिन्न संकायों एवं विभागों तथा छात्रों की संख्या में अत्याधिक वृद्धि हुई है। किन्तु विश्वविद्यालय परिसर के स्थान की वृद्धि नहीं हो सकी। बल्कि अनेक आवासीय एवं कार्यालयी भवनों के निकट रिक्त स्थानों पर अस्वीकृत एवं अनियोजित तथा स्वनिर्मित आवासीय संरचनाओं का निर्माण अनेक अवकाश प्राप्त कर्मचारियों व अन्य बाहरी व्यक्तियों द्वारा कर लिये गये थे। साथ ही वे वर्षों से विश्वविद्यालय की जमीन पर काबिज थे। ऐसी स्थिति में परिसर के ऐसे अनाधिकृत कब्जों को चिंहित कर, वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों को नवीन आवासों में स्थानांतरित किया गया तथा अनाधिकृत रूप से रह रहे व्यक्तियों को परिसर से बाहर का रास्ता दिखाते हुए अस्वीकृत तथा अनाधिकृत निर्मित निर्माण को समाप्त करके वर्षों से कब्जा की हुई लगभग 1,35,000 वर्ग फिट भूमि कब्जा मुक्त कराया।

**अंत:वासी छात्र का इंडोनेशिया, जापान और सिंगापुर के लिए चयन**

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह छात्रावास के अंत:वासी बीएससी सेमेस्टर 5 के छात्र भीष्म चौधरी का चयन राष्ट्रीय कैडेट कोर की तरफ से इंडोनेशिया, जापान और सिंगापुर जाने के लिए किया गया है। वर्तमान में वह लखनऊ विश्वविद्यालय का एनसीसी के नवल विंग के कैडेट भी है।

# भाजपा के शासन में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के प्रति हो रहा सौतेला व्यवहार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कन्नौज में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक सड़क दुर्घटना में चार चिकित्सकों समेत पांच लोगों की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में एक्सप्रेस-वे के प्रति सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दुर्घटना के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करते हुए जानमाल के नुकसान को एक दुखद हादसा बताया।

उन्होंने कहा कि हर एक जान अनमोल होती है, लेकिन जान बचाने वाले डॉक्टरों की जान जाना और भी अधिक दुखद घटना है। सपा प्रमुख ने इसी संदेश में आगे कहा, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को यह सोचना चाहिए कि एक्सप्रेस-वे पर अचानक हादसों की संख्या क्यों बढ़ गई है। क्या भाजपा सरकार सपा के समय में बने इस विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे की देखरेख करने की योग्यता और क्षमता नहीं रखती है या फिर जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है।

उन्होंने तंज करते हुए कहा, क्या हाइवे की पुलिसिंग कोने में गाड़ी लगाकर मोबाइल देखने के लिए ही रह गई है? जब मोबाइल से सिर उठाएंगे तब तो देखेंगे कि कौन गलत-सही गाड़ी चला रहा है। क्या स्पीड पर निगाह रखने वाली सीसीटीवी टेक्नोलॉजी केवल चालान काटकर पैसा कमाने के लिए है या चेतावनी देकर जान बचाने के लिए भी है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, क्या जानवरों की आवाजाही के नियंत्रण का कोई भी उपाय सरकार के पास नहीं है, जो सैकड़ों बार हादसों का कारण बन रहे हैं। भाजपा राज में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के प्रति द्वेष भरा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसकी कीमत जनता अपनी जान गंवाकर चुका रही है।

उन्होंने पूछा, सपा के लिए एक्सप्रेस-वे एक बड़ी सोच का ठोस रूप था, जिसका लक्ष्य सुरक्षा के साथ आवागमन-परिवहन को गतिमान बनाकर, बीच के सभी क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था, कृषि और कारोबार को प्रगति और विकास के मार्ग से जोड़ना रहा लेकिन भाजपा के लिए ये केवल करोड़ों का टोल कमाने का जरिया भर बनकर रह गया है। यह टोल कलेक्शन का काम भी प्राइवेट कंपनी को ही दिया गया है, और क्यों दिया गया है, यह समझाने की जरूरत जनता को नहीं है।

यादव ने कहा, अगर सरकार में कोई भी एक जिम्मेदार हो तो जवाब भले न दे पर जनता के जीवन को बचाने के उपाय जरूर करे। प्रदेश में कन्नौज जिले के तिर्वा क्षेत्र में बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराने से उस पर सवार सैफई चिकित्सा विश्वविद्यालय के चार चिकित्सकों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधवार तड़के करीब तीन बजे लखनऊ आगरा-एक्सप्रेसवे पर कन्नौज जिले के तिर्वा थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 196 पर एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क के दूसरी तरफ जा गिरी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

# मोहनलालगंज के 25 हजार घरों में मुफ्त बिजली मुहैया कराएगी पीएम सूर्यघर योजना

संवाददाता। मोहनलालगंज

**सौर** ऊर्जा के जरिए मोहनलालगंज तहसील के 25 हजार घरों को रोशन करने की तैयारी है। जिला प्रशासन ने इसके लिए सभी नगर पंचायत और बीडीओ को टारगेट दे दिया है। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग की टीम भी बिलिंग के दौरान लोगों की दहलीज पर दस्तक देकर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है।

मोहनलालगंज तहसील की नगराम अमेठी गोसाईंगंज और मोहनलालगंज नगर पंचायत को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से आच्छादित करते हुए डीएम सूर्यपाल गंगवार ने 20 हजार घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को सौंपी है। जबकि दोनों ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी को 5 हजार घरों में योजना से सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त बिजली विभाग को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का विद्युत उपभोक्ताओं में व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मुहैया कराने के लिए कहा गया है। अधिशासी अभियन्ता श्रवण कुमार सिंह ने बताया लाइन स्टाफ के जरिए और उपभोक्ताओं के व्हाट्सएप ग्रुप पर पीएम सूर्यघर योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

योजना में दो किलोवाट तक की क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने पर राज्य और केन्द्र सरकार से 75 फीसद और तीन किलोवाट की क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र पर 60 फीसद सब्सिडी दी जा रही है। योजना से प्रतिदिन कई उपभोक्ताओं के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर प्राप्त हो रहे हैं। बिजली बिल की बचत के लिए अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का बढ़ चढ़कर लाभ लेना चाहिए।

# शोधकार्यों में प्रासंगिकता एवं ऐतिहासिक अनुसंधान के उद्देश्यों पर हुई चर्चा



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में बुधवार को 'ऐतिहासिक शोध विधि' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता प्रोफेसर राजशरण शाही, विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष , स्कूल ऑफ़ एजुकेशन, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया।

प्रोफ़ेसर राजशरण शाही ने ऐतिहासिक शोध विधि' की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक विज्ञानों में होने वाले शोधकार्यों में इसकी प्रासंगिकता एवं भारतीय शिक्षा में ऐतिहासिक अनुसंधान के उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रोफ़ेसर राजशरण शाही ने ऐतिहासिक शोध के स्रोतों की चर्चा करते हुए लार्ड मैकाले द्वारा लिखित दो पत्रों का विवरण दिया जो ऐतिहासिक शोध' में प्राथमिक स्रोत होते है। इसके साथ ही साथ प्रोफ़ेसर शाही ने द्वितीयक स्रोतों को भी उदाहरणों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की।

व्याख्यान के अंत में शोधार्थियो द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सरलता से प्रोफ़ेसर राजशरण शाही ने उत्तर दिया एवं ऐतिहासिक शोध विधि' से सम्बंधित शंकाओं का समाधान किया गया। प्रोफ़ेसर राजशरण शाही का धन्यवाद ज्ञापन विभाग के शोधार्थी सना नाहिद द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डाक्टर नीतू सिंह तथा सह-संयोजक डाक्टर सूर्यनारायण गुप्ता के साथ विभाग के शिक्षकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# दिल्ली सरकार के केंद्र की सहायता स्वीकार न करने पर हाईकोर्ट हैरान

● भाजपा सांसदों ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दिल्ली में लागू करने की लगाई थी गुहार




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की स्वास्थ्य सुविधाओं पर उच्च न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह अजीब बात है कि दिल्ली सरकार केंद्र की सहायता स्वीकार नहीं कर रही है, जबकि उसके पास स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए पैसे नहीं हैं।

आपके विचार भिन्न हो सकते हैं, लेकिन इस मामले में आप सहायता लेने से इनकार कर रहे हैं आपकी कोई भी मशीन काम नहीं कर रही है। मशीनों को काम करना है, लेकिन वास्तव में आपके पास पैसा नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के सात सांसदों मनोज तिवारीह, रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रवीण खंडेलवाल, योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, हर्ष मल्होत्रा, बांसुरी स्वराज ने आप सरकार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) लागू करने का निर्देश देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया है। सांसदों ने अपनी जनहित याचिका में कहा कि दिल्ली एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है, जहां वंचितों के लिए लाभकारी स्वास्थ्य सेवा योजना अभी तक लागू नहीं हुई है जिससे वे 5 लाख रुपए की आवश्यक स्वास्थ्य कवरेज से वंचित हैं। उच्च न्यायालय ने बुधवार को इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि दिल्ली सरकार केंद्र द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य योजना के तहत वित्तीय सहायता कथित तौर पर स्वीकार नहीं कर रही है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने कहा, आज आप नागरिकों को 5 लाख रुपए देने से इनकार कर रहे हैं। मैं स्तब्ध हूं। न्यायमूर्ति ने टिप्पणी की, मैं खुलेआम अदालत में कह रहा हूं कि आप लगभग दिवालिया हो चुके हैं। आपके स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में आप केंद्रीय सहायता स्वीकार नहीं कर रहे हैं। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख निर्धारित की ताकि दिल्ली सरकार के स्थाई अधिवक्ता याचिका का अध्ययन कर सकें, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह याचिका गलत धारणा पर आधारित लगती है। इसने कहा कि केंद्रीय योजना नागरिकों के एक विशेष वर्ग को दी जा रही सहायता मात्र है तथा दिल्ली प्रशासन के भीतर मतभेदों को दूर करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

# सफाई कर्मियों का दिल जीतने के लिए उन्हें चाय पर बुलाया

● दिल्ली वालों से अपील की वे भी अपने घर के आस पास के सफाई कर्मी को छुट्टी वाले दिन घर चाय पर बुलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विधानसभा चुनाव में अभी काफी दिन शेष हैं लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से चुनावी रंग में आ गए हैं। वह लोगों के बीच जाने और उनसे मिलने-जुलने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने शहर के सफाई कर्मियों का दिल जीतने के लिए उन्हें अपने घर चाय पर बुलाया और कहा सफाई कर्मचारियों की मेहनत का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। साथ ही दिल्ली वालों से अपील की वे भी अपने घर के आस पास के सफाई कर्मी को छुट्टी वाले दिन अपने घर चाय पर बुलाएं, उनसे सुख-दुख की बात करें, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अरविंद केजरीवाल ने अपने इलाके के सफाई कर्मचारियों को अपने निवास पर चाय पर बुलाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों के योगदान की सराहना की और उनकी जिंदगी को और आसान बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की मेहनत का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। हम सब मिलकर इन्हें सम्मान दें और अपनी दिल्ली को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। वहीं, पूर्व सीएम से मिले सम्मान से सफाई कर्मचारी भाव-विभोर हो उठे। कर्मचारियों ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी नेता ने उनको अपने निवास पर चाय पर बुलाया है। इससे पहले कभी किसी ने हमें नहीं पूछा था। आम आदमी पार्टी के संयोजक ने सभी सफाईकर्मियों का अपने घर पर स्वागत करते हुए कहा कि आप आज यहां आए हैं, बहुत अच्छा लगा। सबसे मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं जब भी घर से बाहर निकलता था, कहीं जाता था और आप लोगों को सफाई करते हुए देखता था तो मन करता था कि आपके साथ एक बार आमने-सामने बैठकर बातचीत करें। आपकी समस्याओं को सुनूं। बाकी राजनीति तो चलती रहती है। कोई किसी पार्टी से है तो कोई किसी पार्टी से है।


## आप प्रमुख ने कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में गली-मोहल्लों में दिनदहाड़े गोलियां चल रही हैं। हर तरफ डर और असुरक्षा का माहौल है। केंद्रीय गृहमंत्रालय ने कानून व्यवस्था का मजाब बनाकर रखा है। नांगलोई में गत दिनों गोलीबारी की घटना में पीड़ित परिवारों से बुधवार को मुलाकात के दौरान केजरीवाल ने यह बात कही। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था का मजाक बनाकर रख दिया है। रोज मीडिया में खबरे आ रही हैं कि क्या किसी ने ये सोचा था कि देश की राजधानी में एक दिन ऐसी बन जाएगी। ये सब शाह के घर के कुछ किलोमीटर दूर ही हो रहा है। दिल्ली के लोग दहशत में जी रहे हैं और ये लोग हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं।

# पीएम-उदय योजना के लंबित मामलों का होगा निपटारा

● उपराज्यपाल ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को लंबित पीएम-उदय आवेदनों के निपटान के साथ-साथ शहर की अनाधिकृत कॉलोनियों में आवासों के नियमितीकरण के लिए नए आवेदनों के पंजीकरण का मिशन मोड में निपटारा करने को कहा है।

उपराज्यपाल को अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए कई दौरों के दौरान स्थानीय लोगों से उनकी चिंताओं और नियमितीकरण प्रक्रिया में शामिल लालफीताशाही को लेकर कई फीडबैक मिले थे, जिसके आधार पर उन्होंने आज पीएम-उदय योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद, उनके निर्देश पर, उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा डीडीए को लोगों की समस्याओं को लचीले और मानवीय तरीके से हल करने और मौके पर नियमितीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, 30 नवंबर से 31 दिसंबर तक अनधिकृत कॉलोनियों में विशेष शिविर लगाने को कहा।

एलजी सक्सेना ने इनमें से प्रत्येक शिविर को सिंगल विंडो क्लीयरेंस मोड में रखने को कहा है, जहां पर दस्तावेजीकरण, पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड करने, जांच, नोटरीकरण और अन्य सहायक गतिविधियों के साथ-साथ मौके पर ही निपटान की सुविधा उपलब्ध होगी। इन शिविरों में राजस्व संबंधी मामलों के समाधान के लिए क्षेत्रीय तहसीलदार और एसडीएम भी मौके पर मौजूद रहेंगे।

इन शिविरों में त्वरित निपटान की भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 22 दानिक्स और तीन आईएएस परिवीक्षाधीन अधिकारियों को भी तैनात किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक स्थान पर लोगों की पहुंच को बढ़ाने के लिए 122 पीएम-उदय मित्र भी तैनात किए जाएंगे, ताकि शिविरों से पहले और शिविरों के दौरान आवेदकों से मुलाकात कर उन्हें सभी तरह की जानकारी और सुविधा प्रदान की जा सके।

### शिविर में सेवाएं मिलेंगी

*नए पंजीकरण हेतु आवेदन प्राप्त करना। आवेदन में मौजूद कमी का मौके पर ही समाधान। अंतिम आवेदन जमा करने और कन्वेयंस डीड/प्राधिकरण पर्ची प्राप्त करने के लिए सहायता और सुविधा।*

*शिविरों में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और आवेदकों को शिविरों के कार्यक्रम के बारे में सूचित करने के लिए आरडब्ल्यूए की मदद से व्हाट्सएप समूहों पर संदेश भेजने समेत एक सोशल मीडिया अभियान तुरंत शुरू किया जाएगा। लोगों में जागरूकता फैलाने और उनमें भागीदारी की भावना पैदा करने के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन और पैंप्लेट का भी उपयोग किया जाएगा। शिविर विभिन्न अनधिकृत कॉलोनियों में आयोजित किए जाएंगे जिनमें संत नगर, बुराड़ी, मुकुंदपुर, गणेश नगर, पांडव नगर, निलोठी, संगम विहार, नांगलोई, बापरोला, बुद्ध विहार, खिड़की एक्सटेंशन और नजफगढ़ आदि शामिल हैं।*

# एम्स के डॉक्टरों ने दी सलाह, विटामिन-डी स्तर का रखे ध्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एम्स दिल्ली के विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि शहर में वायु प्रदूषण के बीच शरीर में विटामिन डी के स्तर को बनाकर रखें। उन्होंने धुंध के बीच धरती पर धूप पर्याप्त मात्रा में नहीं आने के मद्देनजर यह सलाह दी है। सूर्य की रोशनी विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत होता है।

अंत: स्राविकी और चयापचय विभाग में प्रोफेसर डॉ रवींद्र गोस्वामी ने कहा कि सभी आयु वर्ग के लोग अपने चिकित्सकों की सलाह के अनुसार सर्दियों के दौरान विटामिन डी लेने पर विचार कर सकते हैं और यदि कोलेकैल्सीफेरॉल की 60,000 आईयू जैसी मात्रा हो तो शरीर में विटामिन डी का स्तर जाने बिना इसे लिया जा सकता है। कैल्सीट्रियोल जैसे सक्रिय प्रारूप नहीं लिए जाने चाहिए क्योंकि ए किडनी के रोगों में उपचार के लिए होते हैं। कोलकैल्सिफेरोल अच्छा और सबसे अधिक किफायती है। यह बिना विषाक्तता के नियंत्रित तरीके से शरीर में सक्रिय रूप में परिवर्तित होता। विटामिन का अनावश्यक सेवन हृदय संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है।

# जल्द लागू होगी आयुष्मान योजना : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● बोले, आप सरकार की लापरवाही के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में लागू करवाने के लिए भाजपा सांसदों के द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिक को अदालत के स्वीकार किये जाने के बाद दिल्ली वालों में प्रसन्नता एवं उम्मीद की लहर संचारित हुई है। उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के वकील से स्पष्ट कहा राष्ट्रीय राजधानी में सरकारी स्वास्थ सेवाएं चरमराई हुई हैं और पूछा की यदि दिल्ली वालों को स्वास्थ सेवाओं का लाभ मिल सकता है तो आपको आपत्ति क्यों है जिसपर वकील जवाब नहीं दे पाए।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की सच तो यह है की उच्च न्यायलय के सवाल की आपको जनता को अतिरिक्त स्वास्थ लाभ मिलने पर आपको क्या आपत्ति है का जवाब भी वकील को नहीं दिल्ली सरकार को खुद देना चाहिए। सचदेवा ने कहा है की आशा करते हैं की भाजपा सांसदों के प्रयासों से शीघ्र दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू होगी।

तत्कालीन स्वास्थ मंत्री मनीष सिसोदिया के विधानसभा में घोषणा के बाद भी गत 5 साल में दिल्ली सरकार ने आज तक आयुष्मान भारत योजना को लागू नहीं किया है। भाजपा सांसदों ने अपने लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में स्पष्ट कहा था की वे आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में लागू करवाने का प्रयास करेंगे और दिल्ली सरकार के ना मानने पर न्यायालय जायेंगे।

# लोथल पुरातात्विक स्थल पर मिट्टी धंसने से आईआईटी दिल्ली की छात्रा की मौत

**पीएनएस।** अहमदाबाद/नई दिल्ली

गुजरात के लोथल पुरातात्विक स्थल के पास बुधवार सुबह शोध के लिए गड्ढे में उतरी आईआईटी दिल्ली की एक छात्रा की मिट्टी धंसने से मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली की पीएचडी छात्रा सुरभि वर्मा (23) और अन्य अहमदाबाद से करीब 80 किलोमीटर दूर प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता स्थल पर शोध कार्य के लिए मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ओम प्रकाश जाट ने बताया कि चार शोधार्थियों का एक दल अध्ययन के लिए मिट्टी के नमूने एकत्र करने के लिए हड़प्पा बंदरगाह शहर लोथल पुरातात्विक स्थल के पास पहुंचा था। उन्होंने बताया कि चार शोधार्थियों में से दो आईआईटी दिल्ली से और इतने ही आईआईटी गांधीनगर से थे।

उन्होंने कहा कि चारों शोध संबंधी उद्देश्य के लिए खोदे गए 10 फुट गहरे गड्ढे के अंदर उतरे, लेकिन उसी दौरान गड्ढे की दीवार ढह गई और वे मिट्टी के ढेर के नीचे दब गए। अधिकारी ने कहा, आईआईटी दिल्ली की एक शोधकर्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जिसकी पहचान सुरभि वर्मा के रूप में हुई है। तीन अन्य को बचा लिया गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है।

# 23 दानिक्स अफसरों का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी के ट्रांसफर को आतिशी से मंजूरी मिली



आम आदमी पार्टी की सरकार ने 23 दानिक्स अफसरों का तबादला कर दिया है। अब इनके विभाग बदले जाएंगे। मुख्यमंत्री आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) द्वारा संस्तुत दिल्ली, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह सिविल सेवा (दानिक्स) के 23 अधिकारियों के तबादले को मंजूरी दी है। बुधवार को जारी एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। स्थानांतरण एवं पदस्थापन में कई वर्तमान अधिकारियों के विभागों एवं उनके अतिरिक्त प्रभारों में बदलाव शामिल है। इनमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह से हाल में दिल्ली स्थानांतरित किए गए सात अधिकारियों का पदस्थापन भी शामिल है। प्राधिकरण की प्रमुख आतिशी से मंजूरी मिलने के बाद संबंधित फाइल अब दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजी जाएगी। आतिशी ने कहा, इन तबादलों से प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि इस फेरबदल से शासन को एक निश्चित दिशा मिलने तथा दिल्ली के नागरिकों की सेवा करने में अधिकारियों की दक्षता का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित होने की संभावना है।

# दिल्ली सरकार वित्तीय संकट के कगार पर : विजेंद्र गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी सरकार पर उसके लापरवाह वित्तीय कुप्रबंधन के लिए तीखा हमला बोला है।

उन्होंने आप सरकार पर दिल्ली को अभूतपूर्व वित्तीय संकट में धकेलने का आरोप लगाया है। केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये का ऋण लेने का सरकार का फैसला विधानसभा चुनावों से पहले अपनी अक्षमताओं को छिपाने और गैर-जिम्मेदाराना वादों को पूरा करने के उसके खतरनाक प्रयासों को दर्शा रहा है। गुप्ता ने इस संबंध में मुख्यमंत्री आतिशी को लिखे पत्र में राज्य के खजाने की गिरती वित्तीय सेहत पर गंभीर चिंता जताई है। विजेंद्र गुप्ता ने सरकार को आगाह करते हुए अपने बुनियादी वित्तीय दायित्वों के निर्वहन और मूलभूत ढ़ांचे से जुड़ी योजनाओं को पूरा करने के लिए इस तरह से बाहरी स्रोतों से ऋण लेने के खतनाक परिणामों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

पत्र में गुप्ता ने सरकार की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाए हैं, जिसमें उन्होंने केजरीवाल के सरकारी आवास और इस्तेमाल न होने वाली स्कूल की बिल्डिंगों पर बेतहाशा खर्च की गुप्ता ने कहा कि इस तरह से कर्ज लेने से यह प्रमाणित हो गया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के पास अपनी तथाकथित 'रेवड़ियों' की फंडिंग के लिये कोई ठोस योजना नहीं है।

## नत्थू कॉलोनी फ्लाईओवर औचक निरीक्षण



***नई दिल्ली।*** *दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार के भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली में वाहन चालकों को अपनी जान खतरे में डालकर फ्लाईओवर से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने आज क्षेत्रीय भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन के साथ नत्थू कॉलोनी चौक, शाहदरा पर बने इस फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से रूबरू हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार की भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण आज वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर इस फ्लाईओवर के ऊपर से गुजरने को मजबूर हैं। 2017 में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा बनाया गया यह फ्लाईओवर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। भ्रष्टाचार के कारण फ्लाईओवर के निर्माण की क्वालिटी से समझौता कर लोगों की जान को खतरे में डाल दिया गया।*

## शराब के पैसों के लिए थी हत्या, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हर्ष विहार शराब के लिए पैसों की व्यवस्था करने के लिए एक नर्सिंग केयर टेकर की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिक सहित पांच को पकड़ा है। आगे की जांच जारी है। लूटपाट के इरादे से एक नर्सिंग केयर टेकर की चाकू मारकर हत्या दी।

डीसीपी राकेश पावरिया ने बताया मामला हर्ष विहार इलाके का है जहां मृतक की पहचान अजय (40) के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हर्ष, रितिक उर्फ भानु, शिवम उर्फ सीएनजी, व एक नाबालिग है। सभी ने शराब पी थी और उन्हें और अधिक शराब पीने के लिए और पैसे की जरूरत थी।

# भ्रष्टाचार के आरोप में छह पर गिरी गाज

● दो अधिकारी, एक कर्मचारियों की सेवा समाप्त, तीन बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग के दो अधिकारी एवं 1 कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही 2 अधिकारी एवं 1 कर्मचारी की सेवा तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। एक अन्य अधिकारी को पद से पदावनत कर दिया है। भ्रष्टाचार का यह पूरा मामला वर्ष 2012-13 का निगम के मध्य क्षेत्र का है और अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्ध रखने वाले छात्रों की छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितता से जुड़ा है।

छात्रों की छात्रवृत्ति की राशि को विद्यालय निरीक्षक प्रमोद कुमार, प्रधानाचार्य मंसब जोशी एवं विजय बहादुर त्रिपाठी ने गलत तरीके से गलत पहचान का प्रयोग करते हुए निगम विद्यालय कृष्णा मार्केट लाजपत नगर एवं निगम विद्यालय मोदी मिल के नाम से खाता खुलवाकर छात्रवृति राशि उन खातों में डालकर निगम की आर्थिक हानि पहुंचाने का आरोप सही पाया गया।

दिल्ली नगर निगम ने जांच में पाया कि छात्रवृति की राशि के सही इस्तेमाल की जिम्मेदारी तत्कालीन डीडीओ सहायक शिक्षा निदेशक एवं वर्तमान में उप शिक्षा निदेशक मंजू खत्री की एवं इसके बाद कार्यभार संभालने वाले डीडीओ सहायक शिक्षा निदेशक एवं वर्तमान में उप शिक्षा निदेशक कंवलजीत सिंह की थी।

निगम ने अपनी जांच में पाया कि उक्त अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का ठीक ढंग से निर्वहन नहीं किया जिसके चलते दिल्ली नगर निगम को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसी प्रकार से कैश बुक एवं चेक का रिकॉर्ड रखने की जिम्मेदारी विद्यालय सहायक राधे श्याम की थी उन्होंने भी अपने कार्य में कोताही बरती। निगम ने उक्त कर्मचारियों की सेवा तुरंत प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया है।

# अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले के अंतिम दिन दिखा लोगों का जोश

● उत्पादों में छूट के चलते जमकर खरीदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के प्रसिद्ध भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक चले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का बुधवार को समापन हो गया।

अंतिम दिन भारी छूट के चलते रिकार्ड संख्या में दर्शक खरीदारी के लिए उमड़े। सभी हाल में दर्शकों की भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति देखी गई। मेले के अंतिम दिन सर को एंपावरिंग इंडिया कैटेगरी में आईटीपोओ द्वारा गोल्ड से सम्मानित किया गया। भारी भीड़ और धक्का मुक्की के बीच दर्शकों में मेले को लेकर खास क्रेज देखने को मिला। हालांकि प्रगति मैदान के आसपास से गुजरने वालों को पूरे दिन जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। शाम को जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार देखी गई।,

जानकारी के मुताबिक सरस ने आईटीपीओ द्वारा आयोजित होने वाले विश्व व्यापार मेले में बिक्री के मामले में अपने 26 सालों के सारे रिकार्ड तोड़ते हुए आठ करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।

इस समारोह के मौके पर जॉइंट सेक्रेटरी स्वाति शर्मा, निर्देशक राजेश्वरी एस एम, आलोक जवाहर, नरेंद्र और सुधीर कुमार सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। सरस आजिविका मेले में 31 राज्यों की 300 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, 150 से अधिक स्टॉलों पर अपनी-अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शनी का प्रदर्शन व बिक्री की गई।



फोटो: रंजन डिमरी

# खादी पैविलियन ने आगंतुकों को लुभाया

**नई दिल्ली।** 43वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) में भारत की समृद्ध धरोहर के जीवंत प्रदर्शन, खादी इंडिया पैविलियन का भव्य समापन हुआ। मनोज कुमार, चेयरमैन, खादी एण्ड विलेज इंडस्ट्री कमीशन (केवीआईसी) ने पेविलियन का आधिकारिक समापन किया।

इसके साथ एक सफल प्रदर्शनी पूरी हुई, जिसने भारत के हाथ से बुने परिधानों, पारम्परिक कारीगरी एवं स्थायी फैशन का जश्न मनाया। खादी इंडिया पैविलियन के समापन समारोह में केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने प्रतिभागियों को इस साल के आईआईटीएफ में सेल्स परफोर्मेन्स के आधार पर पुरस्कारों से सम्मानित किया। कुमार ने प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। टीएनआर सिल्क खादी इंडस्ट्री, कर्नाटक, रानी भास्कर युनिट्स, पंजाब और द्वारकाधीश ड्राई फ्रूट्स, दिल्ली को सेल्स परफोर्मेन्स के लिए क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार मिला। खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली को बेस्ट डिस्प्ले के पुरस्कार से नवाजा गया।

दिल्ली से नमोह सुंदरी, झारखण्ड से नीव हर्बल और दिल्ली से आरूही हर्बल तथा नागपुर से जनजागृति महिला बचत गत को बेस्ट एंटरेप्रेन्योरशिप (महिला) के पुरस्कार से सम्मानित किया।



# संभल में तनाव

## नियंत्रण आवश्यक

**उत्तर प्रदेश** का संभल शहर ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के न्यायालय द्वारा आदेशित सर्वेक्षण को लेकर हुई हिंसक झड़प के बाद तीव्र सांप्रदायिक तनाव का केंद्र बन गया है। रविवार को हुई इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, कई अन्य घायल हो गए और क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द की नाजुक स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। संभल के चंदौसी में स्थित शाही जामा मस्जिद सदियों पुरानी संरचना है जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में मान्यता दी गई है। प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम, 1904 के तहत संरक्षित यह मस्जिद 19 नवंबर को दायर एक याचिका के बाद कानूनी विवाद का विषय बन गई। याचिकाकर्ता, अधिवक्ता हरि शंकर जैन और महंत ऋषिराज गिरि सहित आठ व्यक्तियों के एक समूह ने आरोप लगाया कि मुगल सम्राट बाबर के आदेश पर 16वीं शताब्दी में श्री हरि हर मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद का निर्माण किया गया था। उन्होंने दावा किया कि भगवान विष्णु के कल्कि अवतार की भविष्यवाणी की गई जगह के रूप में यह मंदिर हिंदुओं के लिए अत्यधिक धार्मिक महत्व रखता है। याचिका में एएसआई के हस्तक्षेप और साइट पर सार्वजनिक पहुंच की मांग की गई थी, जिसमें मस्जिद प्रशासकों पर प्रवेश में बाधा डालने और एएसआई पर स्मारक की सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया गया था। कानूनी विवाद के कारण संभल में सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) की अदालत ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया, जिसकी रिपोर्ट 29 नवंबर तक आनी थी। मंगलवार को प्रारंभिक सर्वेक्षण कथित तौर पर अधूरा था, जिसके कारण अधिकारियों ने रविवार को अनुवर्ती कार्रवाई निर्धारित की। हालांकि, सर्वेक्षण दल के पहुंचते ही तनाव बढ़ गया, जिसके परिणामस्वरूप विरोधी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। टकराव में पथराव, आगजनी और सुरक्षा बलों की तैनाती देखी गई। तीन लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए, जिनमें पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक कर्मचारी शामिल हैं। हिंसा की तब से राजनीतिक स्पेक्ट्रम में निंदा की गई है, हालांकि इसने सर्वेक्षण और इसके संचालन के पीछे की मंशा पर एक गरमागरम बहस भी छेड़ दी है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सांप्रदायिक विभाजन को भड़काने का आरोप लगाया। हालांकि, भाजपा प्रवक्ताओं ने कानूनी प्रक्रिया का बचाव किया। संभल में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, और आगे की अशांति को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं। लेकिन क्या हम यहां एक पैटर्न देख रहे हैं? कुछ राजनीतिक रूप से प्रेरित व्यक्ति जानबूझकर याचिका दायर करके विवाद को जन्म देते हैं, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। सांप्रदायिक तनाव पैदा होता है और कुछ लोग और पार्टी इस दावे का समर्थन करते हैं और राजनेताओं द्वारा स्थिति का फायदा उठाने के लिए ध्रुवीकरण पूरा हो जाता है। हम सांप्रदायिक हिंसा से तंग आ चुके हैं और निश्चित रूप से इसे टाला जा सकता है क्योंकि 'पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991' स्पष्ट करता है कि सभी धार्मिक स्थलों को उसी तरह संरक्षित किया जाना चाहिए जैसा कि वे स्वतंत्रता के समय थे। शाही जामा मस्जिद विवाद ऐतिहासिक शिकायतों, सांप्रदायिक संवेदनशीलताओं और बहुलवादी समाज में कानूनी जनादेशों को नेविगेट करने की व्यापक चुनौतियों को दर्शाता है। शांति बहाल करने और निर्दोष लोगों की जान जाने से रोकने के लिए सभी हितधारकों के बीच संयम और संवाद की आवश्यकता महत्वपूर्ण है।



# आर्थिक रणनीति में संशोधन आवश्यक

**विश्व में हो रहे भू-राजनीतिक परिवर्तनों के साथ, 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने के घोषित लक्ष्य को पूरा करने के लिए आर्थिक विकास की वर्तमान रणनीति पर पुनर्विचार करना अनिवार्य हो जाता है।**

**अतुल सहगल**
(लेखक प्रबंध परामर्शदाता हैं)





**विश्व में** तेजी से राजनीतिक परिवर्तन हो रहे हैं। इन भू-राजनीतिक परिवर्तनों के साथ, 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने के घोषित लक्ष्य को पूरा करने के लिए आर्थिक विकास की वर्तमान रणनीति पर पुनर्विचार करना अनिवार्य हो जाता है। बदलती परिस्थितियों के साथ नीतिगत बिंदुओं को फिर से संरेखित और समायोजित करना आवश्यक हो जाता है। देश वैश्विक रूप से मूल्यवान और मूल्यवर्धित उत्पादों का उत्पादन और बिक्री करके समृद्ध बनते हैं। वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को माल निर्यात में वर्तमान 1.8 प्रतिशत और माल आयात में 2.8 प्रतिशत से तेजी से बढ़ाना होगा। सेवा क्षेत्र में भी, भारत को वर्तमान 6 प्रतिशत से ऊपर की ओर वितरित सेवाओं के अपने हिस्से को बढ़ाने की आवश्यकता है। यह कैसे होगा? हमें आंतरिक राजनीतिक सुविधा की परवाह किए बिना क्वांटम उपाय और कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य रणनीतिक कदमों के चयन को प्रभावित कर सकता है लेकिन अगर हम एक राष्ट्र के रूप में दृढ़, केंद्रित और स्पष्ट हैं तो इसका अधिकतम, सीमित प्रभाव हो सकता है।

यदि हम एकजुट होकर कार्य करें और हमारी सरकार बिना किसी भय या पक्षपात के अपना कार्य करे तो कोई भी बाधा आ नहीं सकती। 2019 के कृषि और कृषि विधेयकों पर सरकार का पीछे हटना एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। सरकार किसानों के वेश में कृषि बाजार के बिचौलियों के नकली विरोध के आगे झुक गई, जिन्होंने विधेयकों को पारित कराने के लिए विरोध का झूठा दिखावा किया और उन्हें तोड़-फोड़ दिया। विदेशी दुश्मन देशों द्वारा समर्थित राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा विधेयकों के प्रचार को रोकने के लिए बढ़ती बर्बरता के डर से सरकार ने आत्मसमर्पण कर दिया और विधेयकों को वापस ले लिया। ऐसा नहीं होना चाहिए था। देश ने इसके लिए भारी कीमत चुकाई है क्योंकि कृषि अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। यदि केवल वे महत्वपूर्ण विधेयक पारित हो गए होते, तो हम मौजूदा आर्थिक विकास दर में कम से कम 2 प्रतिशत की वृद्धि देख सकते थे। हमारी सरकार को हमारी अर्थव्यवस्था को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देने के लिए जल्द से जल्द उचित समय पर उन विधेयकों को वापस लाना चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र जिस पर सरकार को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है एमएसएमई क्षेत्र, जो अभी भी स्थिर बना हुआ है। यह क्षेत्र रोजगार वृद्धि का मुख्य चालक है और इसमें नई इकाइयों की स्थापना और मौजूदा इकाइयों के विस्तार को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है। ये कदम हैं- लालफीताशाही को कम करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले और विकास को बाधित करने वाले अनावश्यक विनियामक अनुपालन को कम करने के लिए नौकरशाही सुधार। स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी को 16 प्रतिशत (2015 से लगभग स्थिर) से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के लिए, पूरे मेक इन इंडिया कार्यक्रम को फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। इस अन्यथा दूरदर्शी योजना का खाका, अफसोस, गंभीरता से लागू नहीं किया गया।

> **हमें आंतरिक राजनीतिक सुविधा की परवाह किए बिना क्वांटम उपाय और कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य रणनीतिक कदमों के चयन को प्रभावित कर सकता है लेकिन अगर हम एक राष्ट्र के रूप में दृढ़, केंद्रित और स्पष्ट हैं तो इसका अधिकतम, सीमित प्रभाव हो सकता है।**

विदेशी पूंजी और एफडीआई पर बहुत अधिक निर्भरता कभी सामने नहीं आई और घरेलू पूंजी का उपयोग करने के प्रयास किए जाने चाहिए थे। केंद्रीय क्षेत्र और राज्य क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने में पहल करनी चाहिए थी। साथ ही, मेक इन इंडिया को मेक बाय इंडिया पर जोर देना चाहिए था। नौकरशाही सुधार, घरेलू विनिर्माण में वृद्धि, खासकर सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आयात शुल्क में वृद्धि और राजकोषीय रियायतों में वृद्धि कुछ ऐसे कदम हैं जिनकी आवश्यकता है। इस संदर्भ में रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहित और बढ़ावा देकर अच्छा काम किया गया है। इसे अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाना चाहिए। कृषि, खाद्य, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में मूल्यवर्धित विनिर्माण स्वदेशी विनिर्माण और यहां तक कि निर्यात को बढ़ावा देने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। यह काफी दुखद है कि बैंकों की सफाई में भाजपा सरकार की शानदार सफलता के बावजूद इसका लाभ घरेलू विनिर्माण तक नहीं पहुंच पाया है। 2014 में परिकल्पित 100 स्मार्ट शहरों में से केवल 20 ही क्यों दिन के उजाले में आ पाए हैं और वह भी आंशिक रूप से? विशेष आर्थिक क्षेत्रों और विशेष उत्पाद उत्पादन क्षेत्रों की स्थापना का खाका तैयार किया गया था, लेकिन इसका कार्यान्वयन भी विधायी और नौकरशाही के दलदल में फंस गया है। मैं फिर से दोहराता हूं कि नौकरशाही सुधार एक उभरती हुई आवश्यकता है। पिछले दस वर्षों में चीन से बड़े पैमाने पर आयात ने वास्तव में देश में एमएसएमई के विकास को रोक दिया है। कई पहले से मौजूद कारखानों को बंद होने का सामना करना पड़ा और कई निर्माता व्यापारी बन गए। 2023-24 में चीन को भारत का निर्यात 16.65 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जबकि आयात 101.75 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जिससे 85 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का व्यापार घाटा हुआ। सत्तारूढ़ एनडीए सरकार द्वारा चीनी आयात को रोकने के प्रयास किए गए। लेकिन सबसे अधिक कटौती निम्न-श्रेणी के उपभोक्ता वस्तुओं में हुई और औद्योगिक वस्तुओं के आयात में कम से कम कमी की जा सकी। सरकार की नीति के बावजूद, अगर हमारे देशवासियों ने भारत में उत्पादित चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करने का फैसला किया होता, तो हम चीनी आयात में भारी कमी कर सकते थे और घरेलू विनिर्माण उद्योग के विकास को सुविधाजनक बना सकते थे। भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक 10 मार्च 2015 को संसद में पेश किया गया था, लेकिन राज्य सभा में गैर-भाजपा सांसदों के विरोध के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका, जहां सत्तारूढ़ एनडीए के पास स्पष्ट बहुमत नहीं था। विपक्षी पार्टी के सांसदों ने प्रस्तावित संशोधनों को किसान विरोधी और गरीब विरोधी बताया। प्रस्तावित संशोधनों में पांच व्यापक श्रेणियों की परियोजनाओं के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों से मंजूरी लेने की आवश्यकता को खत्म करने की मांग की गई थी। इसके पारित होने में अभी भी देरी हो रही है। यह मेक इन इंडिया कार्यक्रम का आधारभूत आधार है। इसे कब पारित किया जाएगा? राजनीतिक स्वार्थ वास्तव में हमारे देश के लिए अभिशाप रहा है और हमारी तेज आर्थिक प्रगति में मुख्य बाधा है।

उपर्युक्त संदर्भ में, यह उल्लेख करना उचित होगा कि दृढ़ राष्ट्रवादी नागरिक सामूहिक रूप से घरेलू उद्योग के विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण कर सकते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी और जापान का आर्थिक पुनरुत्थान इसका उदाहरण है। यद्यपि अमेरिका ने इन देशों को आर्थिक सहायता दी, लेकिन उनके नागरिकों ने देशभक्ति के साथ अपने घरेलू विनिर्माण आधार को स्थापित करने की प्रेरणा ली और युद्ध के अंतिम वर्ष 1945 में अपनी हार और कुल विनाश के बाद बमुश्किल दो दशकों की अवधि में ये देश प्रमुख औद्योगिक और आर्थिक शक्तियों के रूप में विकसित हुए। इन दोनों देशों ने विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास पर जोर दिया। उनका जोर उत्पादन और मूल्यवर्धित निर्यात पर था। इसी तरह की रणनीति की जरूरत है। भारत सहस्राब्दियों से दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति रहा है और अपनी अंतर्निहित क्षमता के अनुरूप; यह 12 प्रतिशत की दीर्घकालिक आर्थिक विकास दर हासिल करने में सक्षम है। ऐसा होने के लिए, उपरोक्त कदम उठाने में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रों के भाग्य में, कुछ ऐसे चरण होते हैं जब अति-रणनीति और राजनीतिक सुविधावाद के चक्कर में फंसने के बजाय आर्थिक विकास के प्रगतिशील सिद्धांतों के अनुरूप साहसिक कदम उठाना आवश्यक हो जाता है। हमारे पूज्य राजनीतिक और आर्थिक विद्वान चाणक्य ने कहा था कि शासन में धर्म को हर चीज से ऊपर रखा जाना चाहिए और यहां तक कि रणनीति को भी सार्वभौमिक दिव्य धर्म के साथ जोड़ा जाना चाहिए। हमें अपनी आर्थिक यात्रा में इसी के अनुरूप आगे बढ़ना होगा।

# यह वक्त हमारा है

> "आज हम हर फ्रंट पर अग्रणी राज्यों में गिने जाने लगे हैं। आज उत्तराखंड की अपनी एक पहचान है। वो चाहे राजनीति का मामला हो या फिर खेल का। हर जगह हमने अपना परचम लहराया है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
(लेखक, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री हैं)



**आज हमारा** उत्तराखंड 24 साल का हो गया और रजतवर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। प्रदेश ने पिछले 24 सालों में क्या खोया क्या पाया से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस प्रदेश को पूरा देश किस तरह से लेता है। क्यों पूरे देश को ये लगता है कि उत्तराखंड मतलब एक ऐसा प्रदेश जिसपर मेहरबानी कर दी गई और एक प्रदेश का दर्जा, बस दे दिया गया। उसके बाद हर वक्त कटाक्ष। पहाड़ है उसके बारे में क्या बात करनी है। छोटा सा राज्य है, उसके बारे में क्या कहना है। बाकी राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री इस प्रदेश का मुख्यमंत्री भी कुछ नहीं। ये एक आम धारणा रही। उत्तराखंड को नीचा, ओछा और नकारा बताते रहने की जो भीतरघात चलती रही इसकी कहानी बहुत लंबी है। अपने छात्र जीवन में देखा है कि किस तरह से इस प्रदेश को लेकर अलगाव और भेदभाव का खेल चलता रहा। तब तो मैं नेता भी नहीं था, मुख्यमंत्री बनने का सोचा भी नहीं था, लेकिन ये एक बात मन में भीतर बहुत तेज चुभती थी, कि क्या इसका जवाब कभी कोई देगा। कभी कुछ ऐसा होगा कि एक बड़े फलक पर उत्तराखंड का नाम होगा और एक उपेक्षित राज्य के टैग इस प्रदेश के नाम के साथ जो अनायास ही जुड़ गया था वो हट जाएगा, और यकीन मानिये कि आज वो टैग हट गया है।

आज हम हर फ्रंट पर अग्रणी राज्यों में गिने जाने लगे हैं। आज इस प्रदेश की अपनी एक पहचान है। वो चाहे राजनीति का मामला हो या फिर खेल का। हर जगह हमने अपना परचम लहराया है। देश के शिखर पर बैठा हुआ राज्य जब उपेक्षित होता है तो वहां के मुखिया उसके लिए सबसे ज्यादा कोसे जाते हैं। मेरा तो दुर्भाग्य ऐसा रहा कि मुख्यमंत्री बनते ही पूरे देश के राजनीतिक गलियारों में जैसे दुख का पहाड़ ही टूट पड़ा सबको लगा कि ये कौन है और क्यों है। इसे क्यों मुख्यमंत्री बना दिया गया, जबकि मैं एक विधायक था और एक विधायक मुख्यमंत्री बनने का अधिकारी तो होता ही है। चारों तरफ जितनी चर्चा इस बात की नहीं हो रही थी कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री कौन बने, उससे कहीं अधिक अखबार, न्यूज वेबसाइट और आपसी गपशप का फोकस इस बात पर था कि ये कौन और ये क्यों? राजनीतिक पंडितों ने तो मुझे लेकर कई भविष्वाणियां भी कर दी थी, वैसे इससे पहले तक मैं, स्वयं राजनितिक पंडितों की बातों को बहुत सीरियसली लेता था लेकिन उन दिनों में ही इनकी बौद्धिक दरिद्रता का भी अंदाजा लगा और फिर मैंने इन्हें सीरियस लेना बंद करके खुद के काम पर फोकस करना शुरू कर दिया। मेरे पास वाकई कम समय था और जवाबदेही बड़ी थी। एक तरफ काम करके दिखाने की जद्दोजेहद थी तो दूसरी तरफ इनका मुंह भी बंद कराना था और इन सबसे ऊपर था मेरा संकल्प, उत्तराखंड को वो दिलाने का जिसे लेकर मुझे हमेशा कोफ्त होता था, तब जब मैं इस प्रदेश का एक आम नागरिक था और कुछ नहीं।



अब वो वक्त आ चुका था जब कमोबेश मेरे हाथ में उस टैग को हटाने की जिम्मेदारी आ चुकी थी कि उत्तराखंड राज्य बन गया लेकिन ठीक है राज्य जैसा उसके पास है ही क्या? तीन साल, पांच महीने की अपनी सरकार में मैंने बस यही सुनिश्चित करने की कोशिश की कि चैन से नहीं बैठूंगा जबतक अपने राज्य से उस टैग को नहीं हटा दूं कि उत्तराखंड बस ऐसे ही जबरदस्ती का बनाया गया राज्य है और इसका देश के मानचित्र पर कोई योगदान नहीं है। हमारी तो जितनी जनसंख्या नहीं है उससे ज्यादा टूरिस्ट हर साल हमारे हां आते हैं और हम हर कोशिश करते हैं कि उन्हें किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना हो। आज राज्य में सुशासन अगर बेहतर ना हुआ होता तो क्या इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और टूरिस्ट यहां आते। इस साल के आंकड़े का जिक्र करूं तो 50 लाख लोगों ने चार धाम की यात्रा की, और पूरे यकीन के साथ कह सकता हूं कि छिटपुट बातों को छोड़कर किसी को कोई दिक्कत नहीं आई।

हम, राष्ट्रीय खेल का आयोजन करने जा रहे हैं। हमारे पास ऑलवेदर रोड की सुविधा है। दिल्ली से देहरादून आने में 5 घंटे लगते थे अब यह दूरी 2 घंटे में तय हो जाएगी। राजनीतिक तौर पर हम इतने मजबूत हुए हैं कि अब उत्तराखंड का अपना एक वजूद है। प्रधानमंत्री का खास ध्यान इस प्रदेश पर है इसमें कोई दो राय नहीं और हम उनकी मदद से लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

पलायन को लेकर इस प्रदेश पर बहुत तोहमत लगे हैं, क्या किया जा सकता है। बाह्य और आंतरिक आपदाओं से निबटते-निबटते यह प्रदेश कब खाली होने लग गया यह भी अपने आप में एक आपदा ही है। मैं चौतरफा कोशिश में लगा हूं कि इस हालात पर उम्दा तरीके से काबू पाया जाए। इसके लिए व्यवसाय, बिना ब्याज ऋण, टूरिज्म को बढ़ावा से लेकर बड़े स्कूलों में राज्य के बच्चों को पढ़ाये जाने को लेकर योजनाएं बन रही है जो जल्द ही पटल पर सबको दिखाई देने लगेगा और हम कारगर तरीके से युवाओं को उनके परिवार समेत अपने राज्य लाने में सफल होंगे। प्रवासी सम्मेलन करके बिछड़े भाई-बहनों से मिलना इसी का हिस्सा है। दिल्ली के कुछ पत्रकार मित्र पूछते हैं कि आप आराम नहीं करते, हमेशा भागते रहते हैं, बच्चों को हॉस्टल में रख दिया ऐसा क्या कर रहे हैं आप, तो मैं कुछ जवाब नहीं दे पाता। बिस्मिल से कुछ शब्द उधार लेकर मैं कहना चाहता हूं कि वक्त आने दे बता देंगे तुझे ऐ आसमां...कि क्या मेरे दिल में है....।

## आप की **बात**

### मुफ्त की रेवड़ियां

**झारखंड** व महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भी मुफ्त की रेवड़ियों व खैरातों की घोषणा लगभग सभी दलों ने दिल खोलकर की। अब तो मुफ्त की रेवड़ियों के वादों व गारंटी की सुनामी आई हुई है। कोई भी किसी से कम नहीं। अखबारों के पन्नों के पन्ने भर दिए गए कि यह मुफ्त की रेवड़ियां बहुत घातक हैं। मगर किसी भी दल के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। सब खुला खेल फर्रुखाबादी में लगे हुए हैं। अब लगता है कि मुफ्त की रेवड़ियों पर कुछ लिखना या बोलना बेमतलब का होता जा रहा है, क्योंकि न तो कोई सुनने वाला, न कोई समझने वाला। सभी राजनीतिक दलों को केवल वोट व सत्ता से सरोकार है। चाहे केंद्र व राज्यों की सरकारों का खजाना हो वह न केवल रुग्ण अवस्था में हो, राजकोषीय घाटा बढ़ता जाएं, कर्जे का बोझ बढ़ता जाए, लेकिन कर्ज लेकर घी पी लेंगे, बाद में जो भी हश्र होगा देखा जाएगा, भले ही अर्थव्यवस्था ठप हो जाए, लेकिन वोट व सत्ता के लिए मुफ्त की रेवड़ियों की सुनामी बंद नहीं होने वाली है। जबकि कोई भी दल हो किसी की भी सरकार बने उसका मुख्य लक्ष्य या ध्येय तो देश का मजबूत विकास व जनता की बेहतरी होना चाहिए। महंगाई पर अंकुश लगाना, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करना, किसानों को अपनी उपज का लाभदायक वाजिब दाम मिले तथा जो आयकर दे रहे हैं, उनके पैसों का सही सदुपयोग हो यही होना चाहिए।

–**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### ईरान में महिलाएं

**मुझे इस** समाचार पर अब भी यकीन नहीं हो रहा है कि ईरानी कठमुल्लाओं की सरकार ने उस लड़की को रिहा कर दिया है, बिना उसपर कोई कार्रवाई किये जिसने तेहरान में इस्लामिक आज़ाद विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया था। अंडरवियर में बैठी आहू दरयाई नामक युवती, हिज़ाब वाले कट्टर कानून के विरोध में बैठ गयी थी। दो साल पहले, कुर्द महिला महसा अमिनी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी, जब उसे ठीक से हिजाब नहीं पहनने के लिए हिरासत में लिया गया था। क्या ये संभव है? उस देश में जहाँ 1979 के बाद महिलाओं का जीना दूभर हो गया हो। जिस देश में महिला को महज एक वस्तु के रूप में देखे जाने की परंपरा विकसित की गयी हो। जहाँ इस लड़की के तुलना में कम अपराध करने वाली कई महिलाएं आज भी जेल के भीतर पड़ी हुई हैं। जिनका जुर्म ये था कि उन लोगों ने महसा अमिनी के मौत के विरोध में जनप्रदर्शन में भाग लिया था। इसलिए ईरानी सरकार का यह फैसला किसी को पच नहीं रहा है कि आहू दरयाई नामक लड़की को बिना सजा के मुक्त कर दिया गया है। हो सकता है कुछ दिन के लिए ऐसा किया गया होगा। जब मामला शांत हो जायेगा और मीडिया की नज़र इस पर से हट जायेगा तब जरूर इस लड़की को गुप्त रूप से मौत की सजा दे दी जाएगी।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### गिद्धों की बढ़ती संख्या

**वृहद,** मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण सिंचाई, बिजली उत्पादन मछली रोजगार एवं भूमिगत जलस्तर में बढ़ोतरी होती है वहीं पशु पक्षियों के लिए आहार की व्यवस्था सुलभ हो जाती है। गांधीसागर अभ्यारण चीतों के लिए स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। यहां गिद्धों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। एक जानकारी के मुताबिक स्थानीय प्रजाति लांग बिल्ड़ वल्चर, इजिप्शियन, राज, सफ़ेद पीठ वाले स्थानीय एवं विदेश से आने वाले काला गिद्ध, यूरेशियन ग्रिफ़ोन, हिमालयन ग्रिफ़ोन गिद्ध से गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। इनके घोसलों को वनकर्मियों व विशेषज्ञों ने निगरानी कर नष्ट नहीं होने दिया। विशेषज्ञों के अनुसार ये गिद्ध मरे हुए जानवरों को खाकर प्रकृति को प्रदूषण मुक्त करते हैं। गिद्धों की रक्षा में हर व्यक्ति, संस्थाओं को सहयोग हेतु आगे आना होगा ताकि गिद्धों के संरक्षण एवं पर्यावरण स्वच्छता का लाभ के साथ गिद्धों की संख्या में वृद्धि होकर उनके आवासीय स्थल सुरक्षित हो सके। पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि गिद्धों की संख्या में कमी का कारण प्रदूषण, घटते जंगलों, विषैले पदार्थ खा लेने के चलते इनका जीवन प्रभावित हुआ है। पर्यावरण हितैषी गिद्ध धरती पर जहाँ संक्रमण को रोकते है वहीं स्वच्छता में हमारे सहयोगी रहे है। गिद्धों के हितों का ध्यान रखा जाए ताकि गिद्ध विलुप्ति की कगार पर ना पहुंचें।

–**संजय वर्मा,** धार

### भ्रष्टाचार पर लगाम लगे

**पिछली** सरकार कोयला, कॉमनवेल्थ गेम्स, जी-टू-थ्री में वन-टू -थ्री हुई थी। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों को शराब ठेका वितरण घोटाले में जेल की हवा खाना पड़ रही है। हाल ही में महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में नोट के बदले वोट बांटने के आरोप भाजपा महासचिव पर लगे। औद्योगिक घराने के अडानी ग्रुप पर अमेरिका के न्यूयार्क में 2200 करोड़ की भारतीय अधिकारियों को रिश्वत ऑफर के आरोप लग गए। बिना मेहनत के कमाया धन कमाने वाले की क्रयशक्ति बढ़ा देता है और मुंह मांगे दाम वो खर्च भी कर देता है जिससे आम आदमी महंगाई की गिरफ्त में आ जाता है। दूसरे रिश्वत से आम युवाओं की नौकरी भी खतरे में पड़ जाती है और उनकी प्रतिभाएं रिश्वत की भेंट चढ़ जाती हैं. देश को तेजी से आगे बढ़ाना है तो सरकार को चाहिए कि वो फेयर वर्क (ईमानदारी) पर ध्यान दे और रफ वर्क (भ्रष्ट कार्य) को हटाने की कोशिश करे ताकि देश का अंतिम आदमी भी अपने काम के लिए रिश्वत देने को मोहताज न होने पाए। तभी हम रामराज्य की कल्पना कर सकते हैं।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# किदवईनगर विधायक समस्याओं को लेकर डीएम, एसपी से मिले



**कानपुर देहात।** जनपद के मूल निवासी तथा पूर्व में राजपुर व डेरापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके वर्तमान किदवईनगर विधायक महेश त्रिवेदी वुधवार को इटावा जाने के दौरान जिला मुख्यालय में प्रशासनिक व शीर्ष पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर जनपद की समस्याओं के निदान के विषय में चर्चा की। ए पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक श्री त्रिवेदी द्वारा कहा गया कि आज योगी जी के कार्य काल में समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़े जाने का कार्य पूरे समर्पण भाव से किया जा रहा हैए प्रदेश से माफ़ियाओं और गुंडो का सफ़ाया करके भाजपा नेतृत्व की सरकार ने भय मुक्त समाज की स्थापना की अवधारणा को सबके सामने लाकर पेश कर दिया हैए विपक्ष पर निशाना लगाते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष उपचुनाव में पूरी तरह हताश हो चुका है अब उसके पास जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि योगी सरकार में विकास कागजों पर नहीं हकीकत में लोगों को दिखाया जा रहा हैए जनपद की कुछ विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात की।कानपुर देहात जिले विधायक महेश त्रिवेदी अक्सर देहात जिले में अपना समय दिया करते हैए अपनी जन्म भूमि से अत्यधिक स्नेह रखने वाले विधायक श्री त्रिवेदी जनपद वासियों से सीधे तौर पर जुड़े रहते हैं जिसका यही सबसे बड़ा प्रमाण सबके सामने बना रहता है कि श्री त्रिवेदी के आने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में लोग तुमसे मुलाकात करने पहुंच जाते हैंए इटावा जनपद में कार्यक्रम होने के चलते भाग लेने जा रहे किदवई नगर के लोकप्रिय विधायक प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री महेश त्रिवेदी बुधवार को जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से रूबरू हुए इसके पूर्व उन्होंने जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह से मुलाकात की यहां आवश्यक चर्चा करने के उपरांत वह पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे पुष्प गुच्छ भेंट कर मुलाकात करते हुए विधायक द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष जनता के अनेकों मामले रखे।

## जिलाधिकारी ने की जनपदीय स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक, दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद ने ई संजीवनी पोर्टल की प्रगति में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान व टीकाकरण प्रगति में उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त की गई हैए जिसकी जिलाधिकारी द्वारा सराहना की गई तथा अन्य बिंदुओं में भी प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होनें जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में जननी के खाता अपडेट न होने की दशा में लंबित भुगतानों को आशा के माध्यम से एक सप्ताह में खाता अपडेट कराते हुए भुगतान शीघ्र पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नवजात शिशुओं के टीकाकरण के सर्वे की समीक्षा करते हुए सेशन से छूटे हुए बच्चों को अलग से चिन्हित कर टीकाकरण कराये जानेए 4 प्रमुख संदेशों से संबंधित पम्प्लेट्स कोए आशाए आंगनबाड़ी के माध्यम से घर घर भेजे जाने व बुलावा पर्चीए आशाओं के साथ साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से भी वितरित कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कराये गए टीकाकरण के पुनः जांच हेतु सुपरविजन विजिट बढ़ाने के साथ.साथ नियमित रूप से बी0पी0एम0 व डी0सी0पी0एम0 की भी उपस्थिति की जांच किये जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी द्वारा टीकाकरण बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जनपद में नवजात शिशुओं के टीकाकरण व उसके पश्चात निर्धारित टीकाकरण को समय से कराया जाए। उन्होंने मीसल्सए रूबेलाए डिप्थीरियाए पर्टुसिस आदि रोगों के विरुद्ध समय से रिपोर्ट करने में मैथाए झींझकए संदलपुर व मलासा एम0ओ0आई0सी0 पर नाराजगी व्यक्त करते हुएए रिपोर्ट में सार्थक प्रयास कर सुधार लाये जाने के निर्देश दिए।

## जिला वृक्षारोपण समितिए जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला वृक्षारोपण समितिए जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 20 जुलाई 2024 को हुये वृहद वृक्षारोपण के तहत लगाये गये पौधों की सुरक्षा व हरितमा वन एप द्वारा लगाये गए पौधों की जिओ टैगिंग की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सभी विभागों की स्थल व पौधों की जिओ टैगिंग में 03 दिन में पूर्ण करेएस्थलवार गणना पंजिका उपलब्ध कराने के निर्देशए03 दिन के अंदर सभी नगर पालिकाओंध्नगर पंचायतों को उपवन योजना के प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश।सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गयाएगंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई को एस0टी0पी0 का रास्ता सही कराने के निर्देशए भैरो घाट पर सभी नालो की टैपिंग न होने पर नाराजगी जताईए एक सप्ताह में टैपिंग पूर्ण कराने के निर्देशए।किसी भी विना लाइसेंसी उद्योग को न चलने देने के निर्देश।ए बिना एन0ओ0सी0 के भट्टो को नोटिस जारी करने के निर्देशए जैविक खेती के संबंध में न्याय पंचायत स्तर पर जन जागरण अभियान चलाने के निर्देशएबैठक में अनुपस्थित यू0पी0 डास्प के मैनेजर का स्पष्टीकरण तलव करने व वेतन रोकने के निर्देश। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बायो मेडिकल बेस्ट उठा रही कंपनी अनुबंध की शर्तों का पालन कर रही है या नही इसका परीक्षण करने के निर्देश दिये गये।

## कृषकों की आय में वृद्धि के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने रिपोर्ट तैयार करने के दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में जनपद में भौगोलिक दशाओं के आधार पर मृदा परीक्षणए मृदा उर्वरता स्तर एवं उर्वरकों के संतुलन प्रयोग हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एनए उप कृषि निदेशक राम बचन रामए कृषि विज्ञान केन्द्र दिलीप नगरए कानपुर देहात के मृदा वैज्ञानिक डां0 खलील खानए पशुपालन वैज्ञानिक डा0 शशिकांतए प्रसार वैज्ञानिक डा0 राजेश राय एवं गृह विज्ञान वैज्ञानिक डा0 निमिषा अवस्थीए जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश कुमार गुप्ताए जिला कृषि रक्षा अधिकारी राम नरेश पालए भूमि संरक्षण अधिकारी डीण् केण् वर्माए तथा सभी विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारी ;कृषिद्ध उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये।

## यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आमरण अनशन करने पर मजबूर होंगे : शैलेंद्र राजपूत

### पशुधन दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह के पत्र का जिले में नहीं हो रहा है पालन

**फर्रुखाबाद ।** भाजपा नेता और स्वच्छ भारत मिशन के क्षेत्रीय सहसंयोजक शैलेंद्र राजपूत ने राजस्व कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि पशुधन दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह के पत्र का जिले में पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि जहानगंज के मौजा ग्राम आलूपुर में सरकारी नाली एवं गाटा संख्या 212 के संबंध में अवैध कब्जा हटाने के लिए टीम गठित नहीं की गई। जबकि 11 सितंबर को संपूर्ण समाधान दिवस पर इस मामले को लेकर लिखित आदेश जारी किया गया था।लेकिन मौके पर कुछ नहीं हुआए राजपूत ने कहा कि जब उन्होंने उपजिलाधिकारी से शिकायत की। तो एक टीम गठित की गईए लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बिना पैमाइस के ही मामले का निस्तारण किया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल और अन्य लेखपालों ने उनसे 8 हजार रुपये और विपक्षी से भी मोटी रकम वसूली। इस मामले में नायब तहसीलदार हर्षित सिंह की भी संलिप्तता बताई जा रही है। राजपूत ने कहा कि जब उपजिलाधिकारी ने लिखित आदेश दियाएतब भी अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई। तो वे उच्च अधिकारियों के पास जाएंगे। और आमरण अनशन करने पर मजबूर होंगे ।

## कलेक्ट्रेट में पूर्व सैनिक नें किया आत्मदाह का प्रयास

**फर्रुखाबाद ।** पूर्व सैनिक नें भूमि विवाद की शिकायत का समाधान ना होनें से खफा कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास कियाद्य पुलिस नें तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। बाद में अधिकारियों नें मामले में कार्यवाही का भरोसा दिया।मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम मुड़गाँव निवासी रंजित सिंह पूर्व सैनिक हैं। रंजित सिंह नें बताया की उसकी एक बीघा भूमि माँ मुन्नी देवी के नाम है जिसे गाँव के ही लोगों नें कब्जा कर लिया है। बीते दो महीने से जमीन कब्जा मुक्त करानें के लिए अधिकारियों से शिकायत कर रहें है। लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। बुधवार को रंजीत सिंह बोतल में पेट्रोल लेकर पंहुचा और जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर खुद पर पेट्रोल डाल ली।जिससे मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों नें समय रहते पकड़ लिया द्य एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय नें बाहर आकर मामले की जानकारी पीड़ित से की।

## कुकिंग गैस के उपयोग में हादसों से बचने के उपाय बताये



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा स्थित एसयूएन नेशनल कॉलेज में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के डिस्ट्रीब्यूटर ग्रीन क्रॉस इंडियन के तत्वाधान में ''सेफ्टी चेक-अप क्लिनिक'' शिविर में का आयोजन किया जिसमें एल जी कुकिंग गैस से जुड़े संभावित खतरों और उनसे बचाव के उपायों पर जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया। बुधवार को आयोजित शिविर में डिस्ट्रीब्यूटर ग्रीन क्रॉस इंडियन के डिस्ट्रीब्यूटर इशरत खॉन ने मौजूद लोगों को जानकारी देते हुये बताया कि गैस लीक का पता लगने पर बिजली के स्विच चालू/बंद करने से बचें और खिड़कियां खोल दें। गैस सिलेंडर के रेगुलेटर को बंद कर दें। सिलेंडर और स्टोव के बीच कम से कम 1 से 2 फीट की दूरी होनी चाहिए। पाइप में दरार या रिसाव की नियमित जांच करें। सुनिश्चित करें कि रेगुलेटर सही तरीके से काम कर रहा है। आग लगने की स्थिति में पानी का उपयोग न करें। आग बुझाने के लिए कंबल या फायर एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल करें। साथ ही, तुरंत एलपीजी कंप्लेंट नंबर 1906 पर तत्काल कॉल करें। जिससे आपको आसानी से एलजी कंपनी की तरफसे मदद मिल सके।

## नलकूप की कोठरी में बंदकर युवती से तीन दिन तक किया दुष्कर्म

**फतेहपुर।** किषनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती को तीन दिन पहले गुरवल गांव निवासी बाइक सवार युवक तमंचा सटाकर अगवा कर नलकूप की कोठरी ले गया। जहां तीन दिन तक युवती को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। चंगुल से छूटने के बाद युवती ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कराया।किशनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती बीते गुरुवार 21 नवंबर को देर शाम खेतों पर काम कर रहे पिता को खाना देकर घर वापस आ रही थी। तभी रास्ते में बाइक सवार अजय सिंह उर्फ रानू पुत्र ज्ञानी निवासी गुरवल ने युवती को रोंक लिया और तमंचा दिखाते हुए बाइक में बैठने का इशारा किया। युवती ने विरोध किया तो सीने में तमंचा सटाते हुए जान से मारने की धमकी दिया जिसके बाद युवती को अगवा कर साथ ले गया और गुरवल गांव के बाहर स्वयं के नलकूप की कोठरी में युवती को ले जाकर नशीला पदार्थ सुंघा दिया।

## क्विक न्यूज

### आंगनवाडी व उसके पुत्रों ने सभासद के साथ की मारपीट,दोनो पक्षो ने डीएम से की शिकायत

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्वा स्थित आंगनवाडी कार्यकत्री व उनके पुत्रों द्वारा महिला सभासद व उसके पति के साथ मारपीट की है इस मामले की शिकायत महिला सभासद मालती ने जिलाधिकारी से की है। महिला सभासद मालती ने जिलाधिकारी को बताया कि पिछले दिनों वार्ड नं छह का आगनवाडी कार्यकत्री विजय लक्ष्मी को अनियमितताएं के चलते निलंबित कर दिया गया था। जब इस मामले में सीडीपीओ शशि प्रभा ने मामले की जांच करने गयी तो उनके साथ आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पुत्र प्रवीण,आनंद, व अकिंत तथा भतीजा रोहित भी था सभी ने मालती व उसके पति को मारापीटा। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। मालती का कहना है इस मामले से वह काफी तनाव मे है। इधर आगंनवाडी कार्यकत्री विजय लक्ष्मी ने भी कई कार्यकत्रियों के साथ जाकर डीएम से सभासद की शिकायत की है। मामले को लेकर दोनो पक्षों में तनाव व्याप्त है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत

राठ(हमीरपुर) बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर नियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। चिकासी थाने के रहंक गांव निवासी 55 वर्षीय जुगल किशोर मिश्रा(55) बुधवार को ट्रैक्टर में डीजल भरवाने के लिए गोहांड के पेट्रोल पंप पर गए थे। डीजल भरवाकर वापस लौटते समय उरई रोड स्थित रहंक बंबी के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।बुधवार को उसके पिता खेत की बखराई के लिए ट्रैक्टर लेकर खेत में गए थे। तभी ट्रैक्टर में दबकर उनकी मौत हो गई है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र मयंक मिश्रा को छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी बेबी मिश्रा का रो रोकर बुरा हाल है। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए हैं।

### ोमगार्ड व उसके परिवारीजनों ने महिला को मारपीट कर किया घायल

राठ(हमीरपुर) कोतवाली के बिहर में तालाब के किनारे लगे सरकारी हैंडपंप में पानी भरने गई महिला के साथ होमगार्ड के स्वजनों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। बिहार निवासी मुन्नी पत्नी चंद्र प्रकाश ने बताया कि उसके गांव का अशोक राठ कोतवाली में होमगार्ड है। जो गांव के तालाब किनारे लगे हेडपंप व उसके आसपास की जमीन में कब्जा किये है। बुधवार की सुबह जब वह वहां लगे हैंडपंप में नहाने पहुंची तो वहां मौजूद होमगार्ड की पत्नी नज्जोए उसके पुत्र राहुल तथा केवल नागर पुत्र हरदयाल ने उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। जब उसने उसका विरोध किया तो उक्त सभी ने मिलकर उसे लात जूतों से पीट कर घायल कर दिया।

### युवक को किया गया सम्मानित

राठ(हमीरपुर) कस्बे में स्थित राजाबाई शिक्षण संस्थान में सामाजिक कार्य करने वाले युवा को सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।
विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज राजपूत में बताया कि धीरेंद्र कुमार सामाजिक कार्यों में बढ़.चढ़कर हिस्सेदारी करते हैं। गायों के बीमार होने व उनको आश्रय न मिलने पर वह उनकी देखभाल करते हैं। जिस पर उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अजय हिंगवासियाए जिला संयोजक सचिन शर्माए जिला गौरक्षा प्रमुख फूल सिंह राजपूतए नगर संयोजक सनी साहू आदि मौजूद रहे।

### बहत्तर घंटे बाद भी लाश को नही हुआ पोस्टमार्टम

**राठ(हमीरपुर) ।** कस्बे के गोहानी गांव की विरमा नदी में चार दिन पहले एक महिला का सड़ा गला शव मिला था। जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। लेकिन 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हुआ है।शनिवार को गोहानी गांव से निकली विरमा नदी किनारे करीब 35 वर्षीय एक महिला का शव पड़ा मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया था। महिला के शरीर में एक बड़ा पत्थर बंधा हुआ था और पैर गल चुके थे। 72 घंटे बीत जाने के बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं हुई है और न ही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि चिकित्सक के मौजूदगी न होने पर शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### पारिवारिक मकान की जगह पर कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद ।** कोतवाली सदर के मोहल्ला जंगबाज खान में मकान निर्माण को लेकर पारिवारिक लोगों में विवाद हो गया। जो मारपीट में तब्दील हो गया ।पीड़ित ने तहरीर दी जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित रवि कुमार पुत्र गिरीश चंद्र ने दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा कि वह अपने प्लांट में मकान का निर्माण करा रहा था । बराबर में पीड़ित के चाचा प्रदीप कुमार पुत्र पुतू लाल का प्लाट है। जिसमें वह भी निर्माण कर रहे थे। पीड़ित के प्लाट से लगभग तीन फीट जमीन को जबरन प्रदीप कुमार दबाना चाहते हैं। जिसको लेकर पीड़ित ने विरोध किया। विरोध करने पर प्रदीप कुमार गाली गलौज करने लगे तथा लाठीए डंडा व फावड़ा से मारपीट पर आमादा हो गए। जिसको लेकर तरुण कुमारए राहुल कुमार पुत्र प्रदीप कुमार तथा मोहल्ले के कौशलेंद्र उर्फ अंशु कुमार पुत्र सतीश तथा विमल कुमार पुत्र मुन्ना लाल और नवनीत बाजपेई उर्फ कृष्ण गोपाल पुत्र राम नरेश निवासी घोड़ा नखास एकत्रित हो गए । पीड़ित की भाभी बंधना के साथ जमकर मारपीट की। और उसको बेहोश कर दिया व पीड़ित और उसके के पिता ग्रीश चंद्र को भी मारा । बंधना के काफी चोटे आई हैं ।

### युवक को जमकर मारापीटा

**राठ(हमीरपुर)** रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए एक युवक के साथ मोहल्ले के ही चार युवकों ने गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी।पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।महोबा जनपद के जैतपुर बेलाताल के निवासी आफताब पुत्र कल्लू ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए कस्बे के जुगियाना मोहल्ले में आया हुआ था। तभी मंगलवार शाम करीब 7 करीब पुराने विवाद के चलते जुगियाना निवासी चार युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में आए युवक को मारपीट कर किया घायल

### कार की टक्कर से दंपति की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के देवरी मोड़ कोल्ड स्टोर के समीप मंगलवार की देर षाम पैदल सब्जी लेने जा रहे दंपति को कार टक्कर मारते हुए खंती में पलट गई। मौके पर महिला की मौत हो गई। पति गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार झांसी जनपद के गुरसहाय (पैगा) गांव निवासी मो0 बषीर राईन का पुत्र नवाब अपनी पत्नी नजमा के साथ एक वर्श से हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरी मोड़ के पास कोल्ड स्टोर में काम करता था। बताते हैं कि मंगलवार की षाम साढ़े छह बजे दंपति सब्जी खरीदने पैदल जा रहे थे।

## शादी का झांसा देकर महिला का शोषण किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीडिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि 04 वर्ष पूर्व उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। उसके दो बच्चे हैं इसी बीच गांव के ही एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और 3 वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। अब उसके परिजन के दबाव में युवक शादी के लिए इंकार कर रहा है और युवक के परिजन धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## विवाद के चलते मारपीट की,पुलिस से शिकायत

**राठ।** रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए एक युवक के साथ मोहल्ले के ही चार युवकों ने गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी।पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। महोबा जनपद के जैतपुर बेलाताल के निवासी आफताब पुत्र कल्लू ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए कस्बे के जुगियाना मोहल्ले में आया हुआ था। तभी मंगलवार शाम पुराने विवाद के चलते जुगियाना निवासी चार युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

## राज्य महिला आयोग सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण किया



### कैदियों से पूंछताछ व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राज्य महिला आयोग की सदस्य व उनकी टीम द्वारा महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदियों से पूछताछ की गयी तथा सम्पूर्ण महिला अहाते का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछतॉछ की गयी, उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं बतायी गयी। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम अनौगी स्थित जिला कारागार पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदियों से पूछताछ के बाद निरीक्षण के दौरान महिला अहाते की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस मौके पर अधीक्षक मो. अकरम खॉ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डा. सिद्धार्थ चौधरी, विजय कुमार राठौर, बाल संरक्षण अधिकारी प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित थे।

## खाद पाने के लिये धक्का मुक्की,कई महिलाएं गिरी

### प्रायवेट दुकानदार सुवह तड़के व देर रात अधिक दामों में करते है विक्री

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कस्बा कुरारा स्थित पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र में डीएपी खाद उपलब्ध होने की जानकारी मिलते ही किसानो की भारी भीड़ एकत्र हो गई ।पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। देर शाम तक केंद्र में लंबी लाइन महिला व पुरुषो की लगी रही। भीड़ को देखते हुएअधीक्षण अभियंता विद्युत के आदेश को ताक में रखकर काम कर रहे है एक्शियन मीटरएसई के आदेश के चार माह बाद भी दो कर्मियों को एक्शियन मीटर ने नही किया रिलीव,एसई ने विभाग के चेयरमैन व एमडी को दी लिखित जानकारी हमीरपुर। विजली विभाग के एक्शियन मीटर हर समय अधीक्षण अभियंता के आदेश को ताक में रखकर काम करते है,चार माह पहले दो टीजी टू कर्मियों का तबादला हो गया था मगर एक्शियन मीटर ने उनको रिलीव नही किया है बल्कि नियम विरुद्ध दोनो कर्मियों का बेतन भी निकल रहा है नाराज एसई ने इस मामले का पत्र विभागीय एमडी व चेयरमैन को लिखा है। विद्युत विभाग में इस वक्त एक्शियन मीटर राकेश कुमार की मनमानी चर्चा में है। उन्होने अपने चहेते दो कर्मचारियों रामविलास टीजी टू ;विद्युत खंड राठ और इसी पद पर हमीरपुर में तैनात उपेंद्रनाथ को जुलाई माह में हुए स्थानांतरण के बावजूद अभी तक रिलीव नहीं करने का आरोप है। रामविलास को विद्युत वितरण खंड हमीरपुर और उपेंद्रनाथ को हमीरपुर से राठ स्थानांतरित किया गया था। जबकि विभाग में इस अवधि में वितरण और मीटर सेक्शन के आठ कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया था। जिनमें से इन्हीं दोनों को छोड़कर अन्य सभी ने नवीन तैनाती पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ये तवादले स्थानांतरण नीति के तहत किये गये थे। अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने स्थानांतरित कर्मचारियों का वेतन नवीन तैनाती स्थल से निकाले जाने के आदेश दिए थे लेकिन मीटर एक्सईएन दोनों कर्मचारियों का धड़ाधड़ वेतन निकाल रहे हैं। उनके इस रवैए से दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी और चेयरमैन के आदेशों का भी उल्लंघन हो रहा है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता जीसी यादव का कहना है कि इस प्रकरण में वह लगातार पत्राचार कर रहे हैं। जबकि उक्त कर्मचारी नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद भी वेतन के हकदार थे। कहना है कि दोनो कर्मियों को हर हाल में हटाया जायेगा। जबकि अधिशाषी अभियंता मीटर राकेश कुमार का कहना है कि दस फीसदी ट्रांसफर का आदेश है लेकिन उनके सेक्शन में पचास फीसदी ट्रांसफर हुए हैं। मैनपावर कम होने की वजह से उन्होंने कर्मचारियों को रिलीव नहीं किया है। रिलीव करते को कार्य प्रभावित होता ।स्थानांतरित कर्मचारी एक्शियनमीटर के क्षेत्र के रहने वाले है; इसी के चलते उन पर कृपा बरस रही है।

## लखीमपुर महोत्सव : कोटवारा में चेहरों पर दिखा तराई की मिट्टी के उत्सव का उत्साह

### ओस की बूंदों के बीच कलाकारों ने प्रस्तुतियों से महोत्सव में भरे नएनए रंग, मोहा मन'

### लोक संस्कृति के रंगों से महका लखीमपुर महोत्सवए पारंपरिक लोक संगीत व नृत्य से आनंदित हुए संगीत प्रेमी'



'लखीमपुर खीरी।' जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से आयोजित ष्तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव 2024 के कोटवारा इवेंट की शाम खास रही। ठंड और ओस की बूंदों के बीच कलाकारों की ओर से देर शाम तक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गएए जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बड़ी संख्या में दर्शकों ने देरशाम तक कार्यक्रम का आनंद लिया। महोत्सव के मंच से गीतए संगीतए नृत्य और लोकगीत की अनूठी युगलबंदी दिखी। कार्यक्रम में मौजूद विधायक गोला अमन गिरीए अपर मुख्य सचिव ;सामान्य प्रशासनए भाषाए उप्र पुनर्गठन समन्वय एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग उप्रद्ध जितेंद्र कुमारए डीएम दुर्गा शक्ति नागपालए एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अभिषेक कुमारए फिल्म निर्देशक मुजफ्फर अलीए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विजय शुक्ला रिंकू ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

### 'एसीएस ने की डीएम की पहल की सराहना'

अपर मुख्य सचिव ;सामान्य प्रशासनए भाषाए उप्र पुनर्गठन समन्वय एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग उप्रद्ध जितेंद्र कुमार ने कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर ष्तराई के मिट्टी का उत्सवष् थीम पर आयोजित लखीमपुर महोत्सव का बेहतर ढंग से पांच अलग.अलग स्थानों पर आयोजन हो रहा। यह महोत्सव प्रतिभाओं की कला को प्रदर्शित करने का मंच है। जिले की कला व संस्कृति को देश में पहुंचाने के लिए ही महोत्सव हो रहा है।विधायक गोला अमन गिरी ने कहा कि ऐसे आयोजन से युवा पीढ़ी को जिले के सांस्कृतिक सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को समझने का अवसर मिलेगा।

### 'निमिया के डार मैया लखीमपुर मेरा सिंगापुर बने की प्रस्तुति पर झूमे लोग'

कोटवारा में आयोजित लखीमपुर महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर संस्कृति विभाग उप्र में पंजीकृत सांस्कृतिक दलों ने एक से एक शानदार प्रस्तुति ने महोत्सव की भव्यता को बढ़ाया। निमिया के डार मैया लखीमपुर मेरा सिंगापुर बनेगाण्ण्ण्ण्ण् और होली खेले रघुवीरा अवध मेंण्ण् गीत पर शानदार गीत प्रस्तुत कर लोकगीत गायक रामपाल निषाद ने लोगों की प्रशंसा बटोरी। आरोही ने अंगुरी में डसले बिया नगिनियाण्ण् और लखनऊ से आई कलाकार महक गुप्ता ने भजन श्मुझे रास आ गया है तेरे दर से सर झुकानाश् पर मौजूद जनसमूह खूब नाचा।

## मोहम्मदी मंडी समिति में किसान नेता राकेश टिकैत की हुई महापंचायत'



**मोहम्मदी खीरी।** मंडी समिति के गल्ला मंडी में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत किसान की समस्याओं को लेकर हुई जिसमें किसान नेता राकेश टिकैत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुऐएबडी सखया मे किसान इस महा पचायत मे शामिल हुऐएअनेके जिलो के जिलाध्यक्ष भी शामिल हुऐएकिसानों की समस्याए गन्ने का भुगतान समय पर न होनाएडीएपी खाद की काला बाजारीएछुट्टा जानवरएपराली के माध्यम से किसानों का शोषण सहित अन्य बिन्दु रहेए उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार को 9 सूत्री ज्ञापन दिया गया। किसानो की महा पचायत मे पहुचे राकेश टिकैत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश को अमेरिका की तरह पूंजी पतियों के हाथों में देने की तैयारी हो रही है हम लोग मजदूर की तरह काम करेंगे उन्होंने कहां अदानी को लाभ पहुंचने के लिए कश्मीर का सब बंद कर हिमाचल का कश्यप निर्यात करने की योजना चल रही है अगर देश में कश्मीर का सेव नहीं आएगा तो सेव के दाम आसमान छू जाएंगेए समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संघर्ष से दूर भाग रही है लाठी खाने की हिम्मत नहीं रहीए गन्ने का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए स्मार्ट मीटर न लगाया जाएए और बिजली फ्री की जाए जंगली जानवर से मृत्यु हो जाने पर किस को 15 लाख का मुआवजा दिया जाए पराली की पत्ती का समाधान किया जाए डीएपी एवं एमपी के खाद की समस्या का समाधान किया जाए धान की खरीद में हुई घोटाले की जांच कर कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएए किसानों को उचित बिजली दिन में दी जाए।

# उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण के लाभ के लिए धर्म परिवर्तन को संविधान के साथ धोखाधड़ी बताया



**नई दिल्ली( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण का लाभ पाने के लिए किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति आर. महादेवन ने सी. सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर को यह फैसला सुनाया तथा मद्रास उच्च न्यायालय के 24 जनवरी के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था।

न्यायमूर्ति महादेवन ने पीठ के लिए 21 पृष्ठ का फैसला लिखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों, धर्म और आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। उन्होंने कहा, अगर धर्म परिवर्तन का मुख्य मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने के बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत मंशा रखने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक लोकाचार को ही क्षति पहुंचेगी। पीठ के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य से स्पष्टया पता चलता है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म को मानती थी तथा नियमित रूप से गिरजाघर में जाकर सक्रिय रूप से इस धर्म का पालन करती थी। पीठ ने कहा, इसके बावजूद वह हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति समुदाय का प्रमाण-पत्र मांगती है। पीठ ने कहा, इस तरह का दोहरा दावा अस्वीकार्य है और वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान बनाए नहीं रख सकती हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि महिला ईसाई धर्म में आस्था रखती है और महज नौकरी में आरक्षण का लाभ उठाने के उद्देश्य से वह हिंदुत्व का अब तक पालन करने का दावा करती है। ऐसे में महिला को अनुसूचित जाति का दर्जा प्रदान करना आरक्षण के मूल उद्देश्य के खिलाफ होगा और संविधान के साथ धोखाधड़ी होगी। शीर्ष अदालत ने रेखांकित किया कि केवल आरक्षण का लाभ पाने के लिए अपनाए गए धर्म में वास्तविक आस्था के बिना धर्म परिवर्तन करना आरक्षण नीति के मौलिक सामाजिक उद्देश्यों को कमजोर करता है और महिला का कार्य हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से आरक्षण नीतियों की भावना के विपरीत है। हिंदू पिता और ईसाई माता की संतान सेल्वरानी को जन्म के कुछ समय बाद ही ईसाई धर्म की दीक्षा दी गई थी, लेकिन बाद में उन्होंने हिंदू होने का दावा किया और 2015 में पुडुचेरी में उच्च श्रेणी लिपिक के पद पर आवेदन करने के लिए अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र मांगा। सेल्वरानी के पिता वल्लुवन जाति से थे, जो अनुसूचित जाति में शामिल है और उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया था, जिसकी पुष्टि दस्तावेजी साक्ष्यों से हो चुकी है। फैसले में कहा गया कि अपीलकर्ता ने ईसाई धर्म का पालन करना जारी रखा, जैसा कि नियमित रूप से गिरजाघर जाने से पता चलता है। इससे उनके हिंदू होने का दावा अस्वीकार्य हो जाता है। पीठ ने कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाले व्यक्ति अपनी जातिगत पहचान खो देते हैं और अनुसूचित जाति के लाभ का दावा करने के लिए उन्हें पुन: धर्मांतरण तथा अपनी मूल जाति द्वारा स्वीकार किए जाने का ठोस सबूत देना होगा। फैसले में कहा गया कि अपीलकर्ता के पुन: हिंदू धर्म में धर्मांतरण या वल्लुवन जाति द्वारा धर्म स्वीकार करने का कोई ठोस सबूत नहीं है।

## सीबीआई ने 10 लाख की रिश्वतखोरी में दो ईपीएफओ अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**शिमला, नई दिल्ली ( भाषा )।** सीबीआई ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दो अधिकारियों और एक परामर्शदाता को 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगने एवं स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रवि आनंद और प्रवर्तन अधिकारी मदन लाल भट्टी को गिरफ्तार किया गया। उनसे पहले सलाहकार और बिचौलिए संजय कुमार यादव को उन दोनों की ओर से (रिश्वत के तौर पर) पांच लाख रुपए नकद और पांच लाख रुपए का सेल्फ चेक लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार, शिकायतकर्ता ने प्रवर्तन अधिकारी पर आरोप लगाया है कि उसने शिकायतकर्ता की फर्म की भविष्य निधि मांग के बद्दी में ईपीएफओ कार्यालय के पास लंबित मामले को अनुकूल तरीके से निपटाने के लिए एक निजी परामर्शदाता के माध्यम से अपने और अपने वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 10 लाख रुपए का अनुचित लाभ मांगा।

## संभल हिंसा पूर्व नियोजित थी, दूसरा सर्वे एडवोकेट कमिश्नर के आदेश पर हुआ था : हिंदू पक्ष के वकील



संभल में सड़क पर पड़े पत्थरों को साफ करता सरकारी कर्मचारी

**संभल( भाषा )।** संभल की शाही जामा मस्जिद में गत रविवार को हुआ सर्वे अदालत के आदेश पर नहीं होने के मस्जिद प्रबंध समिति के आरोपों के बाद बुधवार को हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि दूसरा सर्वेक्षण एडवोकेट कमिश्नर के आदेश पर हुआ था और यह जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं था। हिंदू पक्ष के वकील गोपाल शर्मा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, दोबारा सर्वे कोई जल्दबाजी का निर्णय नहीं था। इस सर्वे का आदेश एडवोकेट कमिश्नर का था। उन्होंने कहा, जिस दिन बवाल हुआ, तब मैं वहां मौजूद था। मुझे लगता है यह (हिंसा) पूर्व नियोजित था। उस समय उक्त मस्जिद में दूसरे पक्ष (मुस्लिम पक्ष) की ओर से तीन अधिवक्ता, मस्जिद कमेटी के लोग और इमाम भी मौजूद थे और उन्होंने भी शांति की अपील की थी। शर्मा ने कहा, उन्होंने (उपद्रवियों) हमारी तरफ भी पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ा लेकिन वे पुलिस पर लगातार ईंट-पत्थर फेंक रहे थे। पुलिस पर गोलीबारी उन्होंने ही की। कई पुलिसकर्मियों को छर्रे लगे। उपद्रवियों ने अपना चेहरा ढका हुआ था। उन्होंने कहा, अब 29 नवंबर को एडवोकेट कमिश्नर सर्वे की रिपोर्ट अदालत को सौंपेंगे। दोनों पक्ष मौजूद रहेंगे।

प्रशासन द्वारा जबरन वजूखाने का पानी खाली कराने के आरोप पर शर्मा ने कहा, हौज तो हर हफ्ते खाली किया जाता है। यदि हौज खाली नहीं होता तो उसकी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कैसे होती? उन्होंने कहा, तथाकथित (जामा) मस्जिद में वर्ष 1978 तक हिन्दू पक्ष भी पूजा करने जाता था। वर्ष 1978 में दंगे के बाद हिन्दू पक्ष का जाना बंद हो गया था। शर्मा ने कहा, यहां एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) का बोर्ड भी लगा है। यह एएसआई द्वारा संरक्षित क्षेत्र है। यहां हर साल एएसआई दो बार सर्वे भी करता है। जब यह एएसआई संरक्षित क्षेत्र है तो यहां नमाज होना भी उचित नहीं है। समाजवादी पार्टी के विधायक इकबाल महमूद ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्हें एडवोकेट कमिश्नर से कोई आपत्ति नहीं है, यह अदालत का अधिकार है। उनके बेटे सोहेल महमूद का नाम भी हिंसा के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में है। इकबाल महमूद ने कहा, हमारी यह सोच है, कोई भी अदालत हो बिना दूसरे पक्ष को सुने कैसे आदेश दिया गया। दूसरे पक्ष को बुलाया ही नही गया,चार घंटे मैं फैसला सुना दिया गया। कमीशन होगा कमीशन आ भी गया , रिपोर्ट भी तैयार हो गया हमें जवाब देने और सफाई देने का मौका नहीं मिला कानूनन मिलना चाहिए। भीड़ के भड़कने का कारण पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह गलतफहमी थी, जब पुलिस जामा मस्जिद के पास जमा हुई तो लोगों में उत्सुकता पैदा हो गई। उन्होंने कहा, जब लोग जमा हुए तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और किसी ने पीछे से ईंट फेंकी और फिर पुलिस ने गोलियां चलाईं। जब मस्जिद के वजूखाने से पानी निकला तो लोगों को लगा कि खुदाई हो रही है।

इकबाल ने बेटे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के बारे में पूछे जाने पर कहा, पुलिस को हमें उसकी फुटेज दिखानी चाहिए। अगर उसने उकसाया है, अगर उसने कोई भाषण दिया है, अगर वह भीड़ में है और उसकी फोटो आती है तो हम उसे दोषी मानेंगे। जब उनसे पूछा गया कि पुलिस नकाबपोश लोगों की फोटो जारी करेगी तो उन्होंने कहा कि जब पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाते हैं और वह नाक के अंदर चले जाते हैं, तो जिस व्यक्ति के पास रूमाल होता है वह उसे मुंह पर रख लेता है। उन्होंने कहा, अगर मैं उन्हें नकाबपोश कहता हूं तो मुझे नहीं लगता कि यह सही है। जामा मस्जिद प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जफर अली से जब हिंदू पक्ष के वकील की बातों पर प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने व्यस्तता का हवाला देते हुए बात करने से इनकार कर दिया। अली ने रविवार को मस्जिद परिसर के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के लिए स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए सोमवार को कहा था कि मस्जिद में खुदाई की अफवाह फैलने से भीड़ उग्र हुई। अली ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था, मस्जिद का जो दोबारा सर्वे हुआ वह अदालत के आदेश से नहीं बल्कि सिर्फ जिलाधिकारी के आदेश पर हुआ था। यह सर्वे गैर कानूनी तरीके से हुआ था। उन्होंने इस घटना के लिए संभल की उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा और पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार को दोषी करार दिया था। उनका आरोप था कि उप जिलाधिकारी ने जिद करके वजूखाने का पानी निकलवाया, जबकि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा था कि डंडे से पानी की गहराई नाप ली जाए। मगर उप जिलाधिकारी की जिद पर जब हौज का पानी निकाला गया तो बाहर जमा लोगों में भ्रम पैदा हुआ कि मस्जिद में खुदाई की जा रही है और वे उग्र हो गए। अली ने आरोप लगाया था कि जब मस्जिद के बाहर भीड़ एकत्र हो रही थी तो पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार ने उन लोगों को गालियां दीं और लाठीचार्ज करवा दिया, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने खुद पुलिस को भीड़ पर गोलियां चलाते देखने का दावा किया था। हालांकि इस संवाददाता सम्मेलन के बाद पुलिस ने अली को हिरासत में ले लिया था। संभल की जामा मस्जिद में रविवार को किए जा रहे सर्वेक्षण का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए थे। इस दौरान चार व्यक्तियों की मौत हो गई थी। इस हिंसा, गोलीबारी और पथराव में उप जिलाधिकारी रमेश चंद्र समेत कुल 20 लोग जख्मी हुए हैं। इस मामले में अब तक कुल सात मुकदमे दर्ज कर 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## चिराग ने ईवीएम मुद्दे को लेकर इंडी गठबंधन की आलोचना की

**पटना( भाषा )।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर संदेह जताने और मतपत्रों से मतदान कराने की वकालत किए जाने को लेकर बुधवार को उनकी आलोचना की।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)अध्यक्ष ने यह भी जानना चाहा कि क्या कांग्रेस और उसके सहयोगियों को उन राज्यों में समस्या है, जहां उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को हराया है।उन्होंने इंडिया गठबंधन को चुनौती दी कि अगर उसे पूरा भरोसा है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं हो रहे हैं, तो वह अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करे।

हाजीपुर से लोकसभा सदस्य चिराग पासवान ने कहा, यह अजीब है कि जब भी विपक्षी दल चुनाव हारते हैं, तो वे ईवीएम को दोष देना शुरू कर देते हैं। वे महाराष्ट्र में ऐसा कर रहे हैं लेकिन झारखंड के बारे में क्या। उनकी पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में एक सीट पर जीत दर्ज की है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी)के अध्यक्ष खरगे ने मंगलवार को दिल्ली में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए ईवीएम पर सवाल उठाया था। इस संबंध में पूछे गए सवाल का चिराग पासवान जवाब दे रहे थे। पासवान ने कहा, चुनाव से पहले कांग्रेस और उसके सहयोगी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले भी ऐसा किया है। बिहार में, जहां राजग ने 243 सदस्ईय विधानसभा में 225 सीटों का लक्ष्य रखा है, निश्चिंत रहें, राजद और कांग्रेस यह दावा करेंगे कि वे 235-240 सीटें जीतने जा रहे है और चुनाव के बाद वे अपनी विफलता के लिए ईवीएम को दोष देना शुरू कर देते हैं।

## इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में 280 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हाईस्पीड ट्रेन का निर्माण हो रहा: वैष्णव

**नई दिल्ली ( भाषा )।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद को बताया कि इंटीग्रल कोच फैक्टरी, चेन्नई में बीईएमएल के साथ मिलकर हाई-स्पीड ट्रेन सेट का डिजाइन बनाया जा रहा है और निर्माण किया जा रहा है, जिसकी गति 280 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि मेक इन इंडिया पहल के तहत वंदे भारत ट्रेनों की सफलता के बाद, भारतीय रेलवे (आईआर) ने अब हाई-स्पीड ट्रेन सेट का डिजाइन बनाना और निर्माण शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों सुधीर गुप्ता और अनंत नायक द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, निर्माण लागत लगभग 28 करोड़ रुपए प्रति कार (करों को छोड़कर) है, जो अन्य ट्रेन सेट की तुलना में काफी प्रतिस्पर्धी है। मंत्री ने कहा, हाई-स्पीड ट्रेन सेट का डिजाइन और निर्माण एक जटिल और गहन प्रौद्योगिकी वाली प्रक्रिया है। उन्होंने प्रमुख तकनीकी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। इनमें वायुगतिकीय, वायुरोधी कार बॉडी का डिजाइन और निर्माण, उच्च गति के अनुप्रयोग के लिए प्रणोदन सहित इलेक्ट्रिक्स का डिजाइन और निर्माण, ट्रेन सेटों का वजन अनुकूलन और ट्रेनों की हीटिंग, वेंटिलेशन और वातानुकूलन शामिल है। मंत्री ने जापान के साथ तकनीकी और वित्तीय सहायता के साथ निष्पादित की जा रही मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना पर ताजा जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत अब तक 336 किलोमीटर पियर फाउंडेशन, 331 किलोमीटर पियर निर्माण, 260 किलोमीटर गर्डर कास्टिंग और 225 किलोमीटर गर्डर लॉन्चिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा, समुद्र के नीचे सुरंग (लगभग 21 किलोमीटर) का काम भी शुरू हो गया है। रेल मंत्री ने कहा कि 508 किलोमीटर लंबी एमएएचएसआर परियोजना में मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती में 12 स्टेशन बनाए जाएंगे और इसके लिए आवश्यक पूरी भूमि (1,389.5 हेक्टेयर) का अधिग्रहण कर लिया गया है।

## जब व्यक्ति कार्यभार संभालेगा पदोन्नति तभी प्रभावी होगी

**नई दिल्ली( भाषा )।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि पदोन्नति केवल कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही प्रभावी होती है, रिक्ति या सिफारिश की तारीख से नहीं। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि यह एक सुस्थापित सिद्धांत है कि पदोन्नति उस तिथि से प्रभावी होती है जिस दिन कार्यभार ग्रहण किया जाता है, न कि पद रिक्त होने या सृजन की तिथि से। पीठ ने कहा, हालांकि न्यायालयों ने पदोन्नति के लिए विचार किए जाने के अधिकार को न केवल वैधानिक अधिकार बल्कि मौलिक अधिकार के रूप में भी मान्यता दी है, लेकिन पदोन्नति स्वयं कोई मौलिक अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फरवरी 2023 के फैसले को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार और अन्य द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल प्रशासनिक न्यायाधिकरण के एक आदेश को बरकरार रखा, जिसमें निर्देश दिया गया था कि एक व्यक्ति, जो अपनी सेवानिवृत्ति के बाद पूर्वप्रभावी पदोन्नति का हकदार नहीं है, को 31 दिसंबर, 2016 की उसकी सेवानिवृत्ति तिथि के अनुसार मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी के पदोन्नति पद के लिए वित्तीय लाभ प्रदान किया जाना चाहिए। कोर्ट ने राज्य की इस दलील पर गौर किया कि कोई भी वित्तीय लाभ उस व्यक्ति के लिए स्वीकार्य नहीं है, जिसने कभी पदोन्नति पद का प्रभार नहीं संभाला। व्यक्ति के वकील ने दलील दी कि वह 24 मार्च, 2008 से प्रमुख वैज्ञानिक अधिकारी के रूप में कार्यरत था और यदि विभाग ने रिक्ति भरने के लिए समय पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया होता, तो उसे 2013 में मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया जा सकता था।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति खतरनाक : पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद

कोलकाता (भाषा)। बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा है कि भारत विरोधी बयानबाजी और कट्टरपंथियों एवं आतंकवादी ताकतों को बढ़ावा देना परस्पर संबंधित रणनीतियां हैं, जिन्होंने बांग्लादेश को पूर्ण अराजकता की ओर धकेल दिया है। उन्होंने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लेदश की अंतरिम सरकार पर लोकतंत्र को भीड़तंत्र में तब्दील करने का आरोप लगाया। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद बिगड़े हालात के बाद अपना देश छोड़कर आए महमूद ने हाल ही में एक अज्ञात स्थान से पीटीआई-भाषा के साथ टेलीफोन पर एक विशेष साक्षात्कार में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को खतरनाक करार दिया। उन्होंने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी सहित चरमपंथी समूह सक्रिय हो गए हैं।

महमूद ने जोर देकर कहा कि हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमलों का घटनाक्रम एक चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह अल्पसंख्यक विरोधी भावना को दर्शाता है जो चरमपंथी बयानबाजी से मेल खाती है, जिससे धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत एवं धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा दोनों खतरे में पड़ रहे हैं। इस बीच, बांग्लादेश के चटगांव शहर में एक वकील की हत्या और एक प्रमुख हिंदू नेता की गिरफ्तारी को लेकर सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने के आरोप में कम से कम 30 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

सहायक लोक अभियोजक सैफुल इस्लाम की मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों और बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के अनुयायियों के बीच झड़प के दौरान मौत हो गई। दास को राजद्रोह के मामले में चटगांव की एक अदालत द्वारा जमानत देने से इनकार करने और जेल भेजे जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। दास और 18 अन्य लोगों के खिलाफ 30 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक नेता की शिकायत पर चटगांव के कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। उन पर 25 अक्टूबर को हिंदू समुदाय की एक रैली के दौरान शहर के लालदीघी मैदान में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाया गया था।

छात्र आंदोलन के बाद अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा था। महमूद तत्कालीन मंत्रिमंडल के प्रमुख सदस्यों में शामिल थे। बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री महमूद ने उम्मीद जताई कि अमेरिका में नया ट्रंप प्रशासन बांग्लादेश में जल्द से जल्द स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव और सभी दलों के लिए समान अवसर के वास्ते प्रयास करेगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एक लोकतांत्रिक बांग्लादेश क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा में योगदान देगा। पूर्व विदेश मंत्री ने हसीना सरकार के बाद उपजे राजनीतिक शून्य में चरमपंथी गुटों के फिर से उभरने पर भी चिंता जताई, तथा ढाका में पाकिस्तानी दूतावास की बढ़ी हुई गतिविधियों को अशांति फैलाने में विदेशी संलिप्तता का सबूत बताया। साथ ही दावा किया कि, पाकिस्तान इन चरमपंथी समूहों में से कुछ के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। महमूद ने दावा किया, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की भारत विरोधी बयानबाजी और कट्टरपंथी ताकतों का उदय, पूरी तरह से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जो लोग इस अंतरिम सरकार का हिस्सा हैं, इसका नेतृत्व कर रहे हैं और इसका समर्थन कर रहे हैं, अगर आप उनकी पृष्ठभूमि की जांच करेंगे तो आपको सच्चाई पता चल जाएगी। ए सभी आपस में जुड़े हुए हैं। महमूद (61) ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के सामने मौजूदा स्थिति की एक भयावह तस्वीर पेश की, जिसमें हिंदू और बौद्ध मंदिरों पर लगातार हमले हो रहे हैं। पूर्व विदेश मंत्री ने कहा, देश के हर कोने में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ किसी न किसी तरह की आक्रामकता देखी गई है। उन्होंने अर्थशास्त्री से राजनेता बने यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर इन समुदायों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

### इस्कॉन कोलकाता ने बांग्लादेश में पुजारियों पर हमलों के बारे में केंद्र को अवगत कराया

**कोलकाता ( भाषा )।** अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) कोलकाता ने बुधवार को कहा कि उन्होंने बांग्लादेश में अपने पुजारियों और हिंदू वैष्णव धार्मिक संस्था के अन्य सदस्यों पर लगातार हो रहे हमलों के बारे में केंद्र को अवगत कराया है।

## पेज 1 का शेष

### भारत...

आतंकवादी समूह के कई नेताओं के मारे जाने के बाद यह संघर्ष और बढ़ गया।

### दिल्ली में..

11 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 302 था। आईएक्यू एयर रियल टाइम डेटा से पता चला है कि उसी समय पीएम 2.5 सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के वार्षिक पीएम 2.5 दिशानिर्देश मूल्य से 38.2 गुना अधिक थी। मुंडका में सबसे अधिक एक्यूआई 443 दर्ज किया गया, उसके बाद रोहिणी और विवेक विहार में 432 दर्ज किया गया। आनंद विहार में एक्यूआई 431 दर्ज किया गया, जबकि जहांगीरपुरी में 422 रहा। अन्य गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में सोनिया विहार 425, शादीपुर 423 और पंजाबी बाग 413 शामिल हैं। अलीपुर (416), नरेला (415) और अशोक विहार (420) में भी एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में रहा, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। पड़ोसी एनसीआर शहरों में मामूली गिरावट देखी गई, जिसमें फरीदाबाद में एक्यूआई 184, गुरुग्राम में 160 और नोएडा में 257 दर्ज किया गया। 20 नवंबर को एक्यूआई 419 पर पहुंच गया था, उसके अगले दिन 371, शुक्रवार को 393, शनिवार को 412 और रविवार को 318 था। 301 और 400 के बीच के एक्यूआई को बहुत खराब के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जबकि 400 से ऊपर के स्तर को गंभीर माना जाता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए केंद्र की निर्णय सहायता प्रणाली ने अनुमान लगाया कि बुधवार को दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन का योगदान 23. 436 प्रतिशत था। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में अन्य राज्यों से गैर-ज़रूरी ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध है और दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण फोर के कारण लगभग चार लाख वाहन सड़क से नदारद हैं। वायु प्रदूषण में आवासीय क्षेत्र का योगदान 6.043 प्रतिशत, उद्योगों का योगदान 5.438 प्रतिशत, निर्माण का 3. 492 प्रतिशत, ऊर्जा क्षेत्र का 2. 351 प्रतिशत, अपशिष्ट जलाने का 2. 276 प्रतिशत, सड़क की धूल का 1.754 प्रतिशत और अन्य का 1.624 प्रतिशत होने का अनुमान है। डीएसएस वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के लिए दैनिक अनुमान प्रदान करता है, जबकि पराली जलाने का डेटा आम तौर पर अगले दिन उपलब्ध होता है। छात्रों और उनके अभिभावकों के एक समूह ने संसद के पास विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें राजनीतिक नेताओं से दिल्ली की बिगड़ती वायु गुणवत्ता की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया गया। प्रदर्शनकारी 'सांसों के लिए संसद चलो' बैनर के तहत एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन में शामिल एक अभिभावक ने कहा, 'हम इस बात को लेकर बहुत चिंतित हैं कि अगर स्थिति और खराब होती रही तो हम अपने बच्चों और अगली पीढ़ी को स्वच्छ हवा कैसे मुहैया करा पाएंगे।' प्रदर्शनकारियों में नौ वर्षीय मीरा पूर्णिमा वुट्स भी शामिल थीं। उन्होंने कहा, 'प्रदूषण के कारण मेरे पिता और मैं लगातार खांसते रहते हैं।' विरोध प्रदर्शन में मौजूद पर्यावरणविद भावरीन कंधारी ने इस मुद्दे की गंभीरता पर जोर दिया। प्रदर्शनकारियों ने स्थिति की गंभीरता पर जोर देने के लिए 'हमारे बच्चों के फेफड़े बचाओ', 'सांस लेने का मेरा अधिकार' और 'वायु प्रदूषण पर अभी कार्रवाई करो' जैसे संदेशों वाली तख्तियां उठाईं।

### एनएसजी...

अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठकों में से एक के दौरान अमरनाथ यात्रा के वार्षिक आयोजन से पहले इस प्रस्ताव पर विचार किया गया था।

### बांग्लादेश...

के समक्ष उत्पन्न 'असुरक्षा के माहौल' और हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त की।

### गौतम अदाणी...

जनरल और वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने अडानी समूह के दावों का समर्थन करते हुए कहा कि उनके आकलन में पाँच आरोप या गिनती हैं और अदाणी और उनके सहयोगियों पर गिनती 1 या 5 के तहत आरोप नहीं लगाए गए हैं जो क्रमश: 'एफसीपीए का उल्लंघन करने की साजिश' और 'न्याय में बाधा डालने की साजिश' के आरोपों से निपटते हैं। उन्होंने कहा कि अभियोग, जो एक भारतीय अदालत में दायर आरोपपत्र के बराबर है, में एक भी व्यक्ति का नाम नहीं है जिसे रिश्वत दी गई हो। वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा सांसद महेश जेठमलानी ने भी अडानी के खिलाफ अमेरिकी आरोपों पर मीडिया से बात की और कहा कि अभियोग की प्रकृति, अस्पष्ट साक्ष्य और कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए, यह एक 'साजिश' प्रतीत होती है। उन्होंने कहा, अब यह स्पष्ट है कि डेमोक्रेटिक डीप स्टेट तंत्र का एक हिस्सा... अमेरिका में दो डीप स्टेट हैं, रिपब्लिकन डीप स्टेट और डेमोक्रेटिक डीप स्टेट। डेमोक्रेटिक डीप स्टेट ने, 2023 के बाद कुछ कारणों से, वर्तमान सरकार के प्रति अत्यधिक शत्रुतापूर्ण रुख अपनाया है। अभियोग की बात करें तो, सबसे पहले अदाणी या अदाणी ग्रीन में से किसी के खिलाफ अभियोग में कोई अपराध नहीं बताया गया है। अदाणी समूह की कंपनियों ने अमेरिकी अभियोग के बाद से बाजार पूंजीकरण में लगभग 54 अरब अमरीकी डॉलर खो दिए हैं। साथ ही, मूडीज और फिच सहित अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने कई अदाणी फर्मों पर अपने दृष्टिकोण को कम कर दिया है। ये डाउनग्रेड कानूनी चुनौतियों के कारण अनुमानित बढ़ी हुई पूंजी लागत और फंडिंग तक कमजोर पहुंच पर आधारित हैं। एक अन्य परिणाम यह हुआ कि एजीईएल ने ग्रीन बांड के माध्यम से 60 लाख अमेरिकी डॉलर का ऋण जुटाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया, जबकि इसके लिए तीन गुना से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जब देश में सैकड़ों लोगों को 'छोटे' आरोपों में गिरफ्तार किया जाता है, तो अदाणी जेल में क्यों नहीं हैं? अदाणी समूह द्वारा आरोपों से इनकार करने के बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा, 'आपको लगता है कि अदाणी आरोपों को स्वीकार करने जा रहे हैं। आप किस दुनिया में रह रहे हैं? जाहिर है, वह आरोपों से इनकार करने जा रहे हैं।' पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा, मुद्दा यह है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

### संभल...

को मुख्य आरोपी और सपा विधायक के बेटे सुहैल इकबाल को दूसरा आरोपी बताया गया है। इसके अलावा, 2,750 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो अशांति के पैमाने को उजागर करता है। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि बर्क ने सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने और राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए भीड़ को उकसाया। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि बर्क ने हिंसा से दो दिन पहले प्रशासनिक अनुमति के बिना जामा मस्जिद का दौरा किया, जिसने कथित तौर पर बढ़ते तनाव को और बढ़ा दिया। अशांति तब शुरू हुई जब सर्वेक्षण के दौरान जामा मस्जिद में बड़ी भीड़ जमा हो गई। स्थिति को शांत करने के पुलिस के प्रयासों के बावजूद, भीड़ ने तितर-बितर होने से इनकार कर दिया और कथित तौर पर प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश की। सब-इंस्पेक्टर निशांत मलिक और उनकी टीम नखासा चौराहे पर पहुंची, जहां भीड़ जमा थी। दोपहर करीब 12:35 बजे स्थिति और बिगड़ गई, क्योंकि भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और ईंटों से लैस होकर उन्होंने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, एक सरकारी मोटरसाइकिल और एक निजी बुलेट बाइक को आग लगा दी और पुलिस से पिस्तौल छीनने की भी कोशिश की। एफआईआर में उल्लेख किया गया है कि सब-इंस्पेक्टर मलिक ने अपना हथियार सुरक्षित करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन भीड़ ने दस 9 एमएम की गोलियों के साथ उसकी मैगजीन लूट ली। इसमें आगे कहा गया है कि भीड़ में से नारे लग रहे थे, हम मस्जिद में सर्वे नहीं होने देंगे। उनके हथियार छीन लो, उन्हें आग लगा दो और उन्हें मार डालो। कोई भी बचना नहीं चाहिए।

### एकलिंगनाथजी...

जहां उन्होंने मंदिर जाने से पहले धूनी (पवित्र अग्नि) पर प्रार्थना करने की योजना बनाई थी। सोमवार रात को महल में प्रवेश करने से रोके जाने के बाद उनके समर्थकों और उदयपुर सिटी पैलेस के प्रतिनिधियों के बीच हुई हिंसक झड़प पर प्रतिक्रिया देते हुए विश्वराज सिंह ने कहा कि पूरा विवाद अनावश्यक था। उन्होंने कहा कि राज्याभिषेक के बाद किसी भी शाही परिवार के सदस्य के लिए धूनी मंदिर जाना एक सामान्य अनुष्ठान है।

# बजट सत्र तक बढ़ सकता है वक्फ समिति का कार्यकाल

**नई दिल्ली।**(भाषा) वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति का कार्यकाल अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। इस संदर्भ में एक प्रस्ताव बृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश किया जा सकता है। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल के नेतृत्व में बुधवार को हुई बैठक में सदस्यों ने इस संदर्भ में एक प्रस्ताव पर सर्वसम्मति व्यक्त की। बैठक में एक प्रस्ताव के माध्यम से निर्णय लिया गया कि समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह करेगी कि समिति का कार्यकाल अगले साल के बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ाया जाए। समिति ने कार्यकाल बढ़ाने का कदम ऐसे समय उठाने का फैसला किया है जब हाल ही में पाल ने कहा था कि रिपोर्ट तैयार है। सरकार की तरफ से भी पहले कहा गया था कि संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फ (संशोधन) विधेयक लाया जाएगा। पाल ने बैठक के बाद बुधवार को कहा कि सदस्यों की राय थी कि कई राज्यों के अधिकारियों को अभी बुलाया जाना है, ऐसे में समिति का कार्यकाल कुछ समय के लिए बढ़ाए जाने का आग्रह किया जाए। उन्होंने कहा, छह राज्य ऐसे हैं जहां कई सरकारी संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड खुद का दावा कर रहे हैं। इस बारे में हमने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव से पूछा था। सचिव ने कहा कि जवाब मांगा गया है कि लेकिन उनसे जवाब नहीं आया है। पाल का कहना था कि राज्यों के अल्पसंख्यक मामलों के सचिवों और मुख्य सचिवों को बुलाया जाना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद और समिति की सदस्य अपराजिता सारंगी ने कहा कि समिति लोकसभा अध्यक्ष से 2025 के बजट सत्र के आखिरी दिन तक सदन में अपनी रिपोर्ट जमा करने का समय बढ़ाने का अनुरोध करेगी।कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि समिति का कार्यकाल बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव बृहस्पतिवार को सदन में आ सकता है। लोकसभा ने समिति को (गत सोमवार से शुरू हुए) संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा था। इससे पहले, समिति में शामिल विपक्षी सदस्य बुधवार को समिति की बैठक से यह आरोप लगाते हुए बाहर निकल गए थे कि इसकी प्रक्रिया मजाक बनकर रह गई है। हालांकि, वे यह संकेत मिलने पर एक घंटे बाद बैठक में वापस लौट आए कि समिति अध्यक्ष जगदम्बिका पाल कार्यकाल विस्तार की मांग करेंगे। कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक के ए. राजा, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल के आचरण का विरोध किया और आरोप लगाया कि वह उचित प्रक्रिया पूरी किए बिना 29 नवंबर की समयसीमा तक इसकी कार्यवाही पूरी करने के इच्छुक हैं।

गोगोई ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संकेत दिया था कि समिति का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि कोई बड़ा मंत्री पाल को निर्देशित कर रहा है। तृणमूल सांसद बनर्जी ने कहा, यह एक मजाक है। समिति की अब तक 25 से अधिक हुई बैठकों में कई मौकों पर पाल और विपक्षी सदस्यों के बीच गतिरोध देखने को मिला है। विपक्षी सदस्यों ने पाल पर मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया था जिसका भाजपा सांसद ने खंडन किया था। सरकार ने वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक गत आठ अगस्त को लोकसभा में पेश किया था जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक एवं चर्चा के बाद संयुक्त समिति को भेजने का फैसला हुआ था। इस विधेयक में वर्तमान अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव दिया गया है, जिनमें वक्फ निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना भी शामिल है। वक्फ (संशोधन) विधेयक में वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 करने का भी प्रावधान है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के विवरण के अनुसार, विधेयक में यह तय करने की बोर्ड की शक्तियों से संबंधित मौजूदा कानून की धारा 40 को हटाने का प्रावधान है कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं। यह संशोधन विधेयक केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड की व्यापक आधार वाली संरचना प्रदान करता है और ऐसे निकायों में मुस्लिम महिलाओं तथा गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है।

## कुल 58,929 वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमणः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि देश में कुल 58,929 वक्फ संपत्तियां अतिक्रमण का सामना कर रही हैं, जिनमें से 869 कर्नाटक में हैं। लोकसभा में भाजपा सदस्य बसवराज बोम्मई के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने यह जानकारी दी। रीजीजू ने कहा कि मंत्रालय और केंद्रीय वक्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी) को समय-समय पर वक्फ संपत्तियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के बारे में शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि उचित कार्रवाई के लिए इन्हें राज्य वक्फ बोर्डों और



संबंधित सरकारों को भेज दिया गया। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएएमएसआई (वक्फ एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया) पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, 58,929 वक्फ संपत्तियां अतिक्रमण का सामना कर रही हैं, जिनमें से कर्नाटक में 869 ऐसी वक्फ संपत्तियां हैं। मंत्री ने बताया कि वक्फ अधिनियम की धारा 54 और 55 के अनुसार, राज्य वक्फ बोर्डों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पास वक्फ संपत्तियों पर अनधिकृत कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की शक्ति है।

# तेलंगाना की जनता कांग्रेस सरकार से तंग आ चुकी है, अब भाजपा की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहीः मोदी



**नई दिल्ली।** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि तेलंगाना की जनता वहां की कांग्रेस सरकार से तंग आ चुकी है और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कुशासन की भयानक यादें अब भी उनके मन में ताजा हैं, लिहाजा वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर बड़ी उम्मीद से देख रही है।प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के भाजपा विधायकों और सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह बात कही।उन्होंने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तेलंगाना भाजपा के विधायकों और सांसदों के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। उन्होंने कहा, राज्य में हमारी पार्टी की उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है। तेलंगाना के लोग पहले ही कांग्रेस से तंग आ चुके हैं और बीआरएस कुशासन की भयानक यादें हैं। वे बड़ी उम्मीद से भाजपा की ओर देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ता विकास के एजेंडे पर विस्तार से काम करते रहेंगे।

प्रधानमंत्री से मुलाकात करने वालों में केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और बंडी संजय कुमार तथा वरिष्ठ नेता के लक्ष्मण सहित कई सांसद और विधायक शामिल थे। पिछले साल हुए तेलंगाना चुनाव में राज्य की 119 सदस्ईय विधानसभा सीट में से कांग्रेस ने 64 सीट जीतकर सरकार बनाई थी जबकि सत्तारूढ़ बीआरएस 39 सीट पर सिमट गई थी। तेलंगाना में भाजपा ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ सीट जीती थी।

# भाजपा ने खरगे से कहा, राहुल को बदलें, ईवीएम को नहीं

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से नहीं बल्कि इसके नेतृत्व के खराब प्रबंधन की वजह से करारी हार मिली और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कहा कि वह वोटिंग मशीन की जगह राहुल गांधी को बदलने पर विचार करें। ईवीएम पर कांग्रेस अध्यक्ष की हालिया टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए भाजपा के लोकसभा सदस्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि खरगे यदि इवीएम, निर्वाचन आयोग, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो, न्यायपालिका और मोदी सरकार नहीं चाहते हैं तो राहुल गांधी को लेकर मंगल ग्रह पर जा सकते हैं और वहां खुशी से रह सकते हैं। सत्तारूढ़ पार्टी की प्रतिक्रिया खरगे द्वारा चुनावों में मतपत्र के उपयोग की वापसी की मांग करने के एक दिन बाद आई है। खरगे ने इसके बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर एक ठोस अभियान का आह्वान भी किया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में संविधान रक्षक अभियान को संबोधित करते हुए कहा था, उन्हें ईवीएम अपने पास रखने दीजिए। हम ईवीएम नहीं चाहते, हम बैलेट पेपर से मतदान



चाहते हैं। तब उन्हें पता चलेगा कि उनकी स्थिति क्या है और वे कहां खड़े हैं। पात्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार पर अपनी हताशा निकाल रहे हैं। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, समस्या मशीन (ईवीएम) में नहीं है। समस्या नेतृत्व (कांग्रेस) के साथ है। ईवीएम ठीक है, राहुल खराब हैं। राहुल को बदलें, ईवीएम को नहीं। पात्रा ने कहा, आप आरबीएम के कारण चुनाव हार गए हैं, जिसका मतलब है कि राहुल का बेकर प्रबंधन। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि खरगे ईवीएम, निर्वाचन आयोग, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो और न्यायपालिका नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा, "आप भारत की मौजूदा सरकार भी नहीं चाहते क्योंकि आपको लगता है कि यह एक अच्छी सरकार नहीं है। आप कुछ भी नहीं चाहते हैं। तब मुझे लगता है कि मंगल ग्रह आपके लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। कोई नहीं है वहां... आप वहां जाइए, शहजादा को कुर्सी पर बैठाइए और खुशी से जिएं।

## सरकार ने मध्य वर्ग को लूटने का ठेका ले रखा है



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि सरकार ने मध्य वर्ग को लूटने का ठेका ले रखा है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पेट्रोल और डीजल पर बेतहाशा कर, शुल्क और अधिभार लगाकर मोदी सरकार ने आम जनता से लाखों करोड़ों रुपए लूटे हैं। संसद में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर के अनुसार, सरकार ने पिछले पांच साल में लोगों की जेबों से 36 लाख करोड़ रुपए से ज़्यादा राशि की उगाही की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तर्क यह देगी कि ए पैसा कल्याणकारी योजनाओं और अवसंरचना पर ख़र्च होता है। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने लगातार कल्याणकारी योजनाओं का फंड बढ़ाने के बजाय आंकड़ों की हेराफेरी और तथ्यों से छेड़छाड़ कर इसे कम किया है। उन्होंने दावा किया, मई 2014 से अब तक कच्चे तेल की कीमतों में 32 प्रतिशत की गिरावट आई है, पर मोदी सरकार की पेट्रोल-डीज़ल पर लूट जारी है। खरगे ने दावा किया, ऐसा लगता है कि मध्यम वर्ग को लूटने के लिए मोदी सरकार ने कोई ठेका लिया हुआ है।

## संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर नगर के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच कार्यवाही का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर नगर एन बी सबिता के खिलाफविभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सबिता पर कोर्ट आदेश की अवहेलना कर विपरीत आदेश पारित करने तथा मुख्य स्थाई अधिवक्ता पर दोष मढ़ कोर्ट की सहानुभूति प्राप्त करने की तथ्य के विपरीत कोशिश करने का आरोप है। कोर्ट ने कहा सबिता ने न केवल याची के पक्ष में तीन जांच रिपोर्ट के बावजूद फिर जांच बैठाई अपितु हाईकोर्ट के स्थगनादेश के विपरीत अपीलीय अधिकारी के तौर पर कार्य किया। अपने आपको कानून से ऊपर माना। याचिका की अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफतथा न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने अमिता तिवारी उर्फनेहा तिवारी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। इससे पहले कोर्ट ने व्यक्तिगत हलफनामा मांगा।जिसका पालन नहीं किया गया तो हाजिर होकर सफाई देने का निर्देश दिया। इसके बाद हाजिर होकर हलफनामा दाखिल किया गया। याची के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की शिकायत की गई।जिसकी जांच में आरोप निराधार पाया गया। दोबारा शिकायत पर फिर दो बार जांच याची के पक्ष में रही। कोर्ट ने जांच पर रोक लगा दी। इसके बाद भी फिर जांच बैठा दी गई। कोर्ट ने इसे कानून का दुरूपयोग करार दिया और संयुक्त विकास आयुक्त एन बी सबिता के खिलाफअनुशासनात्मक जांच कार्यवाही का आदेश दिया है और मुख्य स्थाई अधिवक्ता को अगली तिथि पर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

## लड़की ने कहा पिता के घर में है खतरा, नारी निकेतन भेज दें

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 साल 8 महीने की नाबालिग लड़की ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को निरर्थक करार दिया और कहा उसे अपने पिता के घर में खतरा है। उसकी सुरक्षा के लिए उसे नारी निकेतन भेज दिया जाए। जिस पर कोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी और जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रयागराज को लड़की को बालिग होने तक नारी निकेतन में रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपर शासकीय अधिवक्ता को इस कार्य में निबंधक शिष्टाचार का सहयोग लेने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने सतीष और अन्य की तरफ से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। याचिका में लड़की को विपक्षियों की अवैध निरूद्धि से मुक्त कराने की मांग की गई थी। कोर्ट ने लड़की को पेश करने का आदेश दिया और उसने हाजिर होकर याचिका के आरोपों को सिरे से नकार दिया कहा वह अपनी मर्जी से गई है। विपक्षियों का उससे कोई सरोकार नहीं है। उसने कहा पहले देहरादून अपनी सहेली के पास जाब के लिए गयी। पिता ने अनुज व उसके परिवार के खिलाफएफआईआर दर्ज किया। लड़की ने पिता द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट को फर्जी बताया तो हाईकोर्ट ने अनुज की बेल ग्रांट कर दिया। लड़की के पिता द्वारा फिर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल किया गया और आरोप फिर अनुज और उसके पिता माता दामाद पर लगाया और कहा कि इन लोगों ने हमारी लड़की को बंधक बनाया है और कहीं गायब कर दिया। कोर्ट के आदेश पर लड़की खुद हरिद्वार से आकर उपस्थित हुई। बयान दिया कि सारी कहानी झूठी है मैं 17 साल 8 महीने से ज्यादा उम्र की हूँ मुझे किसी ने भगाया नही है मैं खुद बच्चों की कोचिंग लेती हूँ मैं हरिद्वार से खुद आई हूँ जिनके ऊपर मुझे लापता करने का आरोप है उनसे मेरा कोई संबंध नहीं अगर मुझे पिता की कस्टडी में दिया गया तो मेरी जान को खतरा है। इसलिए हम पिता के साथ नहीं जा सकते। हमें सुरक्षा और संरक्षण चाहिए।आप हमे नारी निकेतन भेज दीजिये कोर्ट ने परिस्थितियों पर विचारोपरांत लडकी को नारी निकेतन भेज दिया विपक्ष की तरफसे बी डी निषाद भूपेन्द्र एडवोकेट हाईकोर्ट ने बहस किया तो कोर्ट ने हैवियस कार्पस याचिका खारिज कर दिया।

# हिंदू नेता की रिहाई तक बांग्लादेशियों को वीजा जारी न किया जाएःअधिकारी

**कोलकाता।**(भाषा) भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि जब तक बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को रिहा नहीं कर देती तब तक के लिए भारतीय अधिकारियों को बांग्लादेशी नागरिकों को वीजा जारी करना तुरंत बंद कर देना चाहिए। दास की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर बांग्लादेश उप-उच्चायोग को एक ज्ञापन सौंपने के बाद अधिकारी ने पत्रकारों के साथ बातचीत में यह भी मांग की कि जब तक पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रोकने के लिए कदम नहीं उठाए जाते तब तक दोनों देशों के बीच आयात और निर्यात को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया जाना चाहिए। अधिकारी ने कहा, आप जानते हैं कि वहां (बांग्लादेश) हिंदुओं पर किस तरह अत्याचार किया जाता है। इस तरह के अत्याचार को जारी नहीं रहने दिया जा सकता। प्रभु चिन्मय कृष्ण दास ने कुछ भी गलत नहीं किया है। हम उनकी तत्काल रिहाई चाहते हैं। उन पर झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। बहुत हो गया अब।

बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता दास को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। उस समय वह चटगांव में एक रैली में शामिल होने जा रहे थे। मंगलवार को एक अदालत ने



दास को जमानत देने से इनकार करते हुए राजद्रोह के मामले में जेल भेज दिया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने सात भाजपा विधायकों, जिनमें से अधिकतर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों से हैं, के साथ कोलकाता के रवींद्र सदन क्षेत्र से उच्चायोग कार्यालय तक एक रैली निकाली और इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। अधिकारी ने कहा, बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना पूरी तरह से बंद कर दें। साथ ही, निर्यात और आयात के लिए परमिट जारी करना भी बंद कर दें। हम एक दिन इंतजार करेंगे और कथित यातनाओं की घटनाओं को नहीं रोकने की स्थिति में उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर नाकाबंदी शुरू करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में 16 दिसंबर को शहर में एक बड़ी रैली भी करेगी। 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सेना की मदद से इसी दिन 1971 में पाकिस्तान से अलग मुल्क के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। अधिकारी ने अपने मोबाइल फोन पर भारत विरोधी नारे लगाने वाले एक व्यक्ति की वीडियो फुटेज दिखाते हुए दावा किया कि दोनों देशों के बीच संबंधों को नुकसान पहुंचाने के लिए जानबूझकर प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि संबंधित व्यक्ति पड़ोसी देश में कैबिनेट मंत्री है। उन्होंने कहा, भारत और बांग्लादेश के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेकिन मौजूदा सरकार वहां भारत विरोधी भावना पैदा करने की कोशिश कर रही है, जो पहले कभी नहीं थी।

## वकील के खिलाफकेस में बहस करने पर सदस्यता निरस्त करने के प्रस्ताव पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष सचिव को नोटिस जारी कर सफाई मांगी है कि किस कानून के तहत एसोसिएशन प्रस्ताव पारित कर किसी वादकारी को वकील के खिलाफ केस में वकील रखने पर रोक लगा सकती है। कोर्ट ने साफ कहा है कि यदि सफाई से कोर्ट संतुष्ट नहीं हुई तो बार एसोसिएशन के प्रस्ताव को न्याय प्रशासन में अवरोध उत्पन्न करने वाला मानकर उचित कार्रवाई करेगी। कोर्ट ने विपक्षी एटा के अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र को भी नोटिस जारी कर अर्जी पर चार हफ्ते में जवाब मांगा है और एटा अदालत में चल रही केस कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अर्जी की अगली सुनवाई फरवरी 25 माह में होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र ने सौरभ द्विवेदी की स्थानांतरण अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। याची का कहना है कि उसकी पत्नी की मौत हो गई।उसने अपने बच्चे की अभिरक्षा के लिए प्रधान न्यायाधीश परिवार अदालत एटा में अर्जी दी है। बच्चे से मिलने के अधिकार के तहत हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर उसे हर शनिवार को अपने बच्चे से मुलाकात का अधिकार दिया गया है।विपक्षी वकील हैं वह पुलिस पर दबाव बनाकर याची को बच्चे से मिलने से रोक रहा है।याची का कहना है कि बार एसोसिएशन एटा ने प्रस्ताव पारित कर कहा है कि किसी वकील के व्यक्तिगत केस में जो वकील खिलाफ बहस करेगा उसकी बार की सदस्यता निरस्त कर दी जायेगी। जिसके कारण उसे कोई वकील नहीं मिल रहा है। इसलिए उसका केस एटा से लखनऊ स्थानांतरित किया जाए।

# भारत, यूरोपीय संघ ने एफटीए वार्ता की समीक्षा की, यूक्रेन में स्थाई शांति की आवश्यक्ता पर बल दिया

**नई दिल्ली।**(भाषा) भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने तीन बैठक कर द्विपक्षीय सहयोग का व्यापक मूल्यांकन किया, एफटीए वार्ता की समीक्षा की और यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत एवं स्थाई शांति की आवश्यकता को रेखांकित किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और ईयू ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई तथा भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यूरोपीय संघ की बढ़ती भागीदारी का स्वागत किया। भारत और यूरोपीय संघ ने 22 नवंबर को ब्रुसेल्स में पांचवीं रणनीतिक साझेदारी समीक्षा बैठक आयोजित की। भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने किया तथा यूरोपीय संघ पक्ष का नेतृत्व यूरोपीय बाह्य कार्वाई सेवा (ईईएएस) में आर्थिक एवं वैश्विक मुद्दों के लिए उप महासचिव साइमन मोर्ड्यू ने किया। दसवीं भारत-यूरोपीय संघ विदेश नीति एवं सुरक्षा परामर्श तथा दसवीं भारत-यूरोपीय संघ ऊर्जा समिति की बैठक भी 21 नवंबर को आयोजित की गई थी। लाल ने ईईएएस के महासचिव स्टेफानो सैनिनो से भी मुलाकात की।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ए बैठकें भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी की 20वीं वर्षगांठ के मौके पर तथा भारत और यूरोपीय संघ तथा उसके सदस्य देशों के बीच बढ़ते संबंधों की पृष्ठभूमि में आयोजित की गईं। बयान में कहा गया कि बैठकों में भारत और यूरोपीय संघ के बीच द्विपक्षीय सहयोग का व्यापक मूल्यांकन किया गया। इसमें कहा गया, 2024-2029 के लिए राजनीतिक दिशा-निर्देशों में एक नया भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक एजेंडा विकसित करने के लिए राष्ट्रपति वॉन डेर लेएन की प्रतिबद्धता का स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान आर्थिक सुरक्षा, हरित परिवर्तन, रक्षा और सुरक्षा सहयोग, प्रवासन, भारत-यूरोपीय संघ संपर्क भागीदारी, और आईएमईसी (भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा) समेत व्यापक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने और शिक्षा तथा अनुसंधान में लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा की।उन्होंने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर समझौते के लिए जारी वार्ता की समीक्षा की और उनके महत्व पर सहमति व्यक्त की। बयान में कहा गया, उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर बल दिया।

## सरिता हत्याकांड के दोषी पति को 7 वर्ष की कैद

सोनभद्र। 14 वर्ष पूर्व दहेज प्रताड़ना के चलते हुई सरिता हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति मुकुन्दलाल उर्फबबुन्दर को 7 वर्ष की कैद व तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। दोषी पति को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मृतका का भाई अमरेश सिंह निवासी ग्राम देवरी थाना रॉबर्ट्सगंज, ने घोरावल थाने में 15 नवंबर 2010 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसने अपनी बहन सरिता की शादी करीब 6 वर्ष पूर्व मुकुन्दलाल उर्फबबुन्दर पुत्र सुदामा निवासी ग्राम बेलखुरी, थाना घोरावल,के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था। शादी में अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार स्वरूप सामान दिया था। बावजूद इसके दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन सरिता को मुकुन्दलाल उर्फ बबुन्दर शुरू से ही मारपीट कर प्रताड़ित करता था। जब भी सरिता मायके आती थी तो सारी बात सबको बताती थी। कई बार रिश्तेदारों के सामने पंचायत भी हुई, जिसमें कहा जाता था कि अब प्रताड़ित नहीं करेंगे। लेकिन पुनः वहीं रवैया अपनाया जाता रहा। 5 नवंबर 2010 को दीपावली के दिन सूचना पर अन्य लोगों के साथ अस्पताल पहुंचा तो बहन सरिता मृत हाल में पड़ी थी। उसे पूर्ण विश्वास है कि दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो मुकुन्दलाल उर्फबबुन्दर ने उसकी बहन सरिता को मार डाला है। रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मुकुन्दलाल उर्फबबुन्दर को सजा सुनाई। इस संदर्भ में सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट में सरिता की मौत विष के सेवन से हुई बताया गया है। अभियुक्त मुकुन्दलाल उर्फबबुन्दर को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

## नीलमणि ने अंगदान की घोषणा की

संतकबीरनगर। नगर पंचायत हैंसर अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि ने अंगदान दिवस पर बुधवार की देर शाम जिलाधिकारी को पत्र सौप कर अपने शरीर का मृत्यु उपरान्त अंगदान किये जाने का लिखित रूप में पत्रक सौपा है। उन्होंने दिये गये पत्र में कहा है कि वे स्वेच्छा से मृत्यु उपरान्त जो भी उनके शरीर के अंग क्रियाशील होगे उसे आवश्यकता अनुसार वह दान करना चाहते है। इस सराहनीय पहल पर हैंसर क्षेत्र सहित जनपद में उनकी प्रशंसा की जा रही है।



# इमरान की पार्टी ने विरोध प्रदर्शन रोका, चार की मौत

भाषा। इस्लामाबाद



**जेल में बंद** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने बुधवार को औपचारिक रूप से अपना विरोध प्रदर्शन रोक दिया और इसके लिए आधी रात को की गई अधिकारियों की कार्रवाई को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इससे पहले खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने दावा किया था कि सुरक्षा कर्मियों के साथ हुई हिंसक झड़पों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। इस्लामाबाद तक मार्च का नेतृत्व करने वालीं खान की पत्नी बुशरा बीबी और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के ठिकाने के बारे में चिंताओं के बीच पार्टी ने कहा कि वे दोनों खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद के पास मनसेहरा शहर में हैं। अधिकारियों ने सड़कें फिर से खोलनी शुरू कर दीं और उन स्थानों की सफाई शुरू कर दी है, जहां पीटीआई के तीन दिन के विरोध प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ हुई थी। आधी रात को हुई कार्रवाई के बाद खान के समर्थकों को राजधानी के डी-चौक और उसके आसपास के इलाकों को खाली करके जाना पड़ा। पीटीआई ने इस कार्रवाई को ैफासीवादी सैन्य शासनै के तहत ैनरसंहारै करार दिया जबकि पुलिस सूत्रों ने कहा कि कार्रवाई के दौरान लगभग 450 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की गई एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा सरकार की क्रूरता और राजधानी को निहत्थे लोगों के लिए बूचड़खाने में तब्दील करने की सरकार की योजना को देखते हुए, (हम) कुछ समय के लिए शांतिपूर्ण विरोध निलंबित करने की घोषणा करते हैं। पार्टी ने कहा कि खान के निर्देशों के आधार पर अगला कदम उठाया जाएगा। इससे पहले मंगलवार शाम को, पीटीआई समर्थकों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से झड़प हुई, जिसके बाद वे रविवार को शुरू हुए इस्लामाबाद मार्च के तहत डी-चौक पर धरना देने में सफल रहे। पुलिस के साथ समर्थकों की झड़प में छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के साथ पेशावर से इस्लामाबाद तक मार्च का नेतृत्व करने वालीं खान की पत्नी बुशरा बीबी ने कहा कि प्रदर्शनकारी तब तक नहीं हटेंगे जब तक खान को जेल से रिहा नहीं किया जाता। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें क्षेत्र से हटाने के अपने प्रयास जारी रखे। डी-चौक के आसपास राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसद और उच्चतम न्यायालय स्थित हैं। आधी रात के आसपास, पुलिस और रेंजर्स ने ब्लू एरिया व्यापार क्षेत्र को खाली करने के लिए एक अभियान चलाया।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शिया-सुन्नी के बीच हिंसा में 10 की मौत, 21 घायल

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में सुन्नी और शिया समुदायों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद दोनों में छिटपुट झड़पें जारी रहने के कारण कम से कम 10 और लोग मारे गए हैं तथा 21 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। ताजा हिंसा मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। पुलिस ने बताया कि छिटपुट सामुदायिक हिंसा में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने कहा कि कुर्रम जिले में अलीजाई और बागान समुदायों के बीच संघर्ष पिछले सप्ताह शुक्रवार को शुरू हुआ था। इससे पहले बृहस्पतिवार को पाराचिनार के पास यात्री गाड़ियों के काफिले पर हमला हुआ था जिसमें 47 लोग मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को हुई हिंसा में कम से कम 37 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बृहस्पतिवार को काफिले पर हुए हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। प्रांतीय सरकार के प्रतिनिधिमंडल और दोनों समुदायों के बुजुर्गों के बीच बैठकों के बाद रविवार को शिया और सुन्नी समुदायों के बीच सात दिन का संघर्ष विराम हुआ था। हालांकि, पुलिस ने कहा कि संघर्ष विराम के बावजूद छिटपुट झड़पें जारी है। मंगलवार को घोजगारी, मातासानगर और कुंज अलीजई इलाकों में छिटपुट लड़ाई हुई। कुर्रम के उपायुक्त जावेदउल्ला महसूद ने कहा कि हंगू, ओरकजई और कोहाट जिलों के बुजुर्गों का एक बड़ा जिरगा (कबायली परिषद) शत्रुता समाप्त करने के लिए नए सिरे से मध्यस्थता के वास्ते कुर्रम का दौरा करेगा। उन्होंने कहा कि कोहाट के आयुक्त शांति प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस बीच, कुर्म जिला मुख्यालय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मीर हसन खान ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमले के बाद पाराचिनार की ओर जाने वाली सड़कें बंद होने से दवाओं की कमी हो गई है। उन्होंने कहा कि दवाओ की कमी के कारण डॉक्टरो के लिए लोगो का इलाज करना मुश्किल हो रहा है और लोगों की जान जा रही है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुंबई आतंकवादी हमले की याद में ब्रिटेन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की

लंदन। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की बरसी पर लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्य और ब्रिटेन के कई गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। मंगलवार शाम को इंडिया हाउस में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि के रूप में फोटोग्राफ आधारित प्रदर्शनी और 26 नवंबर 2008 को शहर पर हुए हमलों से जुड़े वीडियो भी शामिल थे। यादव ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हमारे इतिहास का एक दर्दनाक अध्याय है। मैं इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुख्यमंत्री यादव ने उन लोगों पर हमलों के गहरे प्रभाव को स्वीकार किया जिन्होंने इस भयावहता का प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया और जिन लाखों लोगों ने टेलीविजन स्क्रीन पर इस दर्दनाक घटना को देखा। ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल ने कहा, भारतीय उच्चायोग ने आयोजित अत्यंत मार्मिक स्मरणोत्सव में भाग लेना सम्मान की बात है, क्योंकि हम उस भयानक आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और ब्रिटिश सिख एसोसिएशन के अध्यक्ष लॉर्ड रामी रेंजर उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने आतंकवादी हमले में मारे गए 166 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी।

## नेपाली कांग्रेस ने चीन से ऋण को लेकर चेताया

काठमांडू। नेपाली कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को कहा कि नेपाल बीआरआई व्यवस्था के तहत चीन से अनुदान और तकनीकी सहायता स्वीकार कर सकता है, लेकिन ऋण नहीं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) नेता और पूर्व वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री केपी ओली की दो दिसंबर से शुरू होने वाली चीन यात्रा से कुछ दिन पहले आई है। नेपाली कांग्रेस नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के अध्यक्ष ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। नेपाल के लिए बीआरआई के रणनीतिक निहितार्थ विषय पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महत ने कहा कि नेपाल बीआरआई व्यवस्था के तहत चीन से अनुदान और तकनीकी सहायता स्वीकार कर सकता है, लेकिन ऋण नही। उन्होने कहा, हम पहले से ही अतीत में लिए गए विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय ऋणों के बोझ तले दबे हुए है, इसलिए हम विकास सहायता के नाम पर नया ऋण नही ले सकते। कांग्रेस नेता ने कहा कि नेपाल सड़कों और संपर्क के लिए बीआरआई के तहत चीन से सहायता मांग सकता है, लेकिन उसकी प्राथमिकता अनुदान या तकनीकी सहायता होनी चाहिए।

## दुनिया सुनेगी ड्रामा हार्टबीट्स की आवाज

हालीवुड। इंतज़ार आखिरकार खत्म हुआ क्योंकि अमेज़न की मुफ़्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाअमेज़न एमएक्स प्लेयर ने अपनी रोमांटिक ड्रामा सीरीज़ हार्टबीट्स का एक दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज़ किया है। दिल्ली के गायत्री देवी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो युवा मेडिकल इंटर्न के जीवन के बारे में है जो उच्च.दांव वाली आपात स्थितियोंए महत्वाकांक्षाओं और आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों से जूझते हैं। रस्क मीडिया द्वारा बनाई गई इस सीरीज़ में हर्ष बेनीवालए शिवांगी जोशी, निशांत मलकानी,युवराज दुआ जैसे बेहतरीन कलाकार शामिल हैं और यह सीरीज 29 नवंबर से अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर मुफ़्त में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अमेज़न एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफकंटेंट अमोघ दुसाद ने कहाए ष्हार्टबीट्स एक नए युग का ड्रामा हैए जिसका उद्देश्य युवा दर्शकों की भावनाओं और महत्वाकांक्षाओं को जगाना है। कहानी को एक मेडिकल ड्रामा के रूप में पेश किया गया हैए जिसमें उभरते डॉक्टरों की चुनौतियोंए अद्वितीय रिश्तों और परिवर्तनकारी यात्राओं को भी दिखाया गया है।सीरीज़ का हिस्सा बनने और सांझ का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुएए शिवांगी जोशी ने कहाए ष्सांझ एक खूबसूरती से परत दर परत विकसित किया गया किरदार हैए जो महत्वाकांक्षा और नर्मी को इस तरह से जोड़ता है जो गहराई से संबंधित है। उसके संसार में कदम रखना मेरे लिए एक अद्भुत यात्रा थी। हार्टबीट्स ड्रामा, रोमांस और उम्मीद का एक बेहतरीन मिश्रण लाता हैए और मुझे यकीन है कि यह दर्शकों को प्रेरित और गहरे भावनात्मक रूप से प्रभावित करेगा।यह ट्रेलर अक्षत के जीवन की एक झलक पेश करता हैए जो एक छोटे शहर का लड़का है और बड़े अरमानों से प्रेरित हैए जो एक ऐसी दुनिया में कदम रखता है जो उसके मूल से बहुत अलग है।

## फिलीपीन: पुलिस ने उपराष्ट्रपति दुतेर्ते और उनके सुरक्षा सहयोगियों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की

मनीला। फिलीपीन पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते और उनके सुरक्षा कर्मचारियों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की।पुलिस के मुताबिक, उपराष्ट्रपति और उनके सुरक्षा कर्मचारियों पर कांग्रेस (संसद) में हाल ही में हुए विवाद के दौरान अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने और उन पर हमला करने का आरोप है। क्यूजोन सिटी पुलिस द्वारा दर्ज की गई आपराधिक शिकायते मामलो मे कानूनी कार्वाई से अलग है क्योंकि दुतेर्ते ने सार्वजनिक रूप से धमकी दी थी कि अगर उनकी हत्या हो जाती है तो इसकी जिम्मेदारी राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष की होगी।दुतेर्ते, उनके पिता और उनके सहयोगियो के खिलाफ मार्कोस प्रशासन का यह कानूनी हमला फिलीपीन के दो सबसे शक्तिशाली परिवारो के बीच पिछले दो वर्षों में छिड़े संघर्ष का एक महत्वपूर्ण मोड़ है।न्याय विभाग ने कहा कि वह उपराष्ट्रपति के पिता रोड्रिगो दुतेर्ते की संभावित रूप से देशद्रोही टिप्पणियों की भी जांच कर रहा है।रोड्रिगो दुतेर्ते ने संवाददाताओ से कहा था कि सरकार केवल तभी सुनेगी जब सेना मार्कोस प्रशासन में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करेगी।पूर्वराष्ट्रपति ने सोमवार रात को कहा था, शासन व्यवस्था चरमरा गई है और इसे केवल सेना ही ठीक कर सकती है।उन्होंने कहा कि वह सेना को मार्कोस के खिलाफ उकसाने का प्रयास नही कर रहे है बल्कि केवल फिलीपीन की वास्तविक स्थिति की पुष्टि कर रहे है।

## पशु प्रेमी पायलट की विमान हादसे में मौत, कुत्तों का इलाज जारी

न्यूयॉर्क। सेउक किम ने पिछले सप्ताहांत अपने विमान में तीन छोटे कुत्तों के साथ मैरीलैंड से उड़ान भरी थी। लेकिन आपदा मे फंसे जानवरो को बचाने मे ही अपनी जिंदगी लगाने वाले किम की यह आखिरी उड़ान साबित हुई।किम ने पायलट बनने के अपने बचपन के सपने को साकार करने के बाद आपदा क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले आश्रयो और अन्य विपत्तियो में फंसे बिल्लियो और कुत्तों को बचाया। इनमे एक कंटेनर मे कई दिनो तक फंसे हुए एक कुत्ते को बचाना भी शामिल था।किम ने ऐसा करने के लिए अन्य लोगो को भी तैयार किया। लेकिन रविवार को न्यूयॉर्क की उड़ान किम की आखिरी उड़ान बन गई।अधिकारियो ने बताया कि किम का 1986 का मूनी एम20जे कैट्सकिल विमान पर्वत के बर्फीले जंगल मे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।उन्होने बताया कि हादसे मे 49 वर्षीय पायलट और एक कुत्ते की मौत हो गई जबकि अन्य दो पिल्ले बच गए। उनका इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत बेहतर है।किम की साथी बचावकर्मी सिडनी गैली ने कहा, इस दुनिया में किम जैसे बहुत कम लोग होते है। इसके पीछे उनका कोई स्वार्थ नही था। उन्हे किसी से तारीफ की जरूरत नही थी।उन्होंने कहा, किम सिर्फ मदद करना चाहते थे। विमान हादसे के बाद चार महीने के लैब्राडोर-मिक्स प्रजाति के पिल्ले व्हिस्की को बर्फ के बीच पड़े हुए पाया गया था।

## अमेरिका, भारत साथ मिलकर काम करने वाले मजबूत देश हैं: ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका और भारत साथ मिलकर काम करने वाले मजबूत देश है। उन्होने मंगलवार को इटली के फ्यूजी में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के बाद एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। ब्लिंकन ने लिखा, अमेरिका और भारत साथ मिलकर काम करने वाले मजबूत देश है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और मैंने आज इटली में हुई मुलाकात के दौरान वैश्विक सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे निरंतर घनिष्ठ सहयोग के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने मुलाकात की एक तस्वीर भी साझा की। जयशंकर ने भी एक्स पर बैठक के बारे मे पोस्ट किया और कहा कि उन्होंने ब्लिंकन के साथ वैश्विक स्थिति और भारत-अमेरिका साझेदारी पर चर्चा की, जो लगातार प्रगति कर रही है। बैठक के बाद विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिका वैश्विक सुरक्षा चुनौतियो से निपटने के लिए भारत के साथ करीबी समन्वय जारी रखना चाहता है। मिलर ने बैठक के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि ब्लिंकन और जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधो को प्रगाढ़ बनाने के लिए अमेरिका और भारत की स्थाई प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## इजराइल-हिज्बुल्ला शांति समझौता शत्रुता को स्थाई रूप से खत्म करने की दिशा में कदम है: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने घोषणा की है कि इजराइल और लेबनान के हिज्बुल्ला ने अमेरिकी मध्यस्थता वाले शांति समझौते को स्वीकार कर लिया है, जिसे दोनों पक्षों के बीच शत्रुता की स्थाई समाप्ति के उद्देश्य से तैयार किया गया है। बाइडन ने इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच हुए युद्धविराम समझौते को अच्छी खबर बताया और उम्मीद जताई कि13 महीने से अधिक समय से जारी लड़ाई में विराम गाजा में युद्ध को समाप्त करने की दिशा मे महत्वपूर्ण साबित होगा। बाइडन ने मंगलवार को व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के रोज गार्डन मे अपने संबोधन मे यह बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर हिज्बुल्ला युद्ध विराम की शर्तों को तोड़ता है तो इजराइल को लेबनान मे तुरंत सैन्य अभियान फिर से शुरू करने का अधिकार है। इजराइल के सुरक्षा मंत्रिमंडल द्वारा समझौते को मंजूरी देने के तुरंत बाद बाइडन ने मंगलवार को व्हाइट हाउस से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष विराम के तहत, इजराइल अगले 60 दिनो मे धीरे-धीरे लेबनान से अपने सैनिकों को वापस बुला लेगा। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा मंत्रिमंडल के समक्ष एक समझौता प्रस्तुत किया था, जिसका उद्देश्य गाजा संघर्ष के बाद इजराइल और ईरान समर्थित हिज्बुल्ला के बीच महीनों से जारी लड़ाई को समाप्त करना है। इस संघर्ष में कई लोग मारे गए है और हजारो विस्थापित हुए है। बाइडन ने कहा कि उन्होंने नेतन्याहू और लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती से बात की।

## श्रीलंका की नवनिर्वाचित प्रमुख नीतिगत मुद्दों पर करेगी चर्चा

कोलंबो। श्रीलंका की नवनिर्वाचित संसद में अगले सप्ताह दो प्रमुख चर्चा होंगी, जिनमें सरकार के नीति वक्तव्य पर चर्चा भी शामिल है। नवंबर में हुए संसदीय चुनाव में शानदार जीत के बाद नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार के तहत यह इस तरह की पहली चर्चा होगी।उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा प्रस्तुत सरकार के नीति वक्तव्य पर बहस तीन और चार दिसंबर को होगी, जिसके बाद मतदान होगा।इसके अतिरिक्त, 2025 के पहले चार महीनों के लिए अंतरिम लेखानुदान पर चर्चा पांच और छह दिसंबर को निर्धारित की गई है, जिसके बाद इसे संसदीय अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। `खानुदान के बाद 17 फरवरी को 2025 का बजट औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।श्रीलंका की नई संसद- 1978 के बाद से 10वीं संसद - का पहला सत्र सत्तारूढ़ एनपीपी की भारी जीत के बाद पिछले बृहस्पतिवार को बुलाया गया था। एनपीपी ने 225 सदस्ईय संसद में 159 सीट जीतकर इतिहास रच दिया था।

## म्यांमार के सैन्य शासन प्रमुख के खिलाफ वारंट जारी करने का अनुरोध

हेग। अंतरराष्ट्रीय अपराधिक अदालत के मुख्य अभियोजक ने बुधवार को न्यायाधीशों से म्यांमार के सैन्य शासन के प्रमुख के खिलाफ देश के रोहिंग्या मुस्लिम अल्पसंख्यक के खिलाफ किए गए अपराधो के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध किया।वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग पर रोहिंग्याओ के निर्वासन और उत्पीड़न के लिए मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप है। जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने 2021 में तख्तापलट के जरिए निर्वाचित नेता आंग सान सू ची से सत्ता छीन ली थी। लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देश बांग्लादेश भागने के लिए मजबूर हुए जिसे जातीय सफाया कहा गया है। इसमे सामूहिक बलात्कार, हत्याएं और घरो को आग लगाना शामिल था।

## न्यूजीलैंड में बस दुर्घटनाग्रस्त एक व्यक्ति की मौत, 13 घायल

वेलिंगटन। न्यूजीलैड में बुधवार को विदेशी पर्यटको को लेकर जा रही एक बस की दो अन्य वाहनो से टक्कर के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए, जिन्हे अलग अलग अस्पतालो मे भर्ती कराया गया है। एम्बुलेंस सेवा ने बताया कि नॉर्थ आईलैंड के वाइकाटो क्षेत्र मे हुई दुर्घटना मे घायल दो लोगो की हालत गंभीर है तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल है, जबकि अन्य को मामूली चोटे आई है। तीनो वाहनो की टक्कर का कारण पता नही चल पाया है। ग्रामीण राजमार्ग पर हुई घटना के वक्त मौसम ठीक था। न्यूजीलैंड की पुलिस ने पुष्टि की है कि दुर्घटनाग्रस्त हुई इस छोटी बस मे चालक के अलावा 11 विदेशी पर्यटक थे जबकि अन्य दो वाहनो में तीन लोग सवार थे।

## बोल्सोनारो तख्तापलट के प्रयास में सक्रिय रूप से शामिल थे: ब्राजील पुलिस

साओ पाउलो। ब्राजील के पूर्व धुर-दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो 2022 में हार के बावजूद पद पर बने रहने के लिए रची गई तख्तापलट की साजिश से पूरी तरह अवगत होने के साथ-साथ इसमें सक्रिय रूप से शामिल भी थे। संघीय पुलिस की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ब्राजील पुलिस ने पिछले बृहस्पतिवार को बोल्सोनारो और 36 अन्य व्यक्तियों पर तख्तापलट के प्रयास के लिए औपचारिक तौर पर आरोप लगाए थे। पुलिस ने उच्चतम न्यायालय को लगभग 900 पन्नों की एक रिपोर्ट सौंपी थी, जो मंगलवार को खोली गई। बोल्सोनारो खुद के सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी तरह के गलत काम या किसी षड्यंत्र से अवगत होने से इनकार कर चुके है।

# हिंदू नेता और बांग्लादेश पुलिस के बीच झड़प में वकील की मौत के मामले में 30 संदिग्ध हिरासत में



भाषा। ढाका

**बांग्लादेश के** चटगांव शहर में एक वकील की हत्या और एक प्रमुख हिंदू नेता की गिरफ्तारी को लेकर सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने के आरोप में कम से कम 30 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सहायक लोक अभियोजक सैफुल इस्लाम की मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों और बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के अनुयायियों के बीच झड़प के दौरान मौत हो गई। दास को राजद्रोह के मामले में चटगांव की एक अदालत द्वारा जमानत देने से इनकार करने और जेल भेजे जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। पुलिस ने कहा कि इस्लाम झड़प के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार, इस्लाम की हत्या और कानून प्रवर्तन एजेंसी के कर्मियों पर हमला करने में कथित संलिप्तता के लिए बंदरगाह शहर चटगांव में 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा, हम कल (मंगलवार) ब्रह्मचारी को अदालत में पेश किए जाने के दौरान कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों पर हमला करने और उसके बाद अधिवक्ता सैफुल इस्लाम की हत्या में उनकी (हिरासत में लिए गए लोगों की) भूमिका की जांच कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को प्रारंभिक जांच के बाद मुकदमे के लिए गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में और संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। चटगांव महानगर पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त काजी मोहम्मद तारिक अजीज ने कहा कि सेना, अर्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से रात भर की गई छापेमारी में संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। दास को सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह एक रैली में शामिल होने के लिए चटगांव जाने वाले थे। मंगलवार को अदालत द्वारा उन्हें जमानत देने से इनकार करने के बाद, दास के अनुयायियों ने विरोध प्रदर्शन कर उन्हें ले जा रही जेल वैन की आवाजाही बाधित की। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करने के दौरान झड़प में 10 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 37 लोग घायल हो गए। दास इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के सदस्य भी थे। इस्कॉन ने हाल ही में उन्हें निष्कासित कर दिया था। इसने (इस्कॉन, बांग्लादेश ने) मंगलवार को उनकी गिरफ्तारी की निंदा की।

## इस्कॉन ने बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं के लिए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित करने का आग्रह किया

ढाका। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने बांग्लादेश सरकार से देश में हिंदुओं के लिए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने का आग्रह किया और हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की हाल ही में हुई गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। दास को सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह एक रैली मे शामिल होने के लिए चटगांव जाने वाले थे। मंगलवार को अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। दास और 18 अन्य लोगो के खिलाफ 30 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक नेता की शिकायत पर चटगांव के कोतवाली पुलिस थाने मे मामला दर्ज किया गया था। उन पर 25 अक्टूबर को हिंदू समुदाय की एक रैली के दौरान शहर के लालदीघी मैदान मे बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाया गया था। मंगलवार को एक बयान मे, इस्कॉन-बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने कहा, हम अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते है और चिन्मय कृष्ण दास की हाल ही मे हुई गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते है... हम बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रो मे सनातनियो के खिलाफ हुई हिंसा और हमलो की भी निंदा करते है। उन्होंने कहा, हम सरकारी अधिकारियो से सनातनियो के लिए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने का आग्रह करते है।

## बांग्लादेश : पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भ्रष्टाचार के मामले में बरी

**ढाका।** बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया को भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। इस मामले में निचली अदालत ने उन्हें सात साल के कारवास की सजा सुनाई थी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। जिया (79) को 2018 में जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में ढाका की एक अदालत ने दोषी करार दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के कार्यकाल के दौरान उन्हें सात साल की कैद की सजा सुनाई गई थी और उन पर 10 लाख टका (बांग्लादेशी मुद्रा) का जुर्माना भी लगाया गया था। समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24 डॉट कॉम की खबर के मुताबिक, न्यायमूर्ति ए.के.एम. असदुज्जमां और न्यायमूर्ति सैयद इनायत हुसैन की पीठ ने जिया की अपील को स्वीकार करते हुए निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिए जाने के फैसले को पलट दिया। वहीं, डेली स्टार ने अपनी खबर में कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने 2011 में तेजगांव थाने में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था, जिसमें जिया और तीन अन्य पर अज्ञात स्रोतों से ट्रस्ट के वास्ते धन जुटाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था।

## आईसीसी अभियोजक का म्यामां के सैन्य शासन प्रमुख के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध

**हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराधिक अदालत के मुख्य अभियोजक ने बुधवार को न्यायाधीशों से म्यामां के रोहिंग्या मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ किए गए अपराधों के लिए देश के सैन्य शासन प्रमुख के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध किया। वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग पर रोहिंग्याओं के निर्वासन और उत्पीड़न के लिए मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप है। जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने 2021 में तख्तापलट के जरिए निर्वाचित नेता आंग सान सू ची से सत्ता हथिया ली थी। लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देश बांग्लादेश भागने के लिए मजबूर हुए थे। इसे जातीय सफाया कहा गया, इसमें सामूहिक बलात्कार, हत्याएं और घरों को आग लगाना शामिल था। अदालत के शीर्ष अभियोजक करीम खान ने बांग्लादेश के एक शरणार्थी शिविर से एक बयान में कहा कि वह जल्द ही म्यामां के नेताओं के लिए और अधिक वारंट का अनुरोध करने का इरादा रखते हैं। ब्रिटिश बैरिस्टर ने कहा, ऐसा करके हम अपने सभी भागीदारों के साथ मिलकर यह दिखाएंगे कि रोहिंग्या को भुलाया नहीं गया है। दुनिया भर के सभी लोगों की तरह वे (रोहिंग्या) कानून के संरक्षण के हकदार हैं। ए आरोप एक विद्रोही हमले के जवाब में अगस्त 2017 में म्यामां की सेना द्वारा शुरू किए गए एक आतंकवाद रोधी अभियान से उत्पन्न हुए हैं। म्यामां रक्षा सेवाओं के प्रमुख ह्लाइंग पर आरोप है कि उन्होंने म्यामां के सशस्त्र बलों के साथ-साथ राष्ट्रीय पुलिस को रोहिंग्या नागरिकों पर हमला करने का निर्देश दिया था।

# हिंद व प्रशांत को व्यापक सहयोगात्मक दृष्टिकोण की जरूरत भागीदार: जयशंकर

भाषा। रोम

**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने क्वाड के उभार को एक ैउल्लेखनीय घटनाक्रमै करार देते हुए कहा है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र नए संबंधों और साझेदारी समेत ैमहत्वपूर्ण परिवर्तनोंै से गुजर रहा है। जयशंकर ने मंगलवार को इटली के शहर फ्यूजी में हिंद-प्रशांत भागीदारों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों के सत्र में कहा, सामूहिक प्रयासों के युग में, हिंद-प्रशांत को व्यावहारिक समाधान, चतुर कूटनीति, अधिक समायोजन व अधिक स्वतंत्र वार्ता की




आवश्यकता होगी। जी7 इसमें भागीदार हो सकता है। क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का एक प्रमुख समूह है। जयशंकर जी7 के विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 24-26 नवंबर तक आधिकारिक यात्रा पर इटली में थे। भारत को जी7 शिखर सम्मेलन में अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया था। जयशंकर ने सत्र के बाद एक्स पर लिखा, ैक्वाड का उभार एक उल्लेखनीय घटनाक्रम रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र आज व्यापक सहयोगात्मक दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, आपूर्ति श्रृंखला, अधिक संसाधनों समेत छह प्रमुख आवश्यकताओं का उल्लेख किया।

# ट्रंप ने सत्ता परिवर्तन के अगले चरण के लिए बाइडन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए



भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में सत्ता परिवर्तन के अगले चरण के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ एक ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर किए ताकि नया प्रशासन और उसके सदस्य पहले दिन से ही काम करने के लिए तैयार हों। अगली चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स ने यह जानकारी दी।विल्स ने मंगलवार को बताया कि अतीत के विपरीत, नई टीम सरकारी इमारतों या जनरल सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेशन (जीएसए) द्वारा प्रदान की गई तकनीक का उपयोग नहीं करेगी और एक आत्मनिर्भर संगठन के रूप में काम करेगी।ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।विल्स ने बताया, निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप अपने मंत्रिमंडल की चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ एक ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर कर सत्ता परिवर्तन के अगले चरण की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने बताया, यह समझौता हमारे इच्छित मंत्रिमंडल के उम्मीदवारों को हर विभाग और एजेंसी में मजबूत टीमों की तैनाती सहित महत्वपूर्ण तैयारियां शुरू करने तथा सत्ता के व्यवस्थित परिवर्तन को पूरा करने की अनुमति देता है।

## ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी जय भट्टाचार्य को शीर्ष स्वास्थ्य संस्थान का नेतृत्व करने के लिए चुना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक जय भट्टाचार्य को देश के शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान एवं वित्त पोषण संस्थानो में से एक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के निदेशक के रूप में चुना है। इसके साथ ही भट्टाचार्य, ट्रंप द्वारा शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। इससे पहले, ट्रंप ने टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क के साथ नवगठित सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करने के लिए भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी को चुना था। यह एक स्वैच्छिक पद है और इसके लिए अमेरिकी सीनेट से पुष्टि की आवश्यकता नही है। ट्रंप ने घोषणा की, मुझे जय भट्टाचार्य, एम.डी., पी.एच.डी. को एनआईएच के निदेशक के रूप मे नामित करके बहुत प्रसन्नता हो रही है। डॉ. भट्टाचार्य रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के साथ मिलकर राष्ट्र के चिकित्सा अनुसंधान की दिशा मे मार्गदर्शन करेंगे और स्वास्थ्य मे सुधार लाने तथा लोगो का जीवन बचाने वालेमहत्वपूर्ण खोज को प्रोत्साहित करने की दिशा मे काम करेंगे। ट्रंप ने जैमीसन ग्रीर को अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के रूप मे चुना और केविन ए. हैसेट को व्हाइट हाउस राष्ट्रीय आर्थिक परिषद का निदेशक नियुक्त किया है। ट्रंप ने एक अलग बयान मे कहा कि आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष केविन ए. हैसेट ने 2017 के कर कटौती और रोजगार अधिनियम को पारित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में छह बच्चों समेत आठ लोग लापता

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में एक ट्रैक्टर के बह जाने के कारण उसमें सवार छह स्कूली बच्चों समेत आठ लोग लापता हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पीड़ितों को बचाने तथा प्रभावित लोगों को भोजन एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए सेना और नौसेना के जवानों को तैनात किया गया। श्रीलंका में पिछले दो दिनों से भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं, जिससे घरों, खेतों और सड़कों पर पानी भर गया है और अधिकारियों ने चाय उत्पादक पर्वतीय क्षेत्रों में रेल सेवाएं निलंबित कर दिया है। पुलिस ने बताया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में देश के पूर्वी क्षेत्र में मंगलवार शाम को स्कूल से लौट रहे 11 स्कूली बच्चों को ले जा रहा एक कृषि ट्रैक्टर बह गया। करैतिवु कस्बे के पास हुई इस घटना में पांच बच्चों को बचा लिया गया जबकि छह अन्य बच्चे, चालक और एक अन्य व्यक्ति अब भी लापता है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि तलाश अभियान जारी है।

## सियोल में भयंकर बर्फीले तूफान से सैकड़ों उड़ानें रद्द

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हुई भीषण बर्फबारी की वजह से बुधवार को सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं और यातायात बाधित हुआ।दक्षिण कोरिया में नवंबर के महीने में आया यह बर्फीला तूफान पिछले 50 वर्ष से भी ज्यादा समय में सबसे भयावह बताया जा रहा है।दक्षिण कोरिया की मौसम एजेंसी ने बताया कि सियोल के उत्तरी और आस-पास के इलाकों में 20 सेंटीमीटर बर्फ गिरी।एजेंसी के मुताबिक, यह सियोल में 52 वर्षों में आया सबसे भयानक बर्फीला तूफान था।सियोल में 28 नवंबर 1972 को आए तूफान में 12 सेंटीमीटर बर्फ गिरी थी।इस बर्फीले तूफान ने देश के अधिकतर हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। देश के मध्य, पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में लगभग 10 से 23 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। देश भर के हवाई अड्डों पर कम से कम 220 उड़ानें रद्द कर दी गईं या उड़ान में विलंब हुआ। अधिकारियों ने लगभग 90 नौकाओं को बंदरगाह पर ही रहने का आदेश दिया।सियोल में सड़कों पर बर्फ जमा होने की वजह से सुबह आवाजाही धीमी रही जबकि देश भर में आपात स्थिति से निपटने वाले कर्मचारी सड़कों पर गिरे हुए पेड़ों, संकेत बोर्डों और अन्य सुरक्षा जोखिमों को दूर करने के लिए कार्य में जुटे रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 नवम्बर 2024



# बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर

## जायसवाल बल्लेबाजों में दूसरे स्थान पर



भाषा। दुबई

**भारतीय तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच विजई गेंदबाजी स्पैल की बदौलत बुधवार को कैगिसो रबाडा और जोश हेजलवुड को पछाड़कर फिर आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गए। कार्यवाहक कप्तान बुमराह ने मैच में 72 रन देकर आठ विकेट झटके जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। पर्थ टेस्ट से पहले बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। अब वह करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 रैंकिंग अंक पर पहुंच गए हैं जिससे उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के रबाडा (872 अंक) और ऑस्ट्रेलिया के हेजलवुड (860 अंक) को पीछे छोड़ दिया। बुमराह के साथी मोहम्मद सिराज ने पर्थ टेस्ट में पांच विकेट झटके जिससे उन्हें भी तीन पायदान का फायदा हुआ और वह 25वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 161 रन की शानदार पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 825 अंक की मदद से बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट (903 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंचे। अनुभवी स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का ऊपर की ओर चढ़ना जारी है, उन्होंने अपने 30वें टेस्ट शतक से नौ पायदान के सुधार के साथ 13वां स्थान हासिल किया। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 736 अंक से छठा स्थान कायम रखा है।रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन हालांकि पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं खेले थे लेकिन उनकी जोड़ी टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज है।

## जायसवाल 40 से ज्यादा टेस्ट शतक लगाएंगे

### उनकी कोई खास कमजोरी नहीं है: मैक्सवेल




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि यशस्वी जायसवाल की विभिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने की क्षमता और कोई खास कमजोरी नही होने के कारण यह सलामी बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट मे 40 से अधिक शतक लगाएगा और उनके नाम पर कई रिकॉर्ड दर्ज होंगे। भारतीय क्रिकेट की प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओ मे से एक 22 वर्षीय सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की। उन्होने इस साल के शुरू मे इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके टीम मे अपनी जगह पक्की की। मैक्सवेल ने द ग्रेड क्रिकेटर पॉडकास्ट पर कहा, वह (जायसवाल) ऐसा खिलाड़ी है जो संभवतः 40 से अधिक टेस्ट शतक लगाएगा और कुछ अलग रिकॉर्ड बनाएगा। उसके पास विभिन्न परिस्थितियो से सामंजस्य से बिठाने की अद्भुत क्षमता है। जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ मे खेले गए पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी मे 161 रन बनाए थे जिससे भारत ने यह मैच 295 रन से जीत कर पांच मैचो की श्रृंखला मे 1-0 की बढ़त बनाई। जायसवाल ने अभी तक 15 टेस्ट मैच मे 58.07 की शानदार औसत से 1568 रन बनाए है जिसमे चार शतक शामिल है। पर्थ मे पहली पारी मे वह खाता नही खोल पाए थे लेकिन दूसरी पारी मे उन्होने शानदार वापसी की जिससे उनके बल्लेबाजी कौशल का पता चलता है। मैक्सवेल ने कहा, उसने कई तरह के शॉट खेले लेकिन बीच मे उसने जिस तरह से गेंदें छोड़ी और जिस तरह से वह बैक फुट पर जाकर खेला वह महत्वपूर्ण था। उसका फुटवर्क बहुत अच्छा है। ऐसा नही लगता है कि उसमें कोई खास कमजोरी है। वह शॉर्ट पिच गेंद को अच्छी तरह से खेलता है, अच्छी ड्राइव करता है, स्पिन को अविश्वसनीय रूप से अच्छी तरह से खेलता है और दबाव झेल सकता है। उन्होने कहा, ऑस्ट्रेलिया अगर उसे रोकने का कोई तरीका नही ढूंढ पाया तो फिर स्थिति भयावह होगी। मैक्सवेल ने नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति मे टीम की कमान संभालने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी जमकर तारीफ की जिन्होने पहले टेस्ट मैच मे 72 रन देकर आठ लिए विकेट लिए और भारत को ऑस्ट्रेलिया मे सबसे बड़ी जीत हासिल करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होने कहा, भारत के पास बुमराह और जायसवाल के रूप मे दो अद्भुत प्रतिभाएं है। मैने पहले भी कहा था कि बुमराह संभावित रूप से सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के रूप मे जाने जाएंगे।

## वेबस्टर को मार्श के कवर के रूप में ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल किया जाएगा

एडिलेड। अभी तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नही खेलने वाले ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल मिशेल मार्श के कवर के रूप मे ऑस्ट्रेलियाई टीम मे शामिल किया जा सकता है।फॉक्स क्रिकेट के अनुसार वेबस्टर को छह दिसंबर से एडिलेड मे शुरू होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम मे शामिल किया गया है।ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पहले टेस्ट मैच मे भारत से 295 रन की हार के बाद कहा था, वह (मार्श) ब्रिटेन के दौरे के बाद ही कुछ परेशानियो से जूझ रहा है। इस मैच मे भी वह थोड़ा परेशान था। उसके पास पूरी तरह से फिट होने के लिए 10 दिन का समय है। हम उनकी फिटनेस का आकलन करने के बाद ही कोई फैसला करेंगे। यदि मार्श दूसरे टेस्ट के लिए समय पर ठीक नही होते है, तो वेबस्टर को पदार्पण का मौका दिया जा सकता है। तस्मानिया के रहने वाले 30 वर्षीय ऑलराउंडर वेबस्टर ने पिछले दो वर्षो मे शेफील्ड शील्ड मे अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच शतक और नौ अर्द्धशतक की मदद से 1788 रन बनाए है। वह भी मार्श की तरह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज है।

## स्टांस में बदलाव से कोहली को मिली सफलताः गावस्कर

भाषा। पर्थ



**पूर्व भारतीय** कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में स्टांस में बदलाव के कारण विराट कोहली को ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण को कुंद करने और फॉर्म में वापसी करने में मदद मिली।कोहली पिछले कुछ समय से सभी प्रारूप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। स्पिनरों के मददगार विकेट पर वह संघर्ष करते हुए नजर आए जिससे टीम में उनकी जगह पर संदेह व्यक्त किया जाने लगा था।लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद शतक लगाकर फॉर्म में वापसी की। कोहली ने इससे पहले अंतिम शतक जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाया था। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, जब वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे तो काफी सहज नजर आ रहे थे। पहली पारी में भारत ने दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे और अन्य खिलाड़ियों की तरह वह भी दबाव में थे। उन्होंने कहा, दूसरी पारी में स्टांस बदलने के अलावा उन्होंने अपने पांवों को भी अच्छी तरह से जमाया। मुझे लगता है कि छोटी छोटी चीजों से सामंजस्य बिठाने से वह उस स्थिति में पहुंचे जैसा कि वह चाहते थे। ऑस्ट्रेलिया की उछाल वाली पिचों पर आपके लिए इस तरह की छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण हो जाता है। गावस्कर ने कहा, मुझे उनका जोश हेजलवुड पर मिडविकेट पर लगाया गया चौका बहुत अच्छा लगा। इस तरह का शॉट खेलना आसान नहीं होता है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने भी कहा कि कोहली को स्टांस बदलने का फायदा मिला।उन्होंने कहा, भारत का दौरा करने पर भी खिलाड़ियों को अपने स्टांस में हल्का बदलाव करना पड़ता है। मैंने भी ऐसा किया। लेकिन यहां थोड़ा सीधा खड़े होकर बल्लेबाजी करने का मतलब है कि आपका सिर ऐसी स्थिति में होगा जिससे कि आप उछाल लेती गेंद को अच्छी तरह से खेल सको।

## भारत ने अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स की मेजबानी के लिए आशय पत्र सौंपा : को

नई दिल्ली। विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को ने बुधवार को बताया कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2028 अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी क लिए आशय पत्र प्रस्तुत कर दिया है। विश्व एथलेटिक्स ने इस साल अगस्त में चैम्पियनशिप के 2028 और 2023 चरण के लिए बोलियां आमंत्रित की थी और को ने कहा कि उन्हे बहुत खुशी है कि भारत भी इस प्रक्रिया मे जुड़ गया है।को ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मै 2028 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के लिए बोली में शामिल होने के लिए आशय पत्र लेकर घर जा रहा हूं। मध्यम दूरी के इस महान धावक ने कहा, भारत सही दिशा मे आगे बढ़ रहा है।

## सीनियर महिला वनडे टॉफी में बंगाल की अगुआई करेंगी साइकिया

कोलकाता। साइकिया इशाक चार दिसंबर से हरियाणा मे होने वाली आगामी सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी मे बंगाल की मजबूत टीम की अगुआई करेंगी। पहले मैच मे बंगाल का सामना पुडुचेरी से होगा। तनुश्री सरकार को 16 सदस्यीय टीम का उप कप्तान चुना गया है।प्रोबल दत्त मुख्य कोच जबकि अर्पिता घोष सहायक कोच होंगी। भारत की महान खिलाड़ी झूलन गोस्वामी मेंटोर है।

## आईएलटी20 का तीसरा सत्र 11 जनवरी से

दुबई। गत चैंपियन एमआई अमीरात 11 जनवरी को इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे सत्र के शुरुआती मैच में उपविजेता दुबई कैपिटल्स से भिड़ेगी। आयोजको ने बुधवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट मे दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम मे पंद्रह मैच खेले जाएंगे जबकि अबू धाबी का जायद क्रिकेट स्टेडियम 11 मैचो की मेजबानी करेगा। शेष आठ मैचो का आयोजन प्रतिष्ठित शारजाह क्रिकेट स्टेडियम मे किया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट मे कुल 34 मैच खेले जाएंगे।

## भारत 2026 में एशियाई राइफल पिस्टल कप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली। भारत 2026 मे एशियाई राइफल एवं पिस्टल कप की मेजबानी करेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह घोषणा की।भारत को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी सौंपने का फैसला एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) की कार्यकारी समिति की बैठक मे लिया गया।एएससी के महासचिव डुएज अलओटैबी ने एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह को भेजे गए पत्र मे मेजबान महासंघ को प्रतियोगिता की प्रस्तावित तिथियो से अवगत कराने के लिए कहा है।

## शीर्ष खिलाड़ियों को हराने से नंबर एक बनने का आत्मविश्वास मिला : त्रिसा

नई दिल्ली। विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने से उत्साहित भारतीय युगल विशेषज्ञ बैडमिंटन खिलाड़ी त्रिसा जॉली की नजरें अब बड़े खिताब पर है और उन्होंने कहा कि चोटी की खिलाड़ियो को हराने से यह आत्मविश्वास मिला कि वह गायत्री गोपीचंद के साथ युगल रैंकिंग मे शीर्ष पर पहुंच सकती है। त्रिसा और गायत्री विश्व रैंकिंग मे 16वे स्थान पर है और अगले महीने चीन मे विश्व टूर फाइनल्स खेलेंगी।

# गुजरात के उर्विल ने सबसे तेज शतक का पंत का रिकॉर्ड तोड़ा

भाषा। इंदौर



गुजरात के विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल ने बुधवार को यहां त्रिपुरा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच में केवल 28 गेंद पर शतक जड़कर टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक का नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया।उर्विल ने ठीक एक साल पहले लिस्ट ए में सबसे तेज सैकड़ा जमाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर अपना नाम लिखवाया था।टी20 क्रिकेट में 26 वर्षीय उर्विल ने ऋषभ पंत का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2018 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ही हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंद पर शतक बनाया था। उर्विल इस तरह से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर काबिज हो गए हैं। विश्व रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम पर है जिन्होंने साइप्रस के खिलाफ 27 गेंद पर शतक बनाया था।सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे उर्विल ने 35 गेंद पर नाबाद 113 रन बनाए जिसमें सात चौके और 12 छक्के शामिल हैं। उनके इस शानदार प्रदर्शन से गुजरात ने केवल 10.2 ओवर में 156 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया।इस आक्रामक बल्लेबाज को हाल में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था।उर्विल ने एक साल पहले चंडीगढ़ में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के मैच में 41 गेंद पर 100 रन बनाए थे जो लिस्ट ए में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा

## आईपीएल की नीलामी में नही चुने जाने का गम भुलाकर स्वाभाविक खेल खेला : पटेल

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** टी20 क्रिकेट मे सबसे तेज शतक का नया भारतीय रिकॉर्ड बनाने वाले गुजरात के विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की दो दिन पहले खत्म नीलामी मे नही चुने जाने के दुःख को पीछे छोड़ कर उन्होने बुधवार को अपना स्वाभाविक खेल खेला। पटेल ने इंदौर मे बुधवार को त्रिपुरा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच में केवल 28 गेंद पर शतक जड़कर टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक का नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। इस आक्रमक बल्लेबाज को हालांकि सउदी अरब के जेद्दा मे सोमवार को खत्म हुई आईपीएल की मेगा नीलामी मे कोई खरीदार नही मिला था। टी20 क्रिकेट मे पटेल ने ऋषभ पंत का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होने 2018 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ही हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंद पर शतक बनाया था। पंत आईपीएल की नीलामी मे सबसे महंगे 27 करोड़ रुपए मे बिके। पटेल ने पीटीआई-भाषा से कहा, हर क्रिकेटर का सपना होता है कि वह आईपीएल मे खेले। जब आईपीएल की नीलामी मे मुझे नही चुना गया, तो इसका दुःख तो था ही, पर मैने ठान लिया था कि मै इसका असर अपने प्रदर्शन पर कतई नही पड़ने दूंगा। इसलिए आज (बुधवार) मैने अपना स्वाभाविक खेल खेला। उन्होंने कहा कि जब वह त्रिपुरा के खिलाफ मैदान पर उतरे, तो उन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नही था कि वह इतिहास रचने जा रहे है।26 साल का विकेटकीपर बल्लेबाज भावनात्मक तौर पर अपने पिता मुकेश पटेल के बेहद करीब है।उर्विल पटेल ने बताया, जब मुझे पता चला कि मैने नया रिकॉर्ड बनाया है, तो मैने मैच खत्म होते ही सबसे पहले अपने पिता को फोन किया और उनसे कहा कि मैने उनके लिए शतक जड़ा है। उन्होने बताया कि उनके पिता शारीरिक प्रशिक्षण के अध्यापक रहे है और एथलेटिक्स मे आगे बढ़ना चाहते थे, लेकिन किन्ही वजहो से वह इस क्षेत्र मे आगे बढ़ नही पाए।पटेल ने कहा, मेरे पिता हमेशा से चाहते थे कि मै खेल के क्षेत्र मे आगे बढूं। मै जब छह-सात साल का था, तब से मेरे पिता ने मुझे क्रिकेट का अभ्यास कराना शुरू कर दिया था।

## खराब फॉर्म मे चल रहे बल्लेबाजो को अभ्यास मैच मे नही उतारेगा ऑस्ट्रेलिया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने पर्थ टेस्ट में हार के बाद राष्ट्रीय टीम के खराब फॉर्म में चल रहे किसी भी बल्लेबाज को कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश की टीम में शामिल नहीं करने का फैसला किया है।भारत ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया था। इसके बाद उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर एडिलेड में छह दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले दबाव बढ़ गया है।मार्नस लाबुशेन (02, 03) और स्टीव स्मिथ (00, 17) जैसे बल्लेबाज पहले टेस्ट मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए। इसके बाद पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने एडिलेड में दिन रात्रि टेस्ट मैच से पहले जोश इंग्लिश सहित इन खिलाड़ियों को अभ्यास मैच में उतारने की अपील की थी।

## क्विक न्यूज

### मीराबाई रिहैब जारी रखने के लिए विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नही लेंगी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू अगले सप्ताह बहरीन के मनामा मे होने वाली भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप मे नही खेल पाएंगी क्योंकि वह अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगी। पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई (30 वर्ष) ने अगस्त मे पेरिस ओलंपिक मे महिलाओ की 49 किग्रा श्रेणी मे चौथे स्थान पर रहने के बाद से किसी प्रतियोगिता मे हिस्सा नही लिया है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने पीटीआई को बताया, पेरिस ओलंपिक के बाद मीरा अभी भी रिहैबिलिटेशन में है। वह इस विश्व चैंपियनशिप मे हिस्सा नही लेगी। पिछले साल एशियाई खेलो मे कूल्हे की चोट लगने के बाद मीराबाई की फिटनेस को लेकर पेरिस ओलंपिक के दौरान भी चर्चा होती रही। एशियाई खेलो मे पदक जीतने का उनका सपना पिछले साल टूट गया था क्योंकि वह सिर्फ यही ट्रॉफी नही जीत पाई है। शर्मा ने कहा, उसके लिए स्वस्थ होना अहम है क्योंकि हमें 2026 राष्ट्रमंडल खेलो और एशियाई खेलो की तैयारी शुरू करनी होगी।

### रेलवे के पहलवानों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी पर संशय बरकरार

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे से जुड़े करीब 100 पहलवानो को डर है कि वे छह दिसंबर से शुरू होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे हिस्सा नही ले पाएंगे क्योंकि उनके विभाग ने अभी तक बेंगलुरु मे होने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां भेजने के बारे मे स्पष्टीकरण नही दिया है। इस अस्पष्टता के कारण कुछ पहलवानो को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को हलफनामा देने के लिए भी मजबूर होना पड़ा है कि वे अपने राज्यो का प्रतिनिधित्व करना चाहते है क्योंकि रेलवे ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए टीमें नही भेजने का फैसला किया है। पर उनके लिए राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व करना मुश्किल होगा क्योंकि इसके लिए उन्हे रेलवे से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जरूरत होगी और उसके अपने कर्मचारियो पर ऐसी कोई कृपादृष्टि करने की संभावना नही है।

### आईपीएल नीलामी में भाग नहीं लेने पर स्टोक्स ने कहा, इंग्लैंड की तरफ से करियर लंबा खीचना चाहता हूं

क्राइस्टचर्च। इंग्लैड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्होने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को लंबा खीचने और एशेज जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओ पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की हाल में संपन्न मेगा नीलामी से बाहर होने का फैसला किया। स्टोक्स भविष्य मे आईपीएल की मिनी नीलामी मे भी हिस्सा नही ले पाएंगे क्योंकि इस लीग के नए नियमो के अनुसार जिस खिलाड़ी ने खुद का मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण नही किया हो वह खिलाड़ी मिनी नीलामी में भी भाग नही ले सकता है। हाल मे सऊदी अरब के जेद्दा मे हुई नीलामी मे इंग्लैड के कुल 52 खिलाड़ियों पर बोली लगी थी। स्टोक्स ने न्यूजीलैड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर बीबीसी से कहा,, यह बात किसी से छुपी नही है कि मै अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हूं। यह इस पर विचार करने का समय है कि मैने क्या हासिल किया और मुझे ऐसा क्या करना चाहिए ताकि मै अपने करियर को यथासंभव लंबे समय तक लम्बा खीच सकूं। उन्होंने कहा, अभी बहुत क्रिकेट बची है।

### ह्यूज को दसवीं बरसी पर याद किया गया

**सिडनी।** फिलिप ह्यूज की बल्लेबाजी के दौरान गर्दन पर गेंद लगने से हुई दुखद मौत की 10वी बरसी पर उनके परिवार और दोस्तो ने इस दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दौरान सीन एबॉट को आंसू पोंछते देखा गया। एबॉट ने 2014 मे सिडनी क्रिकेट ग्राउंड मे न्यू साउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान वह घातक गेंद फेंकी थी जो ह्यूज के गर्दन पर लगी थी जिसके कारण आखिर मे उनकी मौत हो गई थी।न्यू साउथ वेल्स के खिलाड़ियो ने तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के चौथे दिन बुधवार को खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा और इस बीच एबॉट को भी सांत्वना दी। ऑस्ट्रेलिया के लिए 26 टेस्ट, 25 वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले ह्यूज का अपने 26वे जन्मदिन से तीन दिन पहले निधन हो गया था। ह्यूज को श्रद्धांजलि देने के लिए शेफील्ड शील्ड मे खेल रहे खिलाड़ी शनिवार से मैचो मे काली पट्टी पहन रहे हैं। ह्यूज के परिवार ने अपने संदेश मे कहा, आज हमारे प्रिय बेटे और भाई, फिलिप जोएल ह्यूज के निधन की 10वी बरसी है। फिलिप बेहद प्यारा और मिलनसार इंसान था। वह हमारे जीवन की रोशनी था। उसे अपने परिवार से गहरा लगाव था तथा वह अपने आसपास के लोगो का बेहद सम्मान करता था।

### रोनाल्डो और मैसी के बाद चैंपियंस लीग में 100 गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने लेवांडोव्स्की

रोम। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट मे 100 गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए।अर्लिंग हॉलैंड ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और चैंपियंस लीग मे 100 गोल करने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब मे शामिल होने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी की तरफ से फेएनोर्ड के खिलाफ दो गोल किए और इस प्रतियोगिता मे अपनी कुल गोल की संख्या 46 पर पहुंचाई।हॉलैंड के इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद मैनचेस्टर सिटी ने फेएनोर्ड के खिलाफ यह मैच 3-3 से ड्रा खेला। मैनचेस्टर सिटी इस तरह से पिछले छह मैच मे जीत हासिल नही कर पाया है।लेवांडोव्स्की ने ब्रेस्ट के खिलाफ बार्सिलोना की 3-0 से जीत मे शुरू मे ही पेनल्टी को गोल मे बदलकर चैंपियंस लीग मे अपना 100वां गोल किया। पोलैंड के इस स्टार स्ट्राइकर ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम मे प्रतियोगिता मे अपना 101वां गोल किया।चैंपियंस लीग मे सर्वाधिक 140 गोल रोनाल्डो ने किए है।

### वेस्टइंडीज की घरेलू धरती पर दो साल में पहली जीत

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच मे 201 रन से करारी शिकस्त देकर पिछले दो वर्षो से अधिक समय में अपनी घरेलू धरती पर पहली जीत दर्ज की।बांग्लादेश ने खेल के पांचवे दिन सात विकेट पर 109 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 132 रन पर आउट हो गई।वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 450 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। बांग्लादेश ने इसके जवाब मे अपनी पहली नौ विकेट पर 269 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी मे 152 रन बनाकर बांग्लादेश के सामने 334 रन का लक्ष्य रखा था। इस जीत से वेस्टइंडीज ने दो मैच की श्रृंखला मे 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। दूसरा टेस्ट मैच शनिवार से किंग्सटन जमैका मे खेला जाएगा। ेज गेंदबाज अल्ज़ारी जोसेफ ने पांचवे दिन दोनो विकेट हासिल किए। उन्होने हसन महमूद (00) को आउट करने के बाद जाकर अली (31) को पवेलियन भेजा। इसके बाद शोरफुल इस्लाम उनके बाउंसर पर चोटिल हो गए और वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे।

# विश्व शतरंज चैम्पियनशिप : गुकेश ने जीत के साथ स्कोर बराबर किया

भाषा। सिंगापुर



**भारतीय ग्रैंडमास्टर** डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में गत चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को टाइम कंट्रोल में मात देकर बुधवार को तीसरे दौर में पहली जीत दर्ज करके अंक बराबर कर लिए। काले मोहरों से खेलते हुए पहला मुकाबला हारने के बाद दूसरा मुकाबला गुकेश ने ड्रॉ खेला था। दोनों खिलाड़ियों के अब डेढ अंक हैं। भारत के 18 वर्ष के गुकेश ने 37 चालों में जीत दर्ज की। लिरेन को मुकाबले के पहले चरण में काफी समय बर्बाद करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज करने के बाद गुकेश ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा , बहुत अच्छा लग रहा है। पिछले दो दिन मैं अपने खेल से खुश था। आज मैने और अच्छा खेला। बोर्ड पर अच्छा लग रहा था और मैं अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में कामयाब रहा। तेरहवीं चाल तक गुकेश के पास एक घंटे की बढत थी और उन्होंने सिर्फ चार मिनट खर्च किए थे। लिरेन ने दूसरी तरफ एक घंटा और छह मिनट लगा दिए थे। खेल के पहले 120 मिनट में से 40 चालों तक समय में कोई इजाफा नहीं किया जाता। बीच में मुकाबला जटिल होने से लिरेन पर असर पड़ा और गुकेश ने परफेक्ट चालों से उन पर दबाव बढा दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो पूर्व विश्व चैम्पियन रूस के ब्लादीमिर क्रामनिक ने एक रैपिड मुकाबले में भारत के अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ अपनाई थी। एरिगेसी ने हार से बाल बाल बचते हुए वह मुकाबला ड्रॉ कराया था जबकि गुकेश ने लिरेन की सहज गलतियों का फायदा उठाकर जीत दर्ज की। लिरेन के पास आखिरी नौ चाल के लिए सिर्फ दो मिनट और आखिरी छह चाल के लिए सिर्फ दस सेकंड बचे थे। आखिर में उनके पास समय ही बाकी नहीं रह गया। गुकेश की नजरें विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने पर है। आनंद ने पांच बार विश्व चैम्पियनशिप जीती और वह गुकेश के मार्गदर्शक रहे हैं।

# सिंधू और लक्ष्य दूसरे दौर में

## सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन






**लखनऊ ।** शीर्ष वरीय पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत से क्रमशः महिला और पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने उभरती हुई शटलर अनमोल खरब को 21-17, 21-15 से जबकि 2021 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने मलेशिया के क्वालीफायर शोलेह ऐदिल को 21-12, 21-12 से मात दी।दो साल बाद टूर्नामेंट में वापसी कर ही सिंधू का सामना हमवतन इरा शर्मा से होगा जिन्होंने दीपशिखा सिंह को शुरूआती मैच में 21-13, 21-19 से हराया।लक्ष्य का सामना रवि और इस्राइल के दानिल डुबोवेंको के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू ने जीत के बाद कहा, मैं दो साल बाद यहां वापसी करके खुश हूं। मैं चोट के कारण पिछले साल नहीं खेल सकी थी लेकिन फिर से घरेलू सरजमीं पर खेलना अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, मैं पहली बार अनमोल के खिलाफ खेल रही थी और उसने अच्छा खेल दिखाया। हम दोनों साथ में एशियाई टीम चैम्पियनशिप में खेल चुके हैं इसलिए मुझे भरोसा था। यह मेरा पहला मैच था और मैंने कुछ गलतियां कीं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य ने कहा, घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा अच्छा होता है। मैं यहां पहले भी खेल चुका हूं लेकिन इस समय मेरा ध्यान अगले मैच पर लगा है। मेरा लक्ष्य बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट और विश्व चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने का है। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, आठवे वरीय आयुष शेट्टी और मेराबा लुवांग मेसनाम भी दूसरे दौर में पहुंच गए। महिला एकल में दूसरी वरीय मालविका बंसोड, पांचवीं वरीय अनुपमा उपाध्याय, ईशारानी बरूआ, देविका सिहाग, उन्नति हुड्डा, तस्नीम मीर और श्रियांशी वालिशेट्टी भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। मालविका ने विक्टोरिया दबाक्सिंका को 21-16, 21-7 से जबकि अनुपमा ने अजरबेजान की केशा फातिमा अजाहरा को 19-21, 22-20, 21-15 से पराजित किया। वहीं उन्नति ने थाईलैंड की थामोनवान निथिटिकराई को 21-12, 21-16 से हराया।
पुरुष एकल में किरण जॉर्ज ने आलाम मिश्रा को 21-12, 23-21 से, आयुश शेट्टी ने रघु मारिस्वामी को 21-18, 15-21, 21-16 से और मेराबा लुवांग मेसनाम ने थाईलैंड के सरन जमस्री को 14-21, 21-19, 21-10 से शिकस्त दी।

# भारत में क्रिकेट दूसरे खेलों के लिए अवरोधक नहीं : सेबेस्टियन

भाषा। नई दिल्ली



**विश्व एथलेटिक्स** के प्रमुख सेबेस्टियन को जानते हैं कि भारत में क्रिकेट मजहब से कम नहीं लेकिन उनका मानना है कि इसे दूसरे खेलों के अवरोधक के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि नीरज चोपड़ा जैसे चैम्पियन पैदा करके दूसरे खेल क्रिकेट के दबदबे को तोड़ सकते हैं। अगले साल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार को पिछले दो दिन से भारत में हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करके भारतीय खेलों के विकास पर चर्चा की। खेलों की महाशक्ति बनने की भारत की क्षमता पर भरोसा जताते हुए चार बार के ओलंपिक पदक विजेता मध्यम दूरी के पूर्व धावक ने कहा , जब आपके पास ऐसा खिलाड़ी है जो ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीत रहा है तो इसके मायने हैं कि खेल सही दिशा में जा रहे हैं। उन्होंने पीटीआई को फोन पर दिए इंटरव्यू में कहा , जब आपके पास नीरज जैसा खिलाड़ी है तो आप दूसरे खेलों को अच्छी चुनौती दे सकते हैं। हमें पता है कि क्रिकेट यहां मजहब की तरह है। उन्होंने कहा , यह महत्वपूर्ण है कि भारत के पास जनता और प्रसारकों में लोकप्रिय खिलाड़ी हों। नीरज में यह गुण है। चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता। 68 वर्ष के को ने कहा , क्रिकेट को अवरोध नहीं मानना चाहिए क्योंकि हर देश में ऐसे खेल हैं जिनका दबदबा है। ब्रिटेन में फुटबॉल है लेकिन हमारे पास ट्रैक और फील्ड में भी शानदार टीम है। जो है उसे स्वीकार करना होगा। आप यह सोचकर ही नहीं बैठ सकते कि भारत में क्रिकेट या फुटबॉल या कोई और खेल मजबूत है। यह सोचकर हार नहीं मानी जा सकती। उन्होंने कहा , आपको अधिक प्रयोगधर्मी होना होगा , रचनात्मक भी। खेलों का परिदृश्य काफी प्रतिस्पर्धी है। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , मैं आपसी बातचीत का खुलासा नहीं करूंगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।